CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMFP User: cci Time: 01-18-2026 23:06 Color:

महानगर > मुंबई > सोमवार, 19 जनवरी 2026 > पौष 30 शक संवत 1947 माघ शुक्ल प्रतिपदा, विक्रम संवत 2082 WATCH GOD WATCHDOG वर्ष 77, संख्या 16 > मूल्य ₹5.00 > पेज 10 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57 www.nbt.in

# NBT नवभारत टाइम्स



तादु अबाते (इथियोपिया) एलीट मेंस ओवरऑल 2:09:55 पुरस्कार ₹45 लाख



येशी चेकोले (इथियोपिया) एलीट विमिंस ओवरऑल 2:25:13 पुरस्कार ₹45 लाख



Kaushik Naik

## पहली बार 65 हजार से अधिक धावकों ने मुंबई मैराथन में दौड़कर रचा इतिहास

# दिल से दौड़ी मुंबई

### पहले ही प्रयास में 42 किमी की रेस जीती


एलीट भारतीय पुरुष रनर्स में मुंबई में पले-बढ़े और नासिक में बतौर डॉक्टर कार्य करने वाले कार्तिक करकेरा ने सबको चौंकाते हुए पहले ही प्रयास में 42 किलोमीटर की रेस जीत ली। महिलाओं में संजीवनी जाधव ने लगातार 2 बार की चैंपियन निरमा बेन ठाकोर को पीछे छोड़कर रेस जीत ली। कार्तिक और संजीवनी ने 5-5 लाख रुपये का पुरस्कार जीता।



एलीट मेंस इंडियन कार्तिक करकेरा 2:19:55 पुरस्कार ₹5 लाख



एलीट विमिंस इंडियन संजीवनी जाधव 2:49:02 पुरस्कार ₹5 लाख



मैराथन में महात्मा

Bhavin.Pandya@timesofindia.com

■ मुंबई : जब सड़कों पर रोजमर्रा की भागदौड़ शुरू भी नहीं हुई थी, तब तड़के 5 बजे मुंबई ने दौड़ना शुरू कर दिया था। सूरज के उगने से पहले, समंदर से होकर आने वाली ठंडी हवा के बीच हजारों कदमों की थाप ने शहर की खामोशी तोड़ दी। मुंबई मैराथन की शुरुआत के साथ ही यह साफ हो गया कि यह दौड़ सिर्फ वक्त और दूरी की नहीं, बल्कि जज्बे, जिद और जज्बातों की है। नए कोस्टल रोड और बांद्रा-वर्ली सी लिंक की इनक्लाइन (चढ़ाव/ढलान) ने धावकों की रणनीति और शारीरिक क्षमताओं की कड़ी परीक्षा ली।

मुंबई मैराथन में करीब 65 हजार रनर्स ने भाग लिया, जो कि अब तक की सबसे अधिक संख्या है। विश्व एथलेटिक्स रोड रेस गोल्ड लेबल दर्जे वाली इस मैराथन की 42 किमी रेस में एक बार फिर इथियोपियाई धावकों का दबदबा रहा। एलीट पुरुष वर्ग में तादु अबाते ने 2 घंटे 9 मिनट 55 सेकंड में रेस जीतकर ओवरऑल खिताब अपने नाम किया, जबकि महिला वर्ग में येशी चेकोले 2:25:13 समय में विजेता बनीं। दोनों ने 50,000-50,000 डॉलर (करीब 45 लाख रुपये) का पुरस्कार जीता। ▸▸पेज 2







खबरों के अंदर की बात NBT Lens देखें पेज 8

GOOD न्यूज गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज-7

### अंतर्ज्ञान

संबंध तब टूटते हैं, जब हम दूसरे को व्यक्ति नहीं, अपेक्षाओं का स्रोत समझने लगते हैं। कोई भी इंसान हमारी इच्छाओं का यंत्र नहीं है। संबंध पवित्र तभी रहते हैं, जब दोनों एक-दूसरे की आत्मा को सम्मान देते हैं। किसी को बदलने की कोशिश मत कीजिए। स्वीकार कीजिए, समझिए, सुनिए। रिश्ते मरते नहीं, हम उन्हें अनसुना कर-करके मार देते हैं। जो संबंध आत्मा की भाषा में पनपते हैं, वे टूटते नहीं, बदलते हैं। संबंधों को सुरक्षित रखने का मंत्र है - संवेदनशीलता और संवाद। दिल वहां पनपता है, जहां उसे जगह मिलती है। जो संबंध ईमानदारी और स्वतंत्रता पर टिके हों, वे समय की कसौटी पर भी अमर रहते हैं।

# अब उद्धव सेना के 15 नॉट रीचेबल!

## नगरसेवकों को एक करने में जुटीं पार्टियां

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

बीएमसी चुनाव में बीजेपी 89 सीटें जीत कर सबसे बड़ी पार्टी बनी है, लेकिन मेयर किस दल का बनेगा, इसको लेकर सस्पेंस बरकरार है। वहीं, हॉर्स ट्रेडिंग के डर से राजनीतिक दलों ने अपने-अपने नगरसेवकों को एकजुट रखने में पूरा जोर लगा दिया है। जहां उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार से ही अपने 29 नगरसेवकों को बांद्रा में एक होटल में रखा और उनसे मिलकर उन्हें संबोधित किया, वहीं रविवार को उद्धव सेना के 15 नगरसेवकों का मोबाइल फोन नॉट रीचेबल आया, जिसके बाद राजनीतिक गलियारों में हॉर्स ट्रेडिंग की चर्चाओं ने जोर पकड़ा।

रविवार को उद्धव सेना के संजय राउत ने कहा कि महापौर शिंदे सेना या ठाकरे बंधुओं का हो, बस बीजेपी का न हो, यह सभी की भावना है। मेयर को लेकर जारी सस्पेंस के बीच बीजेपी के एक नेता ने दावा किया कि महायुति का ही मेयर बनेगा। वहीं, मुख्यमंत्री दावोस पहुंच गए हैं। वे 23 जनवरी को वापस लौटेंगे। उसके बाद ही मेयर पद पर कोई निर्णय संभव है।



एकनाथ शिंदे रविवार को अपनी पार्टी के नगरसेवकों से मिलने होटल पहुंचे।

### होटल पॉलिटिक्स ने बढ़ाया सस्पेंस

उद्धव ने यह कहकर सस्पेंस बढ़ा दिया है कि अगर 'भगवान' चाहेंगे, तो मुंबई का मेयर शिवसेना का होगा। कहा जा रहा है कि शिंदे के कुछ नगरसेवकों ने मातोश्री से संपर्क किया था। जिसके बाद अलर्ट होते हुए शिंदे सेना ने होटल पॉलिटिक्स शुरू की। खबर है कि शिंदे ने रविवार को होटल में अपने नगरसेवकों को संबोधित किया। वहीं, शिंदे सेना की मंत्री शीतल म्हात्रे ने कहा कि किसी की पीठ में छुरा घोंपने की हमारी परंपरा नहीं है। जनता ने महायुति को जनमत दिया है और हमारा ही महापौर बनेगा। हमारे 29 में से 20 नगरसेवक ऐसे हैं, जो पहली बार चुनाव जीते हैं। उन्हें कैसे कामकाज करना है, इसका प्रशिक्षण देने के लिए होटल में ठहराया गया है। हमें होटल पॉलिटिक्स करने की जरूरत नहीं है।

### AIMIM के नगरसेवकों की बैठक, मिली नसीहत



असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने मुंबई में 8 सीटों पर जीत दर्ज की है। रविवार को पार्टी नेताओं ने सभी नवनिर्वाचित नगरसेवकों के साथ बैठक की और रणनीति पर चर्चा की। पार्टी के एक नगरसेवक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि उन्हें किसी दबाव या लालच से दूर रहने और पार्टी लाइन पर बने रहने की सलाह दी गई है। जबकि 24 सीटें जीतने वाली कांग्रेस के बड़े नेता भी लगातार अपने नगरसेवकों के साथ संपर्क में हैं।

### नगरसेवकों से संपर्क के कई तरीके हैं: संजय राउत



सूत्रों के मुताबिक, उद्धव ठाकरे के कुछ नगरसेवक एकनाथ शिंदे के संपर्क में हैं। इस खबर ने राजनीतिक गलियारों में हलचल पैदा कर दी है। मुंबई में फूट की राजनीति फिर से देखने मिल सकती है। वहीं, इसके उलट उद्धव सेना के संजय राउत ने कहा कि शिंदे के नगरसेवक असल में शिवसैनिक हैं। उनके मन में मराठी पहचान की मशाल अभी भी जल रही है। सबकी एक राय है कि बीजेपी के मेयर को मुंबई में नहीं बैठने देना चाहिए। भले ही नगर सेवकों को होटल में बंद कर दिया हो, लेकिन हमारे पास उनसे संपर्क करने के कई तरीके हैं।

# बंगाल चाहता है महाजंगल राज खत्म हो:PM

■ पीटीआई, सिंगुर: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के सिंगुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हर कोई 15 वर्ष के 'महाजंगल राज' को खत्म करना चाहता है। अभी-अभी बीजेपी और एनडीए ने बिहार में जंगलराज को एक बार फिर से रोका है। अब पश्चिम बंगाल भी टीएमसी के महाजंगलराज को विदा करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, 'तृणमूल कांग्रेस राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ कर रही है। वे घुसपैठियों को संरक्षण देने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वे उन्हें अपना वोट बैंक मानते हैं।' उन्होंने कहा कि राज्य में फर्जी दस्तावेजों से रह रहे अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें उनके देशों में वापस भेजना होगा।

बोले, TMC राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रही

PTI




पीएम मोदी ने दो अमृत भारत ट्रेन को डिजिटली हरी झंडी दिखाई।

### सीमा पर बाड़ का मुद्दा भी उठाया

मोदी ने आरोप लगाया कि पिछले कई वर्षों से केंद्र सरकार सीमा पर बाड़ लगाने के लिए जमीन की मांग करते हुए तृणमूल सरकार को पत्र लिख रही है, लेकिन राज्य सरकार ने कुछ नहीं किया। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस बंगाल में घुसपैठियों को बसाने में मदद करने वाले समूहों का समर्थन करती है। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी सरकार राज्य से अवैध प्रवासियों को बाहर करेगी।

### वोटिंग में इस्तेमाल स्याही की होगी जांच



Vijay.Pandey1@timesofindia.com

■ मुंबई: मनपा चुनाव में वोटर्स की अंगुली पर मार्कर से स्याही लगाने का मामला थम नहीं रहा है। स्याही के मिटने पर मचे बवाल के बाद राज्य चुनाव आयोग ने इसकी जांच कराने का फैसला किया है।

मार्कर की स्याही मिटने का मामला, जल्द आएगी रिपोर्ट

बता दें कि चुनाव के दिन ऐसे कई विडियो वायरल हुए, जिनमें वोटर्स ने स्याही मिटने का कथित दावा किया था। इसके बाद विपक्ष ने भी इस मुद्दे पर सवाल उठाए। हालांकि, चुनाव आयोग ने स्पष्ट कर दिया था कि वोट देने से पहले कई जांच होती हैं, इसलिए दो बार वोट देना संभव नहीं है। चुनाव आयोग ने मार्कर में लगी स्याही की गुणवत्ता को केंद्र सरकार के लैब में जांच कराने का फैसला किया है। जिससे सप्लायर द्वारा मार्कर देते समय गुणवत्ता के सर्टिफिकेट को वेरिफाई किया जा सकेगा। एक अधिकारी ने बताया कि हम लैब से इसकी जांच कराएंगे कि सर्टिफिकेट के अनुसार सप्लाई हुई है या नहीं। बिना उपयोग वाले मार्कर को अलग-अलग मनपाओं से लेकर उसका सैंपल भेजा जाएगा। अगले 10 दिनों में इसकी रिपोर्ट आने की उम्मीद है।

# ग्रीनलैंड में ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे हजारों लोग

■ एपी, नूक

ग्रीनलैंड में अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के विरोध में शनिवार को हजारों लोग सड़कों पर उतर आए। लोगों ने ट्रंप के ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर दिए बयानों पर नाराजगी जताई। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रीय ध्वज लहराए और 'ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है' के नारे लगाए। ट्रंप ने यूरोपीय देशों से आने वाले कुछ उत्पादों पर फरवरी से 10% टैरिफ लगाने की घोषणा की। यूरोपीय नेताओं ने कहा इस फैसले से तनाव बढ़ेगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यह कदम अमेरिका-यूरोप संबंधों को कमजोर कर सकता है और एक 'खतरनाक नकारात्मक चक्र' को जन्म दे सकता है।

बता दें कि ट्रंप ने शनिवार को घोषणा की थी कि डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और फिनलैंड पर 10% आयात शुल्क लगाया जाएगा। नाटो गठबंधन में शामिल डेनमार्क के अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र ग्रीनलैंड को ट्रंप अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए अहम मानते हैं और वह लगातार इसका नियंत्रण लेने की बात करते रहे हैं। ▸▸पेज 10



### बातचीत के लिए दबाव की रणनीति!


विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका की शुल्क लगाने की यह घोषणा डेनमार्क और अन्य यूरोपीय देशों को ग्रीनलैंड के दर्जे पर बातचीत के लिए दबाव में लाने की रणनीति हो सकती है। यह घोषणा ऐसे समय में आई जब ग्रीनलैंड के हजारों निवासी नूक में अमेरिकी वाणिज्य दूतावास के बाहर विरोध कर रहे थे। हाल में कई यूरोपीय देशों ने ग्रीनलैंड में सैनिक भी भेजे हैं, जिनका उद्देश्य आर्कटिक क्षेत्र में सुरक्षा प्रशिक्षण बताया गया है।

### भारतीयों के AI खर्च क्यों उठाएं: US

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के ट्रेड अडवाइजर पीटर नवारो ने सवाल उठाया कि जब आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) जैसे ChatGPT अमेरिका से ऑपरेट होता है, तो भारतीय यूजर्स के लिए इसका खर्च अमेरिकी क्यों उठाएं? TOI के अनुसार, नवारो ने कहा कि ज्यादातर AI प्लैटफॉर्म अमेरिका में बनाए जाते हैं, लेकिन उनकी सर्विस भारत सहित दूसरे देशों में दी जा रही है।

### फटाफट खबरें

#### बीजेपी नेता राज पुरोहित का निधन



बीजेपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री राज के. पुरोहित का बीमारी के कारण रविवार को 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनका राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। तीन दशकों तक मुंबई की राजनीति में सक्रिय रहे राज पुरोहित प्रवासी और किरायेदारों के मसीहा माने जाते थे। वह मुंबई में उत्तर भारतीय समुदायों के मुद्दे को जोर-शोर से उठाने के लिए जाने जाते थे। उनके निधन पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और अन्य नेताओं ने शोक व्यक्त किया। ▸▸पेज 3

#### J&K में आतंकी मुठभेड़ में 3 जवान घायल

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को आतंकियों के साथ हुई मुठभेड़ में तीन जवान घायल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, सेना की जम्मू स्थित व्हाइट नाइट कॉर्प्स द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान 'ऑपरेशन त्राशी-I' दोपहर के आसपास शुरू हुआ। संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान चतरू के सोनार इलाके में सुरक्षा बलों का आतंकियों से सामना हुआ। सेना ने बताया कि तलाशी दल पर दो से तीन आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग की और घेराबंदी तोड़ने के लिए ग्रेनेड भी फेंके।

### मौसम


| | | |
|---|---|---|
| कोलाबा | 29.0 | 20.4 |
| सांताक्रूज | 27.5 | 18.4 |
| सूर्यास्त सोमवार | 6:24 बजे | |
| सूर्योदय मंगलवार | 7:15 बजे | |

NBT सड़क व रेल की खास सेवा शुल्क ... रुपया मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिले के बाहर।

**नाराजगी** प्रयागराज माघ मेले में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अनुयायियों के साथ धक्का-मुक्की, धरने पर बैठे

# शंकराचार्य का काफिला रोका, नहीं किया स्नान

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज: माघ मेले में मौनी अमावस्या स्नान के लिए जा रहे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के काफिले को प्रयागराज के संगम घाट से पहले ही रोक लिया गया। इसे लेकर पुलिस और शंकराचार्य के शिष्यों के बीच धक्का-मुक्की हुई। शंकराचार्य की पालकी (रथ) को भी पुलिस ने हटा दिया। इसके बाद पुलिस पर साधु-संतों के साथ मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाते हुए शंकराचार्य धरने पर बैठ गए। उन्होंने मौनी अमावस्या के स्नान का बहिष्कार किया।



शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती

उधर, पुलिस का कहना था कि जुलूस के साथ संगम तट तक जाने की अनुमति नहीं है। SP प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल उठाया कि साधु-संतों के साथ ऐसी घटनाएं BJP की सरकार में ही क्यों हो रही हैं।



प्रयागराज में माघ मेला 800 हेक्टेयर के क्षेत्र में सात सेक्टरों में लगाया गया है।

### माघ मेले में 3 करोड़ से अधिक ने लगाई डुबकी

माघ मेले में मौनी अमावस्या के मौके पर रविवार को करीब 3.15 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में पवित्र डुबकी लगाई। अधिकारियों के अनुसार, श्रद्धालु शनिवार आधी रात से ही घने कोहरे के बावजूद घाटों पर पहुंचने लगे थे। रविवार सुबह तक हर दिशा से लोगों का आना जारी रहा। एक सीनियर मेला अधिकारी ने बताया कि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सुबह हेलिकॉप्टर से श्रद्धालुओं पर फूल भी बरसाए गए। श्रद्धालुओं को सही रास्ता दिखाने के लिए मेला प्रशासन ने खंभों पर 'रिफ्लेक्टिव टेप' लगाए हैं और नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों ने भी श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन किया। बता दें कि इससे पहले, मकर संक्रांति पर लगभग 1.03 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया था।

# जबलपुर में तेज़ रफ्तार कार ने 13 लोगों को रौंदा

■ पीटीआई, जबलपुर: मध्य प्रदेश के जबलपुर में रविवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने सड़क निर्माण में जुटी 13 महिला मजदूरों को कुचल दिया। हादसे में दो की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 11 घायल हैं। एक घायल की हालत गंभीर है। पुलिस ने बताया कि 24 से ज्यादा मजदूर काम करने के बाद खाना खा रहे थे। इसी दौरान बिना नंबर प्लेट की कार मजदूरों को रौंदते हुए फरार हो गई।



### ड्राइवर ने नहीं की कार की स्पीड धीमी

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार चालक ने बिना गति धीमी किए मजदूरों के समूह को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया, जिससे अफरा-तफरी और चीख-पुकार मच गई। मृतकों में शामिल दोनों महिलाएं मंडला जिले के बिजादंडी पुलिस थाना क्षेत्र की निवासी थीं और जबलपुर क्षेत्र में मजदूर के रूप में डेरा डाले हुए थीं। पुलिस ने आरोपी ड्राइवर की तलाश शुरू कर दी है।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMIND User: cci Time: 01-18-2026 22:40 Color:



## NBT AI टाइम मशीन

### आज त्रिपुरा मना रहा Kokborok Day

आज कोकबोरोक डे (Kokborok Day) है। आज ही के दिन 1979 में कोकबोरोक को त्रिपुरा की आधिकारिक भाषा का दर्जा मिला था। 'कोक' का मतलब है भाषा और 'बोरोक' का मतलब है लोग। यह दिन त्रिपुरा के ट्राइबल समुदायों की पहचान और प्राचीन संस्कृति का प्रतीक है। दिलचस्प बात यह है कि कोकबोरोक भाषा का संबंध तिब्बती-बर्मी भाषा परिवार से है, जो इसे भारत की अन्य भाषाओं से अलग और खास बनाती है।

# NBT



### भाषाओं के संरक्षण में AI होगा अहम

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में भारतीय लोकल और ट्राइबल भाषाओं के संरक्षण में आधुनिक तकनीक अहम भूमिका निभाएगी। AI, डिजिटल आर्काइव और स्पीच-टू-टेक्स्ट जैसी तकनीकें इन भाषाओं की बोलचाल, लोककथाओं और ज्ञान परंपराओं को सुरक्षित करेंगी। भाषा-लर्निंग ऐप्स, डिजिटल शिक्षा और सोशल मीडिया इन्हें नई पीढ़ी से जोड़ेंगे। तकनीक भाषाओं को सिर्फ संरक्षित नहीं करेगी, बल्कि फिर से संवाद, शिक्षा और पहचान की जीवित भाषा बनाने में मदद करेगी।



AI Images

## SPEED News


**बांग्लादेश के गाजीपुर में केले के विवाद में** हिंदू कारोबारी की पीट-पीटकर हत्या में 3 लोगों को हिरासत में लिया गया है। शनिवार को हुई हत्या में पकड़े गए तीनों आरोपी एक ही परिवार के हैं।





**पाकिस्तान में पंजाब की CM मरियम नवाज** के बेटे जुनैद की शादी को लेकर विवाद हो रहा है। जुनैद की बीवी ने भारतीय डिजाइनर का डिजाइन किया आउटफिट पहना था।

**अमेरिका ने सीरिया में अल-कायदा के** आतंकी के मारे जाने का दावा किया है। मारा गया आतंकी सीरिया में घात लगाकर 3 अमेरिकियों की हत्या में शामिल था।





**सर्बिया में भ्रष्टाचार के खिलाफ हजारों छात्रों** का गुस्सा रविवार को फूट पड़ा। इन युवाओं ने सरकार विरोधी रैली निकालकर लड़ाई का ऐलान किया।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

# आ रहे दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस, भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी

## 1901 के बाद पहली बार हिमालयी क्षेत्र में सूखा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**ठंड और** शीतलहर से परेशान हैं तो तैयारी कर लें। दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आ रहे हैं। उनकी वजह से भारी बारिश और बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने कहा कि दिसंबर से जनवरी का यह ठंड का दौर हिमालय के लिए 1901 के बाद के सबसे शुष्क दौर में रहा है। एक मजबूत वेस्टर्न डिस्टर्बेंस शुष्क ठंड के इस दौर को खत्म कर सकता है। अगले हफ्ते पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में लगातार दो वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय हो रहे हैं। इनकी वजह से 23 जनवरी को कुछ जगहों पर भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 22 से 24 जनवरी के दौरान उत्तर पश्चिमी भारत के के मैदानी इलाकों में भी बारिश की संभावना है।

**22 से 24 जनवरी तक दिल्ली में भी हो सकती है बारिश**

मौसम विभाग के अनुसार, दिसंबर से जनवरी में उत्तराखंड में बिल्कुल बारिश नहीं हुई है। हिमाचल प्रदेश में 1901 के बाद से दिसंबर में छठी बार सबसे कम बारिश हुई। वहीं, जम्मू-कश्मीर में बारिश और बर्फबारी दोनों ही कम हुई है। इसी वजह से मौसमी बारिश को लेकर बढ़ती अनिश्चितता, जल सुरक्षा, वन अग्नि की संवेदनशीलता और कृषि उत्पादकता को लेकर चिंताएं बढ़ रही हैं। इंटरनैशनल सेंटर ऑफ इंटिग्रेटेड माउंटेन डिवेलपमेंट (ICIMOD) के सैटलाइट डेटा बता रहे हैं कि हिमालय में बीते दो दशकों की सबसे कम बर्फबारी हुई है। बीते 23 सालों में ऐसा कमजोर स्नो सीजन नहीं दिखा। एक्सपर्ट के अनुसार, धरती का तापमान ऐसे ही बढ़ता रहा तो बर्फबारी का मौसम और छोटा होगा।



जम्मू कश्मीर के हिल स्टेशन गुलमर्ग में 4 जनवरी को हुई थी बर्फबारी।

### हिमाचल-उत्तराखंड में बर्फबारी का अनुमान

मौसम विभाग के अनुसार, 21 जनवरी तक जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश व बर्फबारी का अनुमान है। 22 से 24 जनवरी के दौरान काफी बड़े इलाके में बारिश और बर्फबारी होगी। 23 और 24 जनवरी को उत्तराखंड के काफी बड़े हिस्से में बारिश की संभावना है। 23 जनवरी को सबसे अधिक बर्फबारी हो सकती है। इस दौरान 22 से 24 जनवरी तक पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश और राजस्थान में कहीं कहीं हल्की से मध्यम बारिश होने का अनुमान है। इस दौरान गरज के साथ दिल्ली में भी बारिश के आसार बन रहे हैं।

### देरी से बर्फबारी के गंभीर परिणाम

देरी से बर्फबारी होने का ग्लेशियरों, नदियों और जलप्रवाहों पर असर पड़ रहा है। दिसंबर और जनवरी के शुरुआती दिनों में गिरने वाली बर्फ लंबे समय तक कम तापमान की वजह से जमी रहती है। इसलिए यह धरती को लंबे समय तक नम रखती है। इसकी वजह से नदियों और पानी में प्रवाह धीरे धीरे बढ़ता है। लेकिन जनवरी के अंत, फरवरी और मार्च में उच्च तापमान की वजह से बर्फ जल्दी पिघलती है और सतह को अधिक देर तक नम नहीं रखती। यह जल्दी पानी बनकर बहने लगती है और प्रवाह बढ़ाती है।

# ग्रीनलैंड में ट्रंप का विरोध, यूरोपीय देश बोले- ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी

■ एपी, नूक (ग्रीनलैंड)

**ग्रीनलैंड की** राजधानी नूक (NUUK) में शनिवार को हजारों लोग बर्फ से ढंकी सड़कों मार्च करते दिखे। यह मार्च ग्रीनलैंड पर कब्जे को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के बयान के खिलाफ था। रणनीतिक और खनिज संपन्न आर्कटिक द्वीप ग्रीनलैंड पर अमेरिका ने कंट्रोल की बात दोहराई थी। प्रदर्शनकारियों ने ग्रीनलैंड का राष्ट्रीय झंडा लहराया, हाथों में तख्तियां उठाई और नारे लगाए- 'ग्रीनलैंड बिकाऊ नहीं है।' यह मार्च नूक के छोटे से डाउनटाउन इलाके से शुरू होकर करीब 2 किमी दूर अमेरिकी वाणिज्य दूतावास तक गया। जैसे ही मार्च खत्म हुआ, फ्लोरिडा से ट्रंप ने ऐलान किया कि फरवरी से वह 8 यूरोपीय देशों से आने वाले सामान पर 10% का टैरिफ लगाएंगे। ये 8 देश ग्रीनलैंड पर अमेरिकी नियंत्रण का विरोध कर रहे हैं। यूरोपीय देशों ने कहा कि टैरिफ की ब्लैकमेलिंग नहीं चलेगी।

मार्च में शामिल 21 साल की ग्रीनलैंड निवासी मलिक डोलरप शाइबेल ने कहा कि उन्हें लग था कि इससे ज्यादा हालात खराब नहीं हो सकता, लेकिन ट्रंप के टैरिफ का ऐलान हालात को और बिगाड़ने वाला है। शाइबेल ने कहा, यह दिखाता है कि ट्रंप को इंसानी भावनाओं की कोई परवाह नहीं है। ग्रीनलैंड के प्रधानमंत्री जेन्स फ्रेडरिक नील्सन (Jens Frederik Nielsen) भी इस प्रदर्शन में शामिल हुए। आयोजकों के मुताबिक, यह नूक के इतिहास का सबसे बड़ा विरोध प्रदर्शन था, जिसमें शहर की लगभग एक चौथाई आबादी शामिल हुई। इसके अलावा डेनमार्क की राजधानी कोपेनहेगन और कनाडा के नुनावुत (Nunavut) में भी एकजुटता रैलियां निकाली गईं।



AP

**'इतिहास का सबसे बड़ा प्रदर्शन':** ग्रीनलैंड की राजधानी नूक में लोगों ने कहा- हमारा देश बिकाऊ नहीं, हजारों लोग प्रदर्शन में हिस्सा लेने के लिए अपने बच्चों के साथ पहुंचे, फिर 2 किमी दूर US दूतावास तक मार्च किया

### यूरोप के 8 देशों पर ट्रंप का 10% टैरिफ

ट्रंप ने यूरोप के 8 देशों पर 10% टैरिफ लगा दिया है। ये देश ग्रीनलैंड पर अमेरिका के कब्जे की धमकी का विरोध कर रहे थे। ट्रंप ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि डेनमार्क, नॉर्वे, स्वीडन, फ्रांस, जर्मनी, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड और फिनलैंड टैरिफ के दायरे में आएंगे। इन पर 1 फरवरी से टैरिफ लागू होगा। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ग्रीनलैंड को लेकर अमेरिका के साथ कोई समझौता नहीं होता है, तो 1 जून से यह टैरिफ बढ़ाकर 25% कर दिया जाएगा।

### टैरिफ पर यूरोपीय देश बोले, धमकियों की जगह नहीं

■ एपी, कोपेनहेगन (डेनमार्क): 8 यूरोपीय देशों पर टैरिफ के मामले में ट्रंप का कहना है कि 10% का ये टैरिफ ग्रीनलैंड में यूरोपीय देशों की प्रतीकात्मक सैन्य तैनाती के जवाब में लगाए जाएंगे, जबकि यूरोपीय देशों का तर्क है कि यह कदम आर्कटिक क्षेत्र की सुरक्षा मजबूत करने के लिए उठाया गया था। डेनमार्क के विदेश मंत्री लार्स लोके रासमुसेन ने कहा कि आर्कटिक अब कम तनाव वाला क्षेत्र नहीं रहा है और इसी कारण नाटो साझेदार मिलकर पारदर्शिता के साथ सुरक्षा बढ़ा रहे हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गाहर स्टोरे ने कहा कि सहयोगियों के बीच धमकियों की कोई जगह नहीं है। स्वीडन के पीएम उल्फ क्रिस्टरसन ने टैरिफ धमकी को ब्लैकमेल करार देते हुए कहा कि यह सिर्फ कुछ देशों का नहीं बल्कि पूरे यूरोपीय संघ का मुद्दा है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि किसी भी तरह की धमकी या दबाव, चाहे वह यूक्रेन हो या ग्रीनलैंड, स्वीकार्य नहीं है और टैरिफ की धमकियों का इस संदर्भ में कोई स्थान नहीं है। जर्मनी की संघीय सरकार ने कहा कि वह यूरोपीय साझेदारों के साथ करीबी समन्वय में है और सही समय पर उचित प्रतिक्रिया तय की जाएगी। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने कहा कि ग्रीनलैंड का भविष्य ग्रीनलैंडवासियों और डेनमार्क का विषय है। नाटो की सामूहिक सुरक्षा के लिए उठाए गए कदमों पर सहयोगियों पर टैरिफ लगाना पूरी तरह गलत है। नीदरलैंड्स के विदेश मंत्री डेविड वान वील ने कहा कि व्यापार से असंबंधित मामलों में टैरिफ का इस्तेमाल अनुचित है और संवाद होना चाहिए, दबाव नहीं।

**गैर व्यापारिक मामलों में टैरिफ लगाना अनुचित है: नीदरलैंड्स**



**प्रदर्शन को** ग्रीनलैंड ने ऐतिहासिक बताया है, कहा कि शहर की एक चौथाई आबादी इसमें शामिल होने पहुंची थी।

# गाज़ा पर ट्रंप के 'पीस बोर्ड' में तुर्किये और कतर तो नाराज़ हुआ इस्राइल



AP

गाजा में मृतकों के शव ढूंढने में लगी हैं एजेंसियां

■ एपी, वॉशिंगटन

**अमेरिका के** राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के प्रस्तावित 'बोर्ड ऑफ पीस' में तुर्किये और कतर के शामिल कराने पर इस्राइल ने नाराजगी जताई है। वहीं, अब सिर्फ गाजा में इस्राइल-हमास युद्ध तक यह बोर्ड सीमित नहीं रहने वाला है। यह बोर्ड धीरे-धीरे एक ऐसे वैश्विक मंच के रूप में आकार ले रहा है, जिसका मकसद बड़े संघर्षों को सुलझाना भी हो सकता है। एक्सपर्ट इसे UN के विकल्प के रूप में देख रहे हैं, जिससे द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने अंतरराष्ट्रीय ढांचे में बड़ा बदलाव आ सकता है।

गाजा में अगले कदमों की निगरानी के लिए बनाए गए एग्जिक्यूटिव बोर्ड में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ, अपोलो ग्लोबल मैनेजमेंट के सीईओ मार्क रोवन, ब्रिटेन के पूर्व पीएम टोनी ब्लेयर और विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा शामिल हैं। बोर्ड ऑफ पीस की औपचारिक घोषणा स्विट्जरलैंड के दावोस में होने वाली वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम बैठक के दौरान किए जाने की संभावना है। ट्रंप ने दुनिया के कई नेताओं को पत्र भेजकर उन्हें इस बोर्ड का संस्थापक सदस्य बनने का न्योता दिया है।

### पाकिस्तान ने कहा, हमें भी पत्र मिला है

जिन अन्य नेताओं को निमंत्रण भेजे जाने की पुष्टि हुई है, उनमें कनाडा के पीएम मार्क कार्नी, इजिप्ट के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी और तुर्किये के राष्ट्रपति रेसेप तैयप अर्दोआन शामिल हैं। पाकिस्तान ने पीएम शहबाज शरीफ को भी इस बोर्ड में शामिल होने का पत्र मिला है।

### इस्राइली पीएम ने बुलाई मीटिंग

इस्राइल के पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने गाजा को लेकर बने पैनल पर आपत्ति जताने के बाद रविवार को अपनी सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार की बैठक बुलाई। नेतन्याहू कार्यालय ने कहा कि बोर्ड की संरचना इस्राइल से परामर्श किए बिना तय की गई है और यह नीति के विपरीत है।



## नोएडाः गड्ढे में गिरी कार, एक की मौत

Shyam.Vir@timesofindia.com

■ नोएडा: नोएडा सेक्टर-150 में बन रही मॉल के बेसमेंट के लिए खोदे गए गड्ढे में कार समेत गिर जाने से 27 साल के सॉफ्टवेयर इंजिनियर युवराज मेहता की मौत हो गई। हादसा शुक्रवार रात करीब 12 बजे हुआ। कार नाले की टूटी बाउंड्रीवॉल को पार करते हुए पानी भरे गड्ढे में जा गिरी थी। इंजिनियर मोबाइल का फ्लैश ऑन कर ढाई घंटे तक मदद की गुहार लगाते रहे, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। पिता के सामने ही उनकी जान चली गई। इस मामले में रियल एस्टेट कंपनी एमजेड विशटाउन प्लैनर लिमिटेड और लोटस ग्रीन कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के अधिकारियों पर गैर-इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। इंजिनियर के पिता ने शनिवार को अथॉरिटी अधिकारियों पर भी लापरवाही का आरोप लगाया था।

युवराज के पिता राजकुमार मेहता ने कहा, 'बेटा जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष कर रहा था। हेल्प-हेल्प चिल्ला रहा था। ज्यादातर तमाशबीन थे। वे विडियो बना रहे थे। उनके बच्चे की जान चली गई। उचित संसाधन नहीं मिला। थोड़ा-सा सपोर्ट मिल जाता तो जान बच जाती। शुक्रवार देर रात 12 बजे की घटना थी और सुबह छह बजे बचाव शुरू हुआ। उसके एक घंटे बाद शव मिला। मौके पर अधिकारी सक्षम नहीं थे। उनके पास बोट भी नहीं थी, कोई तैराक नहीं था। देर रात ढाई बजे मोबाइल की लाइट दिखनी बंद हो गई। यह नोएडा अथॉरिटी की लापरवाही है।'

## कराची के मॉल में आग, छह की मौत

पाकिस्तान के कराची में मॉल में भीषण आग लगने से एक अग्निशमन कर्मी समेत छह लोगों की मौत हो गई। कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। बचाव कार्य कई घंटों से जारी है। शॉर्ट सर्किट आग लगने का कारण हो सकता है।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग का शूटर दबोचा

दिल्ली और राजस्थान पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े शूटर प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया गया। आरोपी राजस्थान में कारोबारी से रंगदारी मामले में वॉन्टेड था।

## 10 महीनों में 13 देशों के 18 पोर्ट तक पहुंचेगी भारतीय नेवी



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

**इंडियन नेवी** का सेल ट्रेनिंग शिप (पाल वाला जहाज) INS सुदर्शिनी 20 जनवरी को अपने फ्लैगशिप अभियान 'लोकायन-26' पर रवाना होगा। यह 10 महीने का ट्रांसओशेनिक अभियान है, यानी ये महासागरों को पार करते हुए जाएगा। इसके तहत INS सुदर्शिनी 22 हजार से अधिक नॉटिकल मील की यात्रा करते हुए 13 देशों के 18 बंदरगाहों पर जाएगा। इंडियन नेवी के प्रवक्ता कैप्टन विवेक मधवाल ने कहा कि यह अभियान भारत की समृद्ध समुद्री विरासत और 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को दुनिया के महासागरों तक ले जाएगा।

इस लंबी समुद्री यात्रा के दौरान INS सुदर्शिनी दो प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय टॉल-शिप आयोजनों में भी हिस्सा लेगा। इनमें फ्रांस के एस्केल आ सेते (Escale à Sète) और अमेरिका के न्यूयॉर्क में SAIL 250 शामिल हैं। इन आयोजनों में INS सुदर्शिनी भारत की गौरवशाली समुद्री परंपराओं का प्रतिनिधित्व करेगा। इस अभियान के दौरान इंडियन नेवी और इंडियन कोस्ट गार्ड के 200 से अधिक ट्रेनी गहन सेल ट्रेनिंग से गुजरेंगे यानी उन्हें पाल वाले जहाज की समुद्री यात्रा के बारे में व्यावहारिक जानकारियां दी जाएंगी। इसके साथ ही विभिन्न देशों की नेवी के ट्रेनी के साथ संवाद और जॉइंट एक्टिविटी के मौके भी मिलेंगे। जिससे पेशेवर आदान-प्रदान और आपसी मित्रता को बढ़ावा मिलेगा।

**'लोकायन-26' पर रवाना होगा नेवी का सेल ट्रेनिंग शिप**

**मित्र देशों के साथ ट्रेनिंग में भी लेगा हिस्सा:** INS सुदर्शिनी इस यात्रा के दौरान मित्र देशों की नेवी के साथ ट्रेनिंग इंटरेक्शन और समुद्री साझेदारी कार्यक्रमों में भी भाग लेगा। इंडियन नेवी के प्रवक्ता के मुताबिक यह पहल समुद्री सहयोग को मजबूत करने और MAHASAGAR के विजन को आगे बढ़ाने की दिशा में अहम है। लोकायन-26 सांस्कृतिक कूटनीति का सशक्त प्रतीक है। नेवी का दूसरा सेल ट्रेनिंग शिप INS सुदर्शिनी 1.40 लाख से अधिक नॉटिकल मील की यात्रा पूरी कर चुका है।

## ईरान में सुधर रहे हालात, बाजार खुले



■ एएफपी/एपी, दुबई: ईरान में हालिया राष्ट्रव्यापी प्रदर्शनों के बीच हालात अब सुधरने लगे हैं। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई ने कहा कि ईरान में तूफान छंट गया। स्कूल, कॉलेज और बाजार खुलने लगे हैं। खामेनेई ने ऐलान किया कि हम जीत गए हैं। इन सबके बीच जो विडियो और तस्वीरें सामने आई हैं, वे बड़े पैमाने पर मौतों की ओर इशारा कर रही हैं। कुछ रिपोर्ट में दावा किया गया कि 16,000 से अधिक लोगों की हत्या हुई है।

## इंडिगो पर जुर्माने के बाद नियामक संस्था DGCA की अब होगी जांच

Maneesh Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: पिछले साल 3 से 5 दिसंबर के बीच देशभर में इंडिगो की उड़ानों से जुड़ी दिक्कत में नियामक संस्था DGCA की जांच कमिटी ने भले ही इंडिगो पर 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा दिया हो, लेकिन अब DGCA की भी जांच होगी। नागर विमानन मंत्रालय ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए DGCA के इंटरनल सिस्टम की जांच के आदेश भी दिए हैं। इसका मकसद यह पता लगाना है कि DGCA के कामकाज में कहां-कहां कमियां हैं और उन्हें कैसे सुधारा जा सकता है।

**पर्याप्त पायलट से जुड़ी इंडिगो को राहत 10 फरवरी तक**



File

सूत्रों के मुताबिक, DGCA ने इंडिगो को फ्लाइट ड्यूटी टाइम लिमिट (FTL) के नए नियम लागू करने से 10 फरवरी तक की राहत दी थी। अब 11 फरवरी से इंडिगो को नए FTL नियमों के तहत ही अपने फ्लाइट ऑपरेशंस चलाने होंगे। इसे इंडिगो के लिए एक नई चुनौती माना जा रहा है। इससे पहले DGCA को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इंडिगो पूरी तरह तैयार है, ताकि दोबारा ऐसी स्थिति पैदा न हो। इस पूरे मामले को लेकर DGCA के अंदर भी सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि जब पिछले साल 1 नवंबर से FTL नियमों का दूसरा चरण लागू किया गया था, तब DGCA ने यह पहले से क्यों नहीं जांचा कि एयरलाइनों के पास पर्याप्त पायलट हैं या नहीं।

## US ने मिनिसोटा के लिए अलर्ट की सेना



■ NBT रिपोर्ट: अमेरिका के रक्षा मंत्रालय पेंटागन ने मिनिसोटा (Minnesota) के लिए करीब 1500 सैनिकों को अलर्ट पर रहने का निर्देश दिया है। रॉयटर्स के अनुसार, यह कदम डिपोर्टेशन नीतियों के खिलाफ चल रहे ट्रंप सरकार के खिलाफ चल रहे प्रदर्शनों की वजह से उठाया गया है। वॉशिंगटन पोस्ट ने रक्षा अधिकारियों के हवाले से बताया कि सेना ने सैनिकों को अलर्ट रहने के लिए कहा है।

**AI का दम** डॉक्टरों को तस्वीर देखकर रेटीना की बीमारी के डायग्नोसिस में लगे ढाई मिनट, ChatGPT ने 22 सेकंड में की पहचान

# डॉक्टर से पहले AI ने बता दी आंख में रेटीना की बीमारी

Hemwati.Rajaura1
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: एम्स रायबरेली की एक नई रिसर्च में सामने आया है कि आंखों की रेटीना से जुड़ी बीमारियों की पहचान में आज भी डॉक्टर सबसे ज्यादा भरोसेमंद हैं, लेकिन आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) टूल्स जैसे ChatGPT और Gemini भी तेजी से अपनी क्षमता साबित कर रहे हैं। यह अध्ययन आम लोगों के लिए इसलिए भी अहम है क्योंकि रेटीना की बीमारियां समय पर न पकड़ी जाएं तो अंधेपन तक का कारण बन सकती हैं।

इस रिसर्च में एम्स रायबरेली के नेत्र रोग विभाग ने 30 मरीजों के मामलों का अध्ययन किया। हर मरीज के लिए आंख की फंडस फोटो (रेटिना की तस्वीर) और बीमारी से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई। इन मामलों का आकलन तीन स्तरों पर किया गया, एक अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ (डॉक्टर), ChatGPT और Gemini। इसके बाद तीनों के नतीजों की तुलना विशेषज्ञों द्वारा तय किए गए सही डायग्नोसिस से की गई। रिसर्च के नतीजों में सबसे ज्यादा सटीकता डॉक्टरों की पाई गई। डॉक्टरों ने 30 में से करीब 29 मामलों में सही बीमारी की पहचान की, यानी उनकी सटीकता लगभग 97% रही। वहीं ChatGPT ने 90% मामलों में सही नतीजे दिए, जबकि Gemini की सटीकता 87% दर्ज की गई।



AI Image

**ChatGPT ने सबसे तेज रिजल्ट दिया:** समय के लिहाज से तस्वीर बिल्कुल उलट रही। ChatGPT को किसी केस का जवाब देने में औसतन सिर्फ 22 सेकंड लगे, जबकि Gemini ने करीब 26 सेकंड में परिणाम दे दिए। डॉक्टरों को हर मरीज को समझने और अंतिम निष्कर्ष तक पहुंचने में औसतन ढाई मिनट यानी लगभग 150 सेकंड का समय लगा। रिसर्च में यह भी सामने आया कि बीमारी को समझाकर बताने के मामले में डॉक्टर सबसे बेहतर रहे।

### किन बीमारियों को पकड़ने में सफल रहा

एम्स रायबरेली के नेत्र रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर एंबिका त्रिकल और उनकी टीम ने इस स्टडी के लिए 30 मरीजों के रेटीना के फंडस इमेज का इस्तेमाल किया। इनमें ChatGPT और Gemini ने डायबिटिक रेटिनोपैथी बीमारी को 100% सटीकता से पहचान लिया। इसके अलावा ऑप्टिक एट्रोफी, रेटिनल डिटैचमेंट, मायोपिक फंडस जैसी बीमारियों को भी पूरी सटीकता से पहचान लिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMCLAS User: cci Time: 01-18-2026 23:04 Color:





चार साल की देरी के बाद बीएमसी नगरसेवकों का चुनाव संपन्न हो गया है। उम्मीद की जा रही है कि अगले सप्ताह मेयर का चयन भी हो जाएगा। -p3


भिवंडी मनपा में बीजेपी का महापौर बनाने का सपना इस बार बनते-बनते टूटता हुआ नजर आ रहा है। यहां किसी दल को बहुमत नहीं मिला है। -p4




157
रहा मुंबई का AQI रविवार को, जो सेहत के लिए नुकसानदेह है।

28
अधिकतम तापमान दर्ज किया गया रविवार को। दिन में भी मौसम सुहाना रहा।

www.mumbai.nbt.in







kaushik Naik

किसी ने सेहत के लिए दौड़ लगाई, किसी ने सामाजिक सरोकारों के लिए

# मुंबईकरों का इश्क-ए-मैराथन



## जागरूकता के लिए दौड़ी जेन-Z

जेन-Z ने सामाजिक जिम्मेदारी का मजबूत उदाहरण पेश किया। मर्गी शाह (22) और ईश्वरी सोनी (20) ने ब्रेस्ट कैंसर के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से ड्रीम रन में हिस्सा लिया। दोनों फर्स्ट टाइम रनर थीं। उनका कहना था कि ब्रेस्ट कैंसर महिलाओं में तेजी से बढ़ती गंभीर बीमारी है, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण समय पर जांच नहीं हो पाती। युवाओं की भागीदारी से इस विषय पर बातचीत हो सकेगी। उन्होंने बताया कि उन्होंने मुंबई मैराथन में शामिल होकर एक सामाजिक मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाने का फैसला किया। दोनों का कहना है कि जेन-Z सिर्फ सोशल मीडिया तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज से जुड़े मुद्दों पर भी खुलकर आवाज उठा रही है।



मार्गी और ईश्वरी

■ **टीम एनबीटी, मुंबई:** अलग-अलग सपनों, अलग-अलग संदेशों और अपनी-अपनी जिद के साथ रविवार सुबह मुंबईकरों ने मुंबई मैराथन के ड्रीम रन में जमकर दौड़ लगाई। कोई फिट रहने के लिए दौड़ा, कोई सामाजिक उद्देश्य के साथ और कुछ प्रतिभागियों ने 'जस्ट फॉर फन' के लिए छह किलोमीटर की दौड़ पूरी की। ड्रीम रन में कुल 26,719 लोगों ने हिस्सा लिया, जिनमें 9,585 महिलाएं और 17,134 पुरुष शामिल थे। यह दौड़ सुबह 8.15 बजे शुरू हुई और दोपहर तक प्रतिभागी अपनी-अपनी सोच और संदेश के साथ ट्रैक पर दौड़ते रहे।

**धीरज नगर के 'द-ग्रुप' ने दिया हेल्थ-हंगर-हैप्पीनेस का संदेश: धीरज नगर के प्रसिद्ध 'द-ग्रुप' के 2 दर्जन सदस्यों ने लाल और सफेद रंग की पोशाक में हिस्सा लिया। ये सदस्य मुंबई की सड़कों पर दिल की सेहत और खुशहाली का संदेश दे रहे थे। ग्रुप का मानना था— दिल सही तो टेंशन नहीं।**

ग्रुप के सदस्य कैप्टन बख्शी ने बताया कि हर व्यक्ति को अपने दिल का ख्याल रखना चाहिए और खुश रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि वह चैरिटी के माध्यम से कम लागत पर हार्ट सर्जरी कराते हैं और आंखों व कैंसर से जुड़ी सेवाओं के जरिए भी लोगों की मदद करते हैं। टीम का कहना था कि मुंबई की रफ्तार कभी नहीं रुकती, इसलिए भागदौड़ के बीच खुशियों के लिए भी समय निकालना जरूरी है। ग्रुप का मूल मंत्र है—हेल्थ, हंगर और हैप्पीनेस।

## कोर्स रेकॉर्ड तोड़ नहीं सके देशी-विदेशी रनर्स

■ **मुंबई:** मुंबई मैराथन में कोर्स रेकॉर्ड तोड़ने पर विदेशी एलीट रनर को 15,000 डॉलर और भारतीय एलीट रनर को 2,00,000 रुपये बतौर बोनस मिलते हैं। इस बार कोर्स रेकॉर्ड (मैराथन इवेंट की किसी रेस कैटिगरी में रनर द्वारा निकाला गया अब तक का सबसे तेज समय) टूटने की उम्मीद थी, क्योंकि मौसम ठंडकभरा रहने वाला था। फिर भी कोई कोर्स रेकॉर्ड नहीं टूटा। इसकी एक वजह दरअसल यह रही कि फुल मैराथन और हाफ मैराथन के रूट में कोस्टल रोड को भी शामिल किया था, जो बांद्रा वर्ली सी लिंक और पेडर रोड फ्लाइओवर की तरह इनक्लाइन (चढ़ाव/ढलान) वाला है, जिससे अधिकांश एलीट रनर्स को एहसास हो गया था कि कोर्स रेकॉर्ड तोड़ना मुश्किल है, क्योंकि ऐसे रूट पर दौड़ने से मांसपेशियों और जोड़ों पर असमान दबाव पड़ता है। चढ़ाई में ज्यादा ताकत लगती है, जबकि उतराई में घुटनों पर झटके बढ़ते हैं। इससे ऊर्जा जल्दी खत्म होती है, पेस टूटता है और थकान व चोट का जोखिम बढ़ जाता है।

### कोर्स रेकॉर्ड तोड़ने पर कितना मिलता है पैसा

- विदेशी महिला और पुरुष रनर को 15-15 हजार डॉलर
- भारतीय महिला और पुरुष रनर को 2-2 रुपये



### किन धावकों के नाम है कोर्स रेकॉर्ड

फुल मैराथन की बात की जाए, तो एलीट पुरुषों की ओवरऑल कैटिगरी में इथियोपिया के हेली रैमी ने 2023 की मुंबई मैराथन में 2 घंटे, 7 मिनट और 32 सेकंड का समय निकालकर कोर्स रेकॉर्ड बनाया था। 2023 में ही एलीट महिलाओं की ओवरऑल कैटिगरी में इथियोपिया की अंचालेम हेमानोट ने 2 घंटे, 24 मिनट और 15 सेकंड में रेस पूरी कर कोर्स रेकॉर्ड अपने नाम किया था। फुल मैराथन में एलीट भारतीय पुरुष रनर द्वारा बनाया कोर्स रेकॉर्ड 2 घंटे, 15 मिनट और 48 सेकंड का है, जो नितेंद्र सिंह रावत ने 2016 में बनाया था। एलीट भारतीय महिला रनर द्वारा बनाया कोर्स रेकॉर्ड 2 घंटे, 34 मिनट और 56 सेकंड का है, जो सुधा सिंह ने 2019 में बनाया था।



## 'मैत्री' ने ट्राइबल बच्चों से दोस्ती का दिया संदेश

अमरावती जिले और महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा क्षेत्र में ट्राइबल बच्चों के लिए काम करने वाली संस्था मैत्री के आठ सदस्य बड़े-बड़े बैनरों के साथ दौड़े, जिन पर ट्राइबल बच्चों से दोस्ती का संदेश लिखा था। सदस्यों ने बताया कि वे पहले भी मुंबई मैराथन में हिस्सा ले चुके हैं और वहां से उन्हें अपने काम के लिए नई ऊर्जा मिलती है। संस्था की सदस्य लीनाता (49) ने बताया कि मैत्री 1997 से कोरकू जनजाति के बच्चों के लिए काम कर रही है। फंडरेजिंग के लिए आयरनमैन हर्षद पेनड़से दौड़ते हैं, जिनकी मेहनत से कई बच्चों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ पाया है। उनका कहना था कि शारीरिक और मानसिक रूप से फिट व्यक्ति लंबे समय तक समाज के लिए बेहतर काम कर सकता है।

## डब्बावालों ने की धावकों की मेहमाननवाज़ी

■ **मुंबई:** टाटा मुंबई मैराथन 2026 में इस बार एक अनोखा और दिल छू लेने वाला दृश्य देखने को मिला। धावकों को रिफ्रेशमेंट देने के लिए कोई फूड कंपनी नहीं, बल्कि मुंबई की पहचान डब्बेवाले मौजूद थे। पूरे जोश और उत्साह से भरे इन डब्बावालों के चेहरों पर सच्ची मुस्कान ने न सिर्फ धावकों का स्वागत किया, बल्कि मुंबई की संस्कृति और मराठी माणूस की भावना को भी जीवित कर दिया। एनबीटी से बातचीत में एक डब्बावाला रोहिदास मिडगे ने बताया कि उन्हें यह काम बेहद पसंद है। डब्बावालों की पारंपरिक वेशभूषा ने इस इवेंट में धावकों को आकर्षित किया। सफेद शर्ट-पैंट, सिर पर नेहरू टोपी और माथे पर तिलक लगाए वे दूर से पहचाने जा सकते थे।



## मैराथन में संस्कृत बचाने की दौड़




■ **मुंबई:** टाटा मुंबई मैराथन के ड्रीम रन में संस्कृत भाषा बचाने की अनोखी पुकार सुनाई दी। अनुराधा शराफ और उनके पति सुरेंद्र सराफ ने हाथों में संस्कृत भाषा बचाओ और सभी स्कूलों में संस्कृत अनिवार्य करो लिखे बैनर के साथ दौड़कर लोगों का ध्यान खींचा। एनबीटी से बातचीत में अनुराधा शराफ ने कहा कि रामायण, महाभारत, उपनिषद और पुराण जैसे ग्रंथ संस्कृत में लिखे गए हैं। नई पीढ़ी इसे समझने में असमर्थ है, क्योंकि स्कूलों में संस्कृत को अनिवार्य रूप से नहीं पढ़ाया जाता। उन्होंने संस्कृत को भारतीय संस्कृति की जड़ बताते हुए इसके संरक्षण की जरूरत पर जोर दिया।



## रेलवे के 150 कर्मचारियों ने लगाई दौड़

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई में आयोजित टाटा मुंबई मैराथन 2026 में पश्चिम रेलवे ने अपनी दमदार उपस्थिति से सबका ध्यान खींचा। राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में पश्चिम रेलवे के 150 अधिकारियों व कर्मचारियों की टीम ने एकजुट होकर दौड़ लगाई और फिटनेस, रेल सुरक्षा तथा जिम्मेदार नागरिकता का संदेश दिया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक विवेक कुमार गुप्ता ने टीम का नेतृत्व किया। उनके साथ कई वरिष्ठ अधिकारी भी मैराथन में शामिल हुए।

टीम में स्टेशन मास्टर, टिकट निरीक्षक, ट्रेन प्रबंधक, तकनीकी व ट्रैक कर्मी जैसे फ्रंटलाइन कर्मचारी शामिल थे। खास बात यह रही कि 50 कर्मचारी यूनिफॉर्म में दौड़े। टीम ने 'पटरी से दूर रहें-सुरक्षित रहें', 'रेल सुरक्षा के लिए दौड़' और 'मुंबई दौड़ती है क्योंकि हम दौड़ते हैं', जैसे नारे प्रदर्शित किए।



### फुल मैराथन में परिजन भी दौड़े, संदेश के साथ किया समर्थन



■ **NBT रिपोर्ट मुंबई:** 42 किलोमीटर की फुल मैराथन में भाग लेने वाले धावकों का समर्थन करने के लिए उनके परिजन ड्रीम रन में शामिल हुए और विभिन्न सामाजिक मुद्दों को उजागर किया। भावना पड़ाया ने महिला सशक्तिकरण का संदेश देते हुए नववारी साड़ी पहनकर दौड़ लगाई। गोवा से आए चार लोगों ने 'आई लव गोवा' टीशर्ट पहनकर दोस्ती का उत्साह बढ़ाया। पांच महिलाओं ने देसी कपड़े बनाने वाले 'दाना वेव्स' का समर्थन करते हुए उनके बनाये साड़ी में दौड़ लगाई। इसके अलावा, ट्राइबल बच्चों की पढ़ाई में मदद के लिए भी प्रतिभागियों ने दौड़ में भाग लिया।

## 2,400 धावकों को दी मेडिकल मदद

### 7 धावकों को कराया गया अस्पताल में भर्ती, कोई जान नहीं गई

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** टाटा मुंबई मैराथन में इस बार करीब 65 हजार धावकों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 2,400 से अधिक को मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी और 7 धावकों को अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। खबर लिखे जाने तक एक भी जान की हानि होने की बात सामने नहीं आई है।

मुंबई मैराथन के मेडिकल पार्टनर, सर एच.एन. रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल और प्रोकेम इंटरनेशनल के अनुसार, 2,400 में से अधिकतर मामलों में धावकों को मांसपेशियों में ऐंठन, थकान और डिहाइड्रेशन जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। इन धावकों को मेडिकल पॉइंट्स पर ही इलाज दिया गया और वे पूरी तरह ठीक हो गए।

**अस्पताल में भर्ती और गंभीर मामले:** रेस के दौरान और बाद में कुल 13 धावक विभिन्न अस्पतालों में पहुंचे, जिनमें से 7 को भर्ती करना पड़ा, जबकि बाकी को प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। बॉम्बे अस्पताल के डॉ. गौतम भंसाली के अनुसार, उनके यहां 6 धावक पहुंचे। इनमें 3 को कैजुअल्टी में इलाज के बाद छुट्टी दी गई, जबकि 3 को भर्ती किया गया। डॉ. भंसाली ने बताया कि 21 वर्षीय एक धावक बेंगलुरु से आया था, जो हाफ मैराथन में 18 किलोमीटर के बाद डिहाइड्रेशन, उल्टी और पैरों में तेज ऐंठन के कारण गिर पड़ा। अब वह पूरी तरह ठीक है और एक-दो दिन में छुट्टी दे दी जाएगी। दूसरा मरीज 41 वर्षीय था, जो 19 किलोमीटर के बाद बेहोश हो गया। जब उसे लाया गया, तब ऑक्सीजन सैचुरेशन 80-84 था और हार्ट रेट 140-150, जिसे टैकीकार्डिया कहते हैं। इलाज के बाद वह अब आईसीयू में स्थिर है। तीसरा मरीज 51 वर्षीय था, जिसका बीपी काफी कम हो गया था, लेकिन अब वह भी सुरक्षित है। इसके अलावा, जसलोक अस्पताल में 4, हिंदुजा अस्पताल में 1 और लीलावती अस्पताल में पहुंचे सभी धावकों को इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं, सर एच.एन. रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल में गंभीर डिहाइड्रेशन के 2 मामले सामने आए, जिनमें से एक धावक की हालत गंभीर बनी हुई है।

kaushik Naik



KK Choudhary



## हार्ट ट्रांसप्लांट के 1 साल बाद 21 किमी दौड़े शगुन

■ **मुंबई:** दिल की गंभीर बीमारी से जूझ चुके 36 साल के शगुन शाह ने यह साबित कर दिया कि हौसले मजबूत हो तो असंभव कुछ भी नहीं। साल 2021 में रूटीन हेल्थ चेकअप के दौरान उन्हें डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी होने का पता चला। नवंबर 2024 में हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने हार्ट ट्रांसप्लांट की सलाह दी। पुणे से मिले डोनर हार्ट के जरिए 25 नवंबर 2024 को मुंबई के एचएन रिलायंस अस्पताल में उनका हार्ट ट्रांसप्लांट हुआ। एक साल तैयारी के बाद रविवार को वे 21 किमी दौड़े। शगुन ने बताया कि सर्जरी के बाद शुरुआती दिनों में चल पाना भी मुश्किल था, लेकिन आईसीयू की एक नर्स की कही बात ने उनकी जिंदगी बदल दी, 'एक साल में मैराथन दौड़कर दिखाइए।' जनवरी 2025 से कार्डियक रिहैब शुरू हुआ। पहले 10 मिनट चलने से लेकर धीरे-धीरे रनिंग तक का सफर तय हुआ। जुलाई 2025 से उन्होंने दौड़ना शुरू किया।



## तस्वीरों में मैराथन

रविवार की सुबह टाटा मुंबई मैराथन का आयोजन हुआ तो देश-दुनिया के धावक तो सड़कों पर थे ही, साथ ही धावकों का हौसला बढ़ाने के लिए तमाम लोग भी यहां मौजूद थे। सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं-संगठनों के लोग भी सामाजिक संदेश देने के लिए यहां पहुंचे थे। इस दौरान हमारे सीनियर फोटो जर्नलिस्ट कौशिक नाइक ने इन तस्वीरों को अपने कैमरे में कैद किया।




रविवार को टाटा मुंबई मैराथन में दिव्यांग भी शामिल हुए। उनके हौसले और उत्साह ने लोगों को फिटनेस के प्रति जागरूक किया।



मैराथन में पहुंचे एक व्यक्ति के दोनों पैर नहीं थे। ब्लेड्स पहनकर पहुंचे इस व्यक्ति को हौसला देने के लिए लोगों ने उसका अभिनंदन किया।



कामयाबी चेहरे पर यूं उतर आती है। फिनिश लाइन छू लेने के बाद इस मैराथन रनर की खुशी देखते ही बन रही थी।





दौड़ पूरी करने के बाद थकान और गर्मी से निढाल धावक लेटकर आराम करता हुआ।

मैराथन पूरी करने के बाद जश्न मनाती हुई धावक। मैराथन की फिनिश लाइन छूने के बाद यह धावक उत्साह में झूमने लगी।



कोस्टल रोड के टेढ़े-मेढ़े, ऊंचे-नीचे रास्तों पर मैराथन धावक।

Shailesh Jadhav



मैराथन के दौरान फैशन का भी एक रंग यूं देखने को मिला।

Uma kadam



मैराथन के बीच ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी का जश्न मनाता व्यक्ति।



हर क्षेत्र में महिलाओं की कामयाबी की दास्तान कहती तस्वीर।

इनपुट: नीरज तिवारी, भाविन पंड्या, सूरज पांडेय, प्रिया पांडेय

# BMC चुनाव : जीत के बाद ऐक्शन मोड में नगरसेवक, तय कीं अपनी प्राथमिकताएं

■ NBT, रिपोर्ट, मुंबई : बीएमसी चुनाव में जीतने वाले नगरसेवक अपने क्षेत्र के विकास को लेकर अब पूरी तरह ऐक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। चुनाव जीतने के बाद उन्होंने साफ कर दिया है कि वह अपने प्रभाग में हर समस्या को सुलझाने की कोशिश करेंगे। अलग-अलग प्रभागों से निर्वाचित नगरसेवकों ने अपने कामकाज का रोडमैप भी तय कर लिया है। NBT से बातचीत के दौरान इन नगरसेवकों ने बताया कि अपने-अपने क्षेत्रों के विकास के लिए उनका किन मुद्दों पर ज्यादा जोर रहेगा।



क्षेत्र में कई काम करने हैं। मेरे द्वारा क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं, सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर बनानी है। इसके अलावा मेरे क्षेत्र में पार्किंग की काफी समस्या है, जिसको मेरे द्वारा सुलझाने का प्रयास किया जाएगा। जनता को मूलभूत सुविधाएं मुहैय्या कराने के साथ ही मैं अपने प्रभाग को सुंदर व स्वच्छ बनाने का प्रयास करूंगी।
- निशा परुलेकर बंगेरा, नगरसेविका, प्रभाग-25, BJP



मेरे क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या सड़कें हैं। यहां की सड़कों में गड्ढे ज्यादा होने की वजह से राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। अक्सर दुर्घटनाएं भी हो जाती हैं, इसलिए मेरा पहला कदम जनता को गड्ढायुक्त सड़कों से मुक्ति दिलाना होगा। बरसात से पहले सड़कों की मरम्मत और गुणवत्ता पर खास ध्यान दिया जाएगा।
- शिल्पा केलुस्कर, नगरसेविका, प्रभाग-173, BJP



क्षेत्र में कई समस्याएं हैं, जिनको दूर करना मेरी प्राथमिकताओं में शामिल है, लेकिन महिलाओं की समस्या और मातृ स्वास्थ्य मेरा मुख्य एजेंडा होगा। क्षेत्र में महिलाओं के लिए ओपीडी वॉर्ड की व्यवस्था करना व सायन इलाके में एक प्रसूति गृह की शुरुआत मेरे पहले कार्यों में शामिल होगी। स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत किए बिना समग्र विकास संभव नहीं है।
- साक्षी कनौजिया, नगरसेविका, प्रभाग-174, BJP



मेरा पहला फोकस क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने और एसआरए परियोजना से जुड़ी समस्याओं का समाधान करने पर होगा। मेरे क्षेत्र में स्वच्छता और पुनर्विकास दोनों ही लंबे समय से बड़ी चुनौती बने हुए हैं। इस चुनौती से निपटना मेरी प्राथमिकता होगी। भविष्य में उम्मीद है कि मेरे द्वारा जल्द ही इन समस्याओं को हल करने का प्रयास किया जाएगा।
- रेखा यादव, नगरसेविका, प्रभाग-176, BJP



पहली प्राथमिकता क्षेत्र की बुनियादी समस्याओं को हल करना है। देवीपाड़ा की सड़कें जर्जर व संकीर्ण हैं, जिससे ट्रैफिक जाम रहता है और एम्बुलेंस तक नहीं पहुंच पाती। इसे सबसे पहले दुरुस्त किया जाएगा। इलाके में जमा कचरा हटाना, साफ-सफाई व रोशनी की व्यवस्था करना जरूरी है। क्षेत्र में पानी की समस्या भी गंभीर है। हर घर तक पानी पहुंचाना मेरा लक्ष्य है।
- सारिका झोरे, नगरसेविका, प्रभाग-13, UBT



मेरी प्राथमिकता गणपत पाटिल नगर को स्लम घोषित करवाना और अधूरे बुनियादी काम पूरे करना है। सड़क, लाइट, बिजली व आरोग्य सुविधाओं को दुरुस्त कराया जाएगा तथा बालासाहेब ठाकरे आपला दवाखाना शुरू किया जाएगा। साथ ही, साईं बाबा नगर, न्यू साईड में रुके हुए एसआरए प्रकल्प को गति देना हमारा अहम लक्ष्य है।
- रेखा राम यादव, नगरसेविका, प्रभाग-1, शिंदे सेना




मेरे प्रभाग का 90% हिस्सा स्लम एरिया है। इनमें स्वच्छता और शुद्ध पेयजल की समस्या है। कई जगहों पर पानी की पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हैं। स्लम का विकास अरसे से लंबित पड़ा है। क्षेत्र में व्याप्त बुनियादी सुविधाओं को सुचारू करने के साथ ही मेरे क्षेत्र में मौजूद पात्र लोगों का पुनर्वसन करवा कर उन्हें विकास की मुख्य धारा से जोड़ना ही मेरी प्राथमिकता होगी।
- धर्मेंद्र राजाराम काले, नगरसेवक, प्रभाग-26, UBT



सबसे पहले डीपी प्लान में, जो रास्ता मंजूर हुआ है, उसका काम पूरा करना है। फिलहाल वर्ड क्रॉस लेन में इसका काम अभी जारी है। इसी के साथ ही शास्त्री नगर में चल रहा ब्रिज का काम भी जल्द से जल्द पूरा करवाने की कोशिश करवाऊंगा, ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा भी सभी जरूरी मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा।
- सायली कुलकर्णी, नगरसेवक, प्रभाग-60, BJP



बीते कई वर्षों से विकास में जो बड़ा अंतर आया है, उसे भरना मेरी पहली जिम्मेदारी होगी। क्षेत्र में सबसे गंभीर समस्या ड्रेनेज की है, जिसे लंबे समय से नजरअंदाज किया गया। शुरुआत में सड़क, पेयजल, गटर व ड्रेनेज जैसी मूलभूत सुविधाओं पर ध्यान दूंगा। पिछले नगरसेवकों ने इन बुनियादी जरूरतों को महत्व नहीं दिया। अब इन मुद्दों पर फोकस किया जाएगा।
- हरी जगन्नाथ शास्त्री, नगरसेवक, प्रभाग-95, UBT




विकास से संबंधित विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। विकास से जुड़े जो भी कार्य अब तक मेरे प्रभाग-23 में नहीं हुए हैं, उन्हें इस टर्म में पूरा करना मेरी प्राथमिकता है। इनमें अतिक्रमण मुक्त सड़कें, पार्किंग व्यवस्था, स्लमवासियों को आवासीय योजनाओं का लाभ, शुद्ध पेयजल, पोयसर नाले की सफाई और महिला सुरक्षा पर ध्यान देना शामिल है।
- शिव कुमार झा, नगरसेवक, प्रभाग-23, BJP

# BMC के नए नगरसेवकों के सामने चुनौतियों का अंबार

## अगले सप्ताह मेयर का चयन, विकास को मिलेगी नई दिशा

Vijay.Pandey1@timesofindia.com



AI Image

■ मुंबई: चार साल की देरी के बाद बीएमसी नगरसेवकों का चुनाव संपन्न हो गया है। उम्मीद की जा रही है कि अगले सप्ताह मेयर का चयन भी हो जाएगा। हालांकि, बीएमसी के संरक्षकों के लिए चुनौतियों का अंबार लगा हुआ है। चार साल बिना नगरसेवकों के मुंबईकरों की बीएमसी में सुनवाई न के बराबर हो गई थी। व्यवस्थाएं पूरी तरह से प्रशासन के नियंत्रण में थीं। अब नए चुने गए 227 नगरसेवकों पर मुंबई को आगे दिशा देने की जिम्मेदारी है। कुछ प्रमुख चुनौतियां, जिनका हल निकालने की मांग उठने लगी है।

**1 नए आय का स्रोत**
बीएमसी ने लंबे समय से आय का कोई नया स्रोत नहीं खोजा है। पिछले दशक में सुबोध कुमार के कमिश्नर रहते हुए फंजिबल एफएसआई को लागू किया गया था, जिससे आज तक हर साल बीएमसी को सैकड़ों करोड़ रुपये प्राप्त होते हैं। बीएमसी की सीमित आय होने फिक्स डिपॉजिट के चलते नए विकल्पों पर विचार जरूरी हो गया है। अंतरराष्ट्रीय दर्जे के इस महानगर में बिल्डिंग परमिशन से होने वाली आय और प्रॉपर्टी टैक्स ही कमाई का मुख्य स्रोत है।

**2 बढ़ता दबाव**
डिवेलपमेंट प्लान 2034 के तहत प्लॉट के लिए मिली एफएसआई से मुंबई भर में रीडिवेलपमेंट की आंधी चल रही है। हर इलाके में 10-15 नई गगनचुंबी बिल्डिंगों का निर्माण हो रहा है। जाहिर है, इससे सोसायटी का ओपन स्पेस तो घट ही रहा है, साथ ही सीवर, पानी, ड्रेनेज समेत अन्य बुनियादी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर दबाव बढ़ रहा है। घरों के साथ ही बढ़ती गाड़ियों ने रोड की ट्रैफिक जो बढ़ाई है, पार्किंग की समस्या को भी गहरा दिया है।

**3 हेल्थ और एजुकेशन की जर्जर व्यवस्था**
बीएमसी के अस्पतालों और स्कूलों का जर्जर हाल किसी से छिपा नहीं है। डॉक्टरों की कमी, दवाओं की किल्लत से मरीजों की परेशानी जग-जाहिर है। बीएमसी स्कूलों से परिजनों के घटते भरोसे के कारण ही प्राइवेट स्कूलों की डिमांड बढ़ रही है। हजारों करोड़ के फंड के बावजूद स्थितियों में कोई बड़ा बदलाव नजर नहीं आ रहा है। नए नगरसेवकों का इसका भी ठोस समाधान निकालना होगा।

**4 डिवेलपमेंट प्लान लागू करना चुनौती**
बीएमसी जनसुविधाओं के लिए डिवेलपमेंट प्लान को जारी करती है लेकिन बमुश्किल ही इसे लागू किया जा पाता है। प्लान में फायर स्टेशन, स्कूल, मैदान, स्मशान, नए रोड, अस्पताल समेत तमाम सुविधाओं के लिए जमीन चिन्हित होती है। लेकिन ज्यादातर जमीन पर अतिक्रमण होने की वजह से प्रशासन इन्हें अपने कब्जे में कर ही नहीं पाता है। इससे यह सुविधाएं केवल कागजों तक ही सीमित रह जाती हैं।


**5 पारदर्शिता पर जवाबदेही**
74,000 करोड़ रुपये बजट वाली बीएमसी में पारदर्शिता को लेकर अक्सर सवाल उठते हैं। ऑनलाइन सिस्टम लाने के बावजूद बीएमसी के भ्रष्टाचार पर नियंत्रण नहीं होने के आरोप लगते रहे हैं। राजनीतिक इच्छाशक्ति के साथ ही व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जा सकता है। स्थायी समिति में लाए जाने वाले प्रस्तावों की मॉनिटरिंग करने के लिए सिस्टम बनाना भी नगरसेवकों के लिए बड़ी चुनौती है।

**4 फरवरी को बजट!**
बीएमसी का बजट 5 फरवरी से पहले पेश होना जरूरी है। चर्चा है कि 3 या 4 फरवरी को बजट पेश किया जाएगा। यानी, मेयर के साथ-साथ स्थायी समिति का भी चुनाव उससे पहले हो जाएगा। मेयर चुनाव की नामांकन प्रक्रिया के लिए तीन कामकाजी दिनों की न्यूनतम आवश्यकता भी रखनी होगी। पहली सभा में ही मेयर के चुनाव के साथ-साथ ग्रुप नेताओं का भी चयन होगा। इसके बाद स्थायी समिति के सदस्य अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। गौरतलब है कि स्थायी समिति के माध्यम से ही सारी टेंडर प्रक्रिया पूरी की जाती है।

# मणिकर्णिका घाट पर चला बुलडोज़र, कांग्रेस में नाराज़गी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : वाराणसी के मणिकर्णिका घाट पर हुई बुलडोजर कार्रवाई का असर महाराष्ट्र में भी दिख रहा है। वाराणसी में हुई इस तोड़क कार्रवाई की महाराष्ट्र कांग्रेस ने निंदा की है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी के चिह्नों को नष्ट करना चाहते हैं। सपकाल ने पीएम मोदी की महमूद गजनवी से तुलना करते हुए कहा, जिस तरह सोमनाथ मंदिर को गजनवी ने ध्वस्त किया था, उसी तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी में अहिल्यादेवी द्वारा निर्मित मणिकर्णिका घाट पर बुलडोजर चलवाया है।

सपकाल ने कहा, पीएम मोदी अहिल्यादेवी की स्मृतियों को मिटाना चाहते हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि 27 जनवरी तक प्रधानमंत्री मोदी माफी नहीं मांगते हैं, तो कांग्रेस महाराष्ट्र में बीजेपी के मंत्रियों को दौरे नहीं करने देगी। रविवार को तिलक भवन में मीडिया से बात करते हुए सपकाल ने कहा, एक तरफ सरकार अहिल्यादेवी की 300वीं जयंती मनाने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है और दूसरी ओर अहिल्यादेवी होलकर की स्मृतियों को मिटाने का पाप कर रही है।



हर्षवर्धन सपकाल

## अब NCP के साथ कोई गठबंधन नहीं

नगरपालिका और महानगरपालिका चुनावों में कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ जिस तरह गठबंधन किया, उसी तरह जिला परिषद और पंचायत समिति चुनावों में भी गठबंधन किया जाएगा, लेकिन अजित पवार की पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं किया जाएगा। यह घोषणा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल ने की। कांग्रेस की राज्य चयन समिति की बैठक सपकाल की अध्यक्षता में तिलक भवन में संपन्न हुई। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, बालासाहेब थोरात, नसीम खान, माणिकराव ठाकरे, विश्वजीत कदम सहित अन्य नेता उपस्थित थे।

## अहिल्यादेवी की प्रतिमा का किया अपमान

महाराष्ट्र कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेशाध्यक्ष यशपाल भिंगे ने कहा, अहिल्यादेवी ने 1771 में वाराणसी में मणिकर्णिका घाट का निर्माण कराया था। 10 जनवरी को बीजेपी सरकार ने इसी घाट पर बुलडोजर चलवाया। इस दौरान अहिल्यादेवी की प्रतिमा का अपमान किया गया, जो धनगर समाज के स्वाभिमान को ठेस पहुंचाने वाला है। इस मुद्दे पर कांग्रेस ने धनगर समाज से ताल्लुक रखने वाले बीजेपी विधायक गोपीचंद पडलकर से भी चुप्पी तोड़ने को कहा है।

# BMC चुनाव: डब्बेवाला का बेटा बना नगरसेवक

## बीएमसी समिति में जिम्मेदारी की उठी मांग

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव में डब्बावाला समुदाय से जुड़े परिवार के बेटे के नगरसेवक बनने के बाद मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन ने नवनिर्वाचित नगरसेवक मंगेश पांगारे को बीएमसी की किसी महत्वपूर्ण समिति का अध्यक्ष बनाए जाने की मांग की है। इस संबंध में असोसिएशन ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर अपनी मांग रखी है।



असोसिएशन के अनुसार, वरिष्ठ डब्बावाला दत्ताराम पांगारे के बेटे मंगेश पांगारे प्रभाग क्रमांक 4 से शिवसेना के टिकट पर नगरसेवक निर्वाचित हुए हैं। ऐसे में एसोसिएशन का मानना है कि यदि मंगेश को बीएमसी की किसी समिति की जिम्मेदारी दी जाती है, तो प्रशासन में अनुशासन और पारदर्शिता को बढ़ावा मिलेगा।

इस मांग को लेकर मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन के पदाधिकारी जल्द ही उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।

मुंबई डब्बावाला एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष तलेकर ने कहा कि डब्बावाला समुदाय से पहली बार कोई नगरसेवक चुना गया है और उसे कम से कम एक समिति की जिम्मेदारी मिलनी चाहिए।

# विकास जीत गया है: एकनाथ शिंदे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: बीएमसी चुनाव परिणाम के बाद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने नवनिर्वाचित नगरसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस चुनाव में भावनात्मक मुद्दे हार गए और विकास जीता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी हमारा मित्र दल है।



शिंदे ने उद्धव ठाकरे पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र की जनता ने उन्हें नकार दिया है। उन्होंने नगरसेवकों से अपने-अपने प्रभाग में सक्रिय रहने, सफाई, पानी आपूर्ति और कचरा प्रबंधन जैसे मुद्दों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही वार्ड में ठोस विकास कार्यों के प्रस्ताव तैयार करने को कहा।

# राज पुरोहित का राजकीय सम्मान के साथ किया गया अंतिम संस्कार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: रविवार तड़के बीजेपी नेता और महाराष्ट्र के पूर्व कैबिनेट मंत्री राज पुरोहित का 71 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय तिरंगे में लपेटकर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। उनके निधन पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया ने शोक व्यक्त किया। फडणवीस ने कहा कि राज पुरोहित के जाने से संगठन ने एक सशक्त, निर्भीक और समर्पित व्यक्तित्व खो दिया। राज पुरोहित मुंबई की राजनीति में करीब तीन दशकों तक प्रभावशाली रहे। वे पांच बार विधायक निर्वाचित हुए और मुंबादेवी तथा कोलाबा विधानसभा क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने श्रम और संसदीय कार्य मंत्री के रूप में कार्य किया और मुंबई बीजेपी के अध्यक्ष भी रहे। राजस्थान के सिरोही जिले के फुगनी गांव में जन्मे राज पुरोहित राजस्थानी और उत्तर भारतीय प्रवासी समुदायों की सशक्त आवाज माने जाते थे। किराएदारों के अधिकार, शहरी आवास और पुनर्विकास से जुड़े मुद्दों पर उनके निरंतर संघर्ष के कारण उन्हें प्रवासी और किराएदारों का मसीहा कहा जाता था।



## बेटे की जीत का जश्न हुआ फीका

राज पुरोहित का निधन ऐसे समय में हुआ जब उनके पुत्र आकाश पुरोहित बीएमसी चुनाव में प्रभाग क्रमांक 221 से दोबारा जीत दर्ज कर चुके थे। अंतिम संस्कार में महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर, महाराष्ट्र बीजेपी अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण, मुंबई बीजेपी अध्यक्ष अमित साटम, सांसद अरविंद सावंत सहित कई नेता शामिल हुए।


# अंधेरी: चोरी की घटनाएं 38% हुईं कम

Manish.Jha@timesofindia.com

■ मुंबई: मुंबई के पश्चिमी उपनगरों के सबसे व्यस्त अंधेरी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा पहले से मजबूत हुई है। रेलवे सुरक्षा बल (RPF) के अनुसार, वर्ष 2025 में यात्रियों के सामान की चोरी (TOPB) के मामलों में 2024 की तुलना में करीब 38 % की कमी दर्ज की गई है।

आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2024 में जहां 625 चोरी के मामले दर्ज हुए थे, वहीं 2025 में यह संख्या घटकर 389 रह गई। RPF का कहना है कि यह गिरावट GRP के साथ बेहतर समन्वय, CPDS टीम की सतत निगरानी, CCTV और फेस रिकग्निशन सिस्टम (FRS) के प्रभावी उपयोग का परिणाम है।

सीनियर पीआई राजीव सिंह सालरिया ने बताया कि सादे कपड़ों में पुलिसकर्मियों की तैनाती, पीक ऑवर्स में विशेष गश्त और संदिग्धों की पहचान से अपराधों पर अंकुश लगाया गया।



**TOPB में अंधेरी RPF का लेखा-जोखा**

| वर्ष: 2024 | वर्ष: 2025 |
| --- | --- |
| केस दर्ज: 625 मामले | केस दर्ज: 89 मामले |
| संपत्ति की चोरी: 1,81,62,050 | संपत्ति की चोरी: 1,07,04,085 |
| बरामदगी: 41,56,587 | बरामदगी: 12,57,012 |
| केस हल: 106 | केस हल: 56 |

**इन कारणों से मिला बेहतर परिणाम**

- RPF और GRP में बेहतर समन्वय
- पीड़ितों द्वारा सीसीटीवी फुटेज की जांच
- हर 15 दिन में दर्ज केसों का रिव्यू मीटिंग



“TOPB में करीब 38% तक हुई गिरावट हमारी टीम के प्रयासों का नतीजा है। लोगों की सुरक्षा के लिए यह अभियान सख्ती से जारी रहेगा। -सीनियर पीआई राजीव सिंह सालरिया, RPF, अंधेरी




# जापानी और भारतीय तटरक्षक बल ने मुंबई में किया अभ्यास



■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : भारत और जापान के बीच समुद्री साझेदारी को और मजबूत करने की पहल की गई है। जापान तटरक्षक बल (JCG) और भारतीय तटरक्षक बल (ICG) की ओर से मुंबई में खतरनाक और हानिकारक पदार्थों से निपटने के लिए एक विशेष संयुक्त प्रशिक्षण अभ्यास किया गया। साथ ही जापान तटरक्षक बल के कमांडेंट एडमिरल योशियो सेगुची उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुंबई स्थित भारतीय तटरक्षक बल के पश्चिमी मुख्यालय का दौरा किया। यह दौरा दोनों देश के बीच स्वतंत्र और मुक्त हिंद-प्रशांत के साझा दृष्टिकोण के प्रति दोनों देशों की प्रतिबद्धता और समुद्री सहयोग को दर्शाता है। यात्रा का मुख्य आकर्षण भारतीय तट रक्षक बल की ओर से विशेष प्रदूषण नियंत्रण पोत समुद्र प्रहरी पर आयोजित संयुक्त प्रतिक्रिया अभ्यास रहा।

अभ्यास में दोनों देश के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। अभ्यास के दौरान दोनों टीमों ने विशेष व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, प्रदूषण नियंत्रण साधनों का परिचय और उन्नत नियंत्रण तकनीकों का आदान-प्रदान किया। जापानी प्रतिनिधिमंडल ने मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड का भी दौरा किया। यह अभ्यास 2006 के समझौता ज्ञापन के अंतर्गत वार्षिक संयुक्त गतिविधियों का महत्वपूर्ण भाग है, विशेषकर तब जब ICG को समुद्र में रिसाव से निपटने के लिए केंद्रीय समन्वय एजेंसी नियुक्त किया गया है।

## फर्जी पुलिस गैंग के 3 बदमाश गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: देवनार में फर्जी पुलिस बनकर चोरी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दो की पहचान निसार शेख और संजय दूबे के रूप में की गई। उनके पास से 13 लाख रुपये नकद, फर्जी नंबर प्लेट वाली कार और पुलिस की लाठियां बरामद हुईं।

## बस की चपेट में आने से युवक की मौत

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: वर्ली में एक बस की चपेट में आने से 18 वर्षीय अदनान शेख की मौत हो गई। अदनान शेख बाइक से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही बेस्ट बस ने उन्हें टक्कर मार दी। एनएम जोशी मार्ग पुलिस ने आरोपी चालक अजीत खोत के खिलाफ केस दर्ज किया।

## अंधेरी में फायरिंग, कोई हताहत नहीं

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: अंधेरी के लोखंडवाला बैक रोड पर नालंदा बिल्डिंग में रविवार शाम गोलियों की आवाज से हड़कंप मच गया। जोन 9 के डीसीपी दीक्षित गेडाम के अनुसार, मामले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# मेट्रो-2 बी का शून्य ब्रिज तैयार अद्भुत डिजाइन ने लिया आकार

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई : मुंबई महानगर प्रदेश विकास प्राधिकरण (एमएमआरडीए) ने मेट्रो-2 बी कॉरिडोर के तहत आइकॉनिक शून्य ब्रिज तैयार का अहम पड़ाव पार कर लिया है। ब्रिज के लिए अंतिम पायलन रखने का काम पूरा कर लिया गया है। इसके बाद ब्रिज का शून्य आकार स्पष्ट दिखने लगा है। गणितज्ञ आर्यभट्ट को ध्यान में रखकर डिजाइन तैयार किया गया है।



130 मीटर लंबे और 40 मीटर ऊंचे इस ब्रिज का निर्माण वाकोला नाले पर किया जा रहा है। शून्य ब्रिज का आकार लेने के साथ ही डीएन नगर से मंडाले तक की 23.6 किमी लंबे मेट्रो-2 बी के पूरे फेज पर सेवा शुरू करने का भी अहम पड़ाव पार हो गया है। मेट्रो को वाकोला ब्रिज के दूसरी ओर ले जाने का काम अंतिम चरण में पहुंच गया है।

**जनवरी में पहले फेज का संचालन होगा**
एमएमआरडीए ने मेट्रो-2बी के 5.6 किमी मार्ग पर संचालन के लिए सेफ्टी सर्टिफिकेट प्राप्त कर लिया है और मंडाले से डायमंड गार्डन तक का रूट जनवरी में यात्रियों के लिए खुलेगा।






CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMSHIK User: c-suman.v Time: 01-18-2026 23:05 Color:



# हल्दी की रस्म में खाने से 80 लोग हुए बीमार


AI Image

## केस दर्ज, शादी की तारीख टाल दी गई

■ NBT न्यूज, कल्याण: कल्याण वेस्ट की हाई-प्रोफाइल मोहन प्राइड बिल्डिंग में रहने वाले ब्राविस्कर परिवार के यहां हल्दी की रस्म में खाना खाने के बाद 80 लोगों को शनिवार की रात को उल्टी और दस्त होने लगे। इसके बाद उन्हें इमरजेंसी में हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा।

■ उल्टी और दस्त से हुए बीमार
■ अस्पताल में कराए गए भर्ती

मिली जानकारी के मुताबिक, कल्याण वेस्ट की हाई-प्रोफाइल मोहन प्राइड बिल्डिंग में रहने वाले ब्राविस्कर परिवार में शनिवार को बेटी की हल्दी की रस्म थी। रात में रस्म के लिए आए मेहमानों और परिवार के सदस्यों को खाने के कुछ घंटों बाद उल्टी और दस्त होने लगे, जिसके बाद उन्हें इमरजेंसी में हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा। माना जा रहा है कि फूड पॉइजनिंग से सबसे ज्यादा बुजुर्ग और बच्चे परेशान हुए। जिस लड़की की हल्दी रस्म थी, उसकी मां और बहन को भी दिक्कत हुई।

परिवार ने मीडिया को बताया कि इस चौंकाने वाली घटना की वजह से लड़की की होने वाली शादी की रस्म स्थगित कर दी है। यह भी पता चला है कि इस घटना में खाने के कॉन्ट्रैक्टर के खिलाफ खडकपाड़ा पुलिस स्टेशन में केस दर्ज कराया गया है। लोगों ने आरोपी पर कार्रवाई की मांग की है। खबर लिखे जाने तक सभी लोगों की स्थिति ठीक बताई जा रही है।

# भिवंडी मनपा में किस पार्टी का बनेगा महापौर, कांग्रेस-BJP लगा रही ज़ोर

## चुनाव में कांग्रेस बनी सबसे बड़ी पार्टी, BJP भी भर रही मजबूती का दम

■ विजयकुमार सिंह, भिवंडी

**भिवंडी मनपा** में बीजेपी का महापौर बनाने का सपना इस बार बनते-बनते टूटता हुआ नजर आ रहा है। मनपा के इस चुनाव में किसी भी एक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला है। हालांकि कांग्रेस एक बार फिर मनपा में सबसे बड़े दल के रूप में चुनकर आई है, जिसके कारण अब कांग्रेस के लिए महापौर पद तक पहुंचने का रास्ता आसान होता दिखाई दे रहा है। कांग्रेस पार्टी एनसीपी (एसपी) और समाजवादी पार्टी के सहयोग से बहुमत का आंकड़ा पार कर सकती है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ऐड. अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन ने कहा है कि मनपा में महापौर कांग्रेस का ही बनेगा। आरक्षण घोषित होने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि महापौर कौन बनेगा, लेकिन कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) की चाबी विधायक रईस शेख के हाथ में है।

हालांकि, अभी तक महापौर पद के आरक्षण को लेकर अधिसूचना जारी नहीं हुई है, लेकिन इसके बावजूद राजनीतिक दलों ने संख्या बल जुटाने की कवायद तेज कर दी है। पर्दे के पीछे महापौर का गेम प्लान सेट करने वाले राजनीतिक रणनीतिकार सक्रिय हो चुके हैं, जिससे शहर का सियासी तापमान लगातार चढ़ता जा रहा है।



### संख्या बल का गणित किस ओर कर रहा इशारा?

मनपा के वर्तमान स्थिति पर नजर डालें, तो बीजेपी को 22 और शिंदे सेना को 12 सीटों पर सफलता मिली है। इस तरह महायुति के पास कुल 34 नगरसेवक हैं। बीजेपी के एक बागी नगरसेवक को जोड़ भी लिया जाए, तो यह संख्या 35 तक ही पहुंचती है, जो बहुमत से अब भी 11 सीट कम है। यदि भिवंडी विकास अघाड़ी के जावेद दलवी गुट के 3 और कोणार्क विकास अघाड़ी गुट के विलास पाटील के 4 नगरसेवक भी महायुति के साथ आ जाते हैं, तब भी बहुमत का आंकड़ा चार सीट से पीछे रह जाता है। लेकिन जानकार बताते हैं कि इन दोनों गुटों का बीजेपी के साथ आना सम्भव नहीं है।

दूसरी ओर, कांग्रेस के पास 30 नगरसेवक हैं। एनसीपी (एसपी) के 12 और समाजवादी पार्टी के 6 नगरसेवक हैं। जिनका आंकड़ा 48 तक पहुंच जाता है। जो मनपा सदन में बहुमत से दो अधिक है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अब्दुल रशीद ताहिर मोमिन कहते हैं कि इंडिया गठबंधन में सम विचारधारा वाली कांग्रेस-एनसीपी (एसपी) और समाजवादी पार्टी है। जिसके पास महापौर बनाने का संख्या बल है। वहीं, भिवंडी विकास अघाड़ी के प्रदीप राका ने बताया कि शहर की दोनों अघाड़ी कांग्रेस के साथ जाने के लिए तैयार हैं।

### किंगमेकर की भूमिका

इस पूरे राजनीतिक समीकरण में समाजवादी पार्टी एवं एनसीपी (एसपी) की भूमिका निर्णायक मानी जा रही है। दोनों दल किसी भी खेमे को सत्ता की कुंजी सौंपने की स्थिति में हैं। यही वजह है कि दोनों दलों पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

### पाटील परिवार के बयान से बढ़ा सियासी पारा

कोणार्क विकास आघाडी के नेता विलास पाटील के पुत्र और नव-निर्वाचित नगरसेवक मयूरेश पाटील के एक बयान ने सियासी हलचल और तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि भिवंडी में महापौर इस बार भी पाटील परिवार ही सेट करेगा। कोणार्क विकास आघाडी की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है। वहीं, कांग्रेस के 24 नगरसेवक और एनसीपी (एसपी) के 12 नगरसेवकों की चाबी विधायक रईस शेख के हाथ है, क्योंकि सपा से नाराज इन नगरसेवकों को कथित तौर पर कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) का टिकट शेख ने ही दिलाया है।

## फटाफट खबरें

### शिक्षा मंत्री ने किया मंदिर का दौरा किया



■ NBT न्यूज, भिवंडी : भिवंडी तालुका के मराड़े पाड़ा में शिवक्रांति प्रतिष्ठान द्वारा निर्मित महाराष्ट्र के आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज के मंदिर में राज्य के शिक्षा मंत्री दादा भुसे ने सदिच्छा भेंट दी। इस अवसर पर उनके साथ शिवसेना नेता प्रकाश पाटील और उपनेता एवं पूर्व विधायक रूपेश म्हात्रे भी उपस्थित थे। इस अवसर पर शिवक्रांति प्रतिष्ठान के संस्थापक राजूभाऊ चौधरी ने मंदिर परिसर में मंत्री दादा भुसे एवं अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

मंत्री दादा भुसे ने मंदिर में विधि-विधान से महाराजा की मूर्ति की पूजा की और उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि पिछले कई महीनों से सोशल मीडिया पर इस मंदिर की प्रसिद्धि देखने के बाद से ही मेरी यहां आने की प्रबल इच्छा थी, जो भेंट के साथ पूरी हुई है। उन्होंने कहा कि महाराज के आशीर्वाद से ही हम सब जनसेवा का कार्य कर रहे हैं।

### महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : नालासोपारा पूर्व संतोष भुवन के वाल्ई पाड़ा इलाके में 23 वर्षीय महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। वाल्ई पाड़ा स्थित सिद्धिविनायक चॉल निवासी रचना तिवारी (23) अपने परिवार के साथ रहती थी। शुक्रवार की देर रात उसने घर की छत पर लगे लोहे की पाइप से दुपट्टा बांधकर फांसी लगा ली। महिला कुछ दिनों से मानसिक तनाव में थी, इससे उसने यह कदम उठाया है।

### 14 किलो गांजा के साथ तीन गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, नालासोपारा : मीरा भाईंदर-वसई विरार पुलिस आयुक्तालय के नारकोटिक्स विभाग की वसई यूनिट ने शनिवार को नालासोपारा पूर्व, रहमत नगर इलाके में 14 किलो गांजा के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गांजा की कीमत 3 लाख है। नारकोटिक्स विभाग की वसई यूनिट ने आरोपी मोहम्मद चांद अख्तर अली फकीर, मोहम्मद शाकिर तस्लीम फकीर और रंजन कुमार शिवनारायण साफी को गिरफ्तार किया।

TIMES interact

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अन्य रिक्तियां
एकाधिक रिक्तियां

REQD data entry operator in Excel & small admin jobs at Mulund ...ar/ Retired candidate prefered 9819333394 Email : maist.tc@gmail.com

सेवाएं
TIFFIN SERVICES

सेवाभाव 800 टिफिन जाते हैं पूर्व मुंबई में, 65 या उससे अधिक की उम्र के वरिष्ठ नागरिकों को रोजाना का निःशुल्क टिफिन पहोंचाया जायेगा. श्रीमती कुमुद हितेश चुनीलाल पोपटलाल गुरुकृपा प्रभारी 9833006404 केवल व्हॉट्सऐप (फ़ोन नहीं)

बिजनेस
बिजनेस प्रस्ताव

CARBON BLACK FROM EUROPE
We can offer quality stocks at low prices on a monthly basis as below:
CARBON BLACK N-220 100 MT
Please contact
Euro Exim Ltd
Manchester (UK)
Email:exports@euroeximltd.co.uk
WA No. - 00447766463661

टेंडर और नोटिस
निविदाएं (टेंडर्स)

टेंडर सूचना
सीलबंद यूनिट रेट टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं प्रतिष्ठित, अनुभवी तथा आर्थिक रूप से सक्षम ठेकेदारों से, जिनके पास सिविल एवं स्ट्रक्चरल रिपेयर, प्लंबिंग, वाटरप्रूफिंग, पेंटिंग एवं अन्य विविध कार्यों में कम से कम 10 वर्षों का अनुभव हो।
फिनिक्स हाइट्स सहकारी गृहनिर्माण संस्था लि
प्लॉट नं. 56, सेक्टर 17, रोडपाली, कळंबोली, नवी मुंबई-410218
टेंडर दस्तावेज संस्था के कार्यालय में उपलब्ध है।
(ISO 9001-2015 प्रमाणित)
शिव समर्थ कंसल्टंट्स
ऑफिस नं. 30, भूमि हाइट्स सोसाइटी, प्लॉट नं. 5 एवं 6, सेक्टर 8, खारघर, नवी मुंबई – 410210
दूरभाष : 9987134949
टेंडर दस्तावेज उपलब्ध होने की अवधि: 20/01/2026 से 28/01/2026 तक
समय: प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक
प्रस्तुति की अंतिम तिथि: 30/01/2026
समय: प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक (संस्था के कार्यालय में जमा करें)
टेंडर शुल्क: ₹ 5000/- (नकद, अप्रतिदेय/नॉन रिफंडेबल)

व्यक्तिगत
नाम परिवर्तन

I,KATAKE Anant Shivram Father of Katake Chetan Anant r/o Baragaon Pimpri, Sinnar, Nashik, M.H-422103 changed my name from Katake Anant Shivram to Anant Shivram Katake vide aff. dt. 15-01-2026 No 59AB888689 at Nashik

I,LASAMMA Mother of Varaprasad Arepati r/o Maddalamadaka, Ayyavari Palle, Prakasam, A.P- 523336 have changed my name from Lasamma to Arepati Lakshmamma vide aff. dt. 17-01-2026 No 59AB865760 at Nashik

I, PRADNYA R PAWAR spouse of RAJUSINGH NARAYANSINGH PAWAR resident of 74-B, Tirupatinagar, Vidyanagari, Deopur, Dhule-424005, have changed my name from PRADNYA R PAWAR to PRADNYA RAJUSINGH PAWAR vide Affidavit dated 10 Oct 25 at Dhule.

BOOK YOUR TENDER/NOTICE ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Jitesh Dominic
9867 407 521
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Ads.timesofindia.com
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE
SCAN TO BOOK

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

# BJP कार्यकर्ताओं ने किया पाटील के बंगले पर पथराव और हंगामा

■ NBT न्यूज, भिवंडी: भिवंडी में बीजेपी विधायक महेश चौघुले के समर्थकों ने पूर्व महापौर विलास पाटील के गोकुल नगर स्थित बंगले पर पथराव करके हंगामा किया। जिसके बाद पूर्व महापौर विलास पाटील, पत्नी पूर्व महापौर प्रतिभा पाटील, बेटा मयूरेश पाटील और अपने समर्थकों के साथ छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पहुंचे। वहां उन्होंने सड़क पर बैठकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

इसके बाद वहां भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। चूंकि बीजेपी का कार्यालय भी छत्रपति शिवाजी महाराज चौक में ही स्थित है। इसलिए वहां बीजेपी विधायक महेश चौघुले के समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस दौरान बीजेपी समर्थकों की ओर से जोरदार पथराव किया गया और कांच की बोतलें फेंकी गईं।

# वसई में BJP ऑपरेशन लोटस की तैयारी में!

## BVA के नगरसेवकों को तोड़ने की कोशिश

■ सुरेंद्र नेगी, वसई :

**वसई विरार** मनपा चुनाव में बहुजन विकास आघाडी ने 71 सीटों के साथ बहुमत हासिल किया है, लेकिन कथित तौर पर बीजेपी ऑपरेशन लोटस लागू करके बविआ के नगरसेवकों को तोड़ने की तैयारी शुरू कर चुकी है। बीजेपी मनपा में अपना महापौर बैठाना चाहती है, इसलिए वह नगरसेवकों को तोड़ने में लगी हुई है। हालांकि बविआ नेता हितेंद्र ठाकुर ने इस पर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि हमारा एक भी नगरसेवक नहीं टूट सकता है।

बता दें कि वसई मनपा की 115 सीटों पर हुए चुनाव में बहुजन विकास आघाडी ने 70 सीटें जीतीं, वहीं कांग्रेस ने 1 सीट जीतकर बविआ को समर्थन दिया। इससे बविआ ने बहुमत हासिल किया। इसलिए मनपा में महापौर बविआ का ही होगा। चर्चा है कि बीजेपी अब बविआ के नगरसेवकों को तोड़ने में लगी है। सूत्रों के अनुसार माना जा रहा है कि बविआ के कई नगरसेवक बीजेपी के संपर्क में हैं।



### 'राजनीति में कुछ भी हो सकता'

बीजेपी प्रवक्ता मनोज बारोट ने कहा है कि राजनीति में कुछ भी हो सकता है। वहीं, हितेंद्र ठाकुर ने कहा कि जनता ने पहले ही उन्हें सबक सिखा दिया है। ठाकुर ने बीजेपी को चेतावनी दी है कि ऐसा धंधा मत करो, वरना जनता उनके मुंह में गोबर डाल देगी। उन्होंने यह भी भरोसा जताया कि उनका एक भी नगरसेवक कहीं नहीं जाएगा।

# अंबरनाथ नगर परिषद समिति कमिटियों के गठन की मीटिंग टली

■ NBT न्यूज, अंबरनाथ: अंबरनाथ नगर परिषद में शिवसेना और बीजेपी की अगुआई वाली अंबरनाथ विकास आघाडी के बीच मेंबरों की संख्या को लेकर चल रहा झगड़ा बॉम्बे हाई कोर्ट पहुंच गया है। इसलिए, डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर ने सोमवार, 19 जनवरी को सुबह 11 बजे स्टैंडिंग कमिटी और सब्जेक्ट कमिटी के गठन के लिए जो स्पेशल मीटिंग बुलाई थी, उसे सोमवार शाम 5 बजे तक के लिए टाल दिया है। हाई कोर्ट ने यह आदेश दिया है।

अंबरनाथ नगर परिषद के कुल 59 मेंबरों में से 27 शिवसेना के, 14 बीजेपी के, 12 कांग्रेस के, 4 नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी के और 2 इंडिपेंडेंट हैं। इस बीच, मेयर पद के सीधे चुनाव में बीजेपी की तेजश्री करंजुले-पाटिल शिवसेना कैंडिडेट को हराकर चुनी गई हैं। क्योंकि 30 सदस्यों की जरूरत थी, लेकिन किसी भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला और शिवसेना-बीजेपी गठबंधन की बातचीत हुई, लेकिन सफल नहीं रही, इसलिए बीजेपी ने कांग्रेस, एनसीपी और एक निर्दलीय के साथ अंबरनाथ विकास आघाडी बनाई और कुल 31 सदस्यों का लेटर जाकर डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर को दिया। हालांकि, इस गठबंधन में एनसीपी के चार सदस्यों ने गठबंधन छोड़ दिया और शिवसेना को अपना समर्थन देने का ऐलान कर दिया।

## स्टेट अपडेट

### साइकलिंग स्पर्धा : कई जगहों पर आज स्कूल-कॉलेज रहेंगे बंद

■ भाषा, पुणे : अंतरराष्ट्रीय साइकलिंग स्पर्धा 'पुणे ग्रैंड टूर-2026' के मद्देनजर पुणे के कई हिस्सों में स्कूल, कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थान सोमवार को बंद रहेंगे। अधिकारियों ने रविवार को बताया, इस आयोजन की 'प्रोलॉग रेस' सोमवार को शहर में आयोजित की जाएगी, जिसके कारण सुबह 9 से शाम 6 बजे तक प्रमुख सड़कों को यातायात के लिए बंद रखा जाएगा। पुरुषों के लिए 5 दिवसीय 'कॉन्टिनेंटल रोड साइकलिंग रेस' 19 से 23 जनवरी तक चलेगी और यह दक्कन पठार और सह्याद्री पर्वतमाला के पार 437 किमी के मार्ग से होकर गुजरेगी। स्पर्धा में 35 देशों की 29 टीम के 171 साइकिल चालक भाग ले रहे हैं।

### 'भेदभाव को मन से मिटाना होगा'

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर : आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा, अगर जातिगत भेदभाव को खत्म करना है, तो सबसे पहले जाति को मन से मिटाना होगा। भागवत ने शनिवार को यहां आयोजित जन संगोष्ठी में कहा, पहले जाति का संबंध पेशे और काम से था, लेकिन बाद में इसने समाज में पैठ बना ली और भेदभाव का कारण बनी। यह संगोष्ठी आरएसएस के शताब्दी वर्ष के मौके पर आयोजित की गई थी, जिसमें आरएसएस प्रमुख भागवत ने जनता के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा, यदि ईमानदारी से इस दिशा में काम किया जाए, तो 10-12 वर्षों में जातिवाद समाप्त हो जाएगा।

### इतिहासकार रामचंद्र मोरवंचीकर का हुआ निधन

■ भाषा, छत्रपति संभाजीनगर: इतिहासकार-लेखक रामचंद्र मोरवंचीकर का महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। वह 88 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। डॉ. मोरवंचीकर ने डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय में इतिहास विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य किया और पर्यटन विभाग के निदेशक के रूप में भी सेवाएं दीं। उन्होंने सातवाहन युग के अध्ययन में महत्वपूर्ण पुस्तक 'प्रतिष्ठान ते पैठन' की रचना की। उन्होंने 16 पुस्तकें और लगभग 200 शोध पत्र लिखे हैं।

### पुलिस वैन की बाइक से टक्कर, एक की मौत

■ पीटीआई, बीड : बीड जिले में एक पुलिस वैन की बाइक से टक्कर हो गई, जिसमें 35 साल के बाइक सवार की मौत हो गई और पीछे बैठा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को बताया, पुलिस की गाड़ी ज्ञानराधा मल्टी-स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले के मुख्य आरोपी सुरेश कुटे व उनकी पत्नी अर्चना कुटे को कैन से बीड ले जा रही थी। यह घटना शनिवार शाम बीड-अंबाजोगाई रोड पर हुई, जिसमें अमोल हांडगे गंभीर रूप से घायल हो गए और रविवार सुबह उनकी मौत हो गई। अमोल के साथी विक्रम हांडगे (35) भी गंभीर रूप से घायल हैं।

## व्रत-त्योहार

19 से 25 जनवरी 2026 तक
-आचार्य बाल कृष्ण मिश्र

**19 जनवरी, सोमवार: गुप्त नवरात्रि प्रारंभ, वल्लभाचार्य जयंती:** हिंदू पंचांग के अनुसार, माघ शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ होता है। नवरात्रि वर्ष में चार बार आती है। माघ मास की गुप्त नवरात्रि में तांत्रिक साधनाओं का विशेष महत्व होता है और साधक इस दौरान विशेष अनुष्ठान करते हैं। इसी दिन वल्लभाचार्य जयंती भी मनाई जाती है।

**20 जनवरी, मंगलवार: पंचक प्रारंभ:** हिंदू पंचांग के अनुसार 27 नक्षत्रों में से पांच नक्षत्र पंचक के अंतर्गत आते हैं। इस दिन रात 1:30 बजे से पंचक प्रारंभ हो जाएगा। पंचक के दौरान दक्षिण दिशा की यात्रा वर्जित मानी जाती है।

**22 जनवरी, गुरुवार: माघी गणपति स्थापना, श्री गणेश चतुर्थी व्रत:** हिंदू पंचांग के अनुसार इस दिन माघ शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि है। इस दिन श्री गणेश चतुर्थी व्रत रखा जाता है। साथ ही इसी दिन माघी गणपति की स्थापना का विशेष महत्व है।

**23 जनवरी, शुक्रवार: बसंत पंचमी:** हिंदू पंचांग के अनुसार इस दिन माघ शुक्ल पक्ष की बसंत पंचमी है। शास्त्रों के अनुसार इसी दिन देवी सरस्वती का पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। इस कारण इस दिन विद्यालयों में सरस्वती पूजन किया जाता है।

**24 जनवरी, शनिवार: शीतला षष्ठी व्रत:** हिंदू पंचांग के अनुसार इस दिन शीतला षष्ठी का व्रत किया जाता है। इस व्रत का विशेष महत्व पश्चिम बंगाल सहित पूर्वी भारत के क्षेत्रों में माना जाता है।

**25 जनवरी, रविवार: अचला सप्तमी व्रत:** हिंदू पंचांग के अनुसार इस दिन अचला सप्तमी व्रत किया जाता है, जिसे रथ सप्तमी के नाम से भी जाना जाता है। संयोगवश, इस दिन पंचक का प्रभाव दिन में 11:45 बजे तक रहेगा।

# झंडा लगाने पर हुआ विवाद

■ NBT न्यूज, नवी मुंबई: उलवा में रविवार को एक झंडे को लेकर दो पक्षों में विवाद खड़ा हो गया। उलवा सेक्टर 9 में मौजूद डिजाइनर्स एस्टर इमारत की दूसरी मंजिल पर रहने वाले एक परिवार ने अपनी खिड़की पर झंडा लगाया था, जो कि दूर से कथित तौर पर सऊदी अरब का झंडा दिख रहा था। स्थानीय नागरिकों ने इस पर विरोध दर्ज करवाया और पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने वहां पहुंचकर झंडा उतारने का आह्वान किया।

झंडा लगाने वाले परिवार ने कहा- विदेशी नहीं, धार्मिक है झंडा

झंडा उतारे जाने के बाद झंडा लगाने वाले परिवार के सदस्यों ने दावा किया कि उनका झंडा धार्मिक है, जिस पर कलमा लिखा हुआ है और यह किसी देश अन्य देश का झंडा नहीं है। हालांकि, इस मुद्दे पर विवाद छिड़ गया और बहस हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों का बीच-बचाव कर मामला शांत करवाया। दोनों पक्षों में समझौता करवाया गया। झंडा लगाने वालों से अपील की गई कि वे ऐसा कोई काम न करें, जिससे तनाव बढ़े।

## मुंबई हलचल

आप हमें 91045 87231 पर जानकारी व्हॉट्सऐप भी कर सकते हैं।



परोपकार की महिला समिति द्वारा जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क खाद्य सामग्री वितरण किया गया। परोपकार की भाईंदर क्षेत्रीय समिति के अध्यक्ष मदनलाल भूतड़ा ने बताया परोपकार संस्था की ओर से यह अनाज वितरण का कार्यक्रम विभिन्न क्षेत्रों में किया गया। केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य नटवर डागा ने बताया कि वितरण से पहले सभी से सर्वप्रथम भगवन्नाम संकीर्तन करवाया गया। इस कार्यक्रम में संस्था के रमेश भूतड़ा, महिला समिति से मंजू मालपानी, मनोज जागिड़, राजेश माहेश्वरी आदि के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# व्हेल मछली की उल्टी बेचने वाले दो गिरफ्तार

■ NBT न्यूज, नालासोपारा

तुलिंज पुलिस ने प्रगति नगर इलाके ने व्हेल मछली की उल्टी (एम्बरग्रीस) बेचने आए दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 1 किलो 888 ग्राम उल्टी बरामद की गई, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 1 करोड़ 85 लाख 88 हजार रुपये बताई गई है।

1,85,88,000 रुपये की उल्टी बरामद

जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर साढ़े तीन बजे तुलिंज पुलिस में तैनात पुलिसकर्मी इस्माइल छपरीबन को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग प्रगति नगर इलाके में व्हेल मछली की उल्टी बेचने आने वाले हैं। सूचना के बाद छपरीबन ने इसकी जानकारी वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव को दी। इसके बाद टीम ने जाल बिछाकर कादर गफार करवा और किशोर सकपाले को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली, तो उनके पास से 1किलो 888 ग्राम उल्टी बरामद की गई। इसकी कीमत 1 करोड़ 85 लाख 88 हजार रुपये बताई गई है।

# नालासोपारा की सड़कों पर लगा ट्रैफिक जाम, लोग रहे परेशान

## संतोष भुवन, धानिवबाग, बिलाल पाड़ा, आचोले रोड पर रही दिक्कत

■ NBT न्यूज, नालासोपारा



**रविवार को** नालासोपारा की सड़कों पर भारी ट्रैफिक जाम रहा, जिससे यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सुबह से ही शहर की मुख्य सड़कों से लेकर गली-मोहल्लों की सड़कों पर वाहन रेंगते नजर आए। सबसे बुरा हाल नालासोपारा से मुंबई-अहमदाबाद हाइवे जाने वाले मार्ग का रहा। यहां तीन से चार किमी का लंबा जाम लगने से लोग काफी परेशान हुए।

पिछले कुछ दिनों से मनपा चुनाव में भागदौड़ के बाद रविवार को छुट्टी के दिन लोग घरों से बाहर निकले, लेकिन सुबह से ही सड़कों पर ट्रैफिक जाम की समस्या ने लोगों को निराश कर दिया। आधा घंटे की दूरी तय करने में लोगों को दो से तीन घंटे लग गए। सबसे बुरा हाल नालासोपारा के संतोष भुवन, धानिवबाग, बिलाल पाड़ा, गाला नगर तुलिंज रोड, आचोले रोड का रहा, जहां घंटों जाम में फंसे जाने से लोग काफी परेशान दिखाई दिए।

शहर में ट्रैफिक पुलिस का नहीं होना और सड़कों पर वाहनों की अवैध पार्किंग ट्रैफिक जाम की मुख्य वजह बनी। रविवार को बाजारों में भीड़भाड़ अधिक होने से काफी चहल-पहल रहती है। लेकिन ट्रैफिक जाम ने रंग में भंग कर दिया और खरीदी करने आने वाले ग्राहकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

# 'मशाल' की लौ से मद्धम हुआ 'धनुष-बाण' का तेज़, खिला कमल

■ अमित तिवारी, मीरा-भाईंदर: एमबीएमसी चुनावों में शिवसेना के दोनों गुटों के बीच चली सियासी खींचतान का सबसे बड़ा खामियाजा शिंदे सेना को उठाना पड़ा। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना की 'मशाल' से शिंदे गुट का 'धनुष-बाण' पीछे रह गया है। मराठी मतों के विभाजन ने ऐसा समीकरण बनाया कि शिंदे सेना को लगभग दो दर्जन सीट पर नुकसान हुआ। पिछली बार अविभाजित शिवसेना ने जहां 22 सीटें जीती थीं, वहीं इस बार शिंदे सेना 3 और उद्धव सेना 0 सीट पर सिमट गई। वहां बीजेपी ने 78 सीटें जीतीं।



MBMC: BJP ने मारी बाजी

चुनाव पूर्व यह अनुमान था कि शिवसेना के विभाजन के बाद शिंदे गुट मराठी मतों का बड़ा हिस्सा अपने पक्ष में बनाए रखने में सफल रहेगा। खासकर उन प्रभागों में, जहां परंपरागत रूप से शिवसेना का प्रभाव रहा है, वहां शिंदेसेना मजबूत दावेदार मानी जा रही थी। लेकिन जमीनी स्तर पर तस्वीर बिल्कुल उलट नजर आई। शिवसेना के पारंपरिक मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग उद्धव ठाकरे के साथ खड़ा दिखा, जबकि मनसे के मतों ने भी समीकरण को और जटिल बना दिया।

मीरा-भाईंदर के मराठीबहुल प्रभागों में मतों का बंटवारा निर्णायक साबित हुआ। जिन सीटों पर शिंदेसेना को जीत की उम्मीद थी, वहीं मतों के विभाजन के कारण उसे हार का सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर शिंदे सेना और उद्धव सेना के उम्मीदवारों के बीच वोट बंटे, जिसका सीधा लाभ बीजेपी को मिला। बीजेपी ने इस अवसर को भुनाते हुए लगभग 2 दर्जन सीट पर बढ़ोतरी हासिल की।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह चुनाव केवल स्थानीय मुद्दों का नहीं, बल्कि नेतृत्व और पहचान की लड़ाई भी था। उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना की वैचारिक अपील और भावनात्मक जुड़ाव ने मतदाताओं को प्रभावित किया। वहीं शिंदे सेना सरकार में शामिल होने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उस भरोसे को कायम नहीं रख सकी। कुल मिलाकर मीरा-भाईंदर का जनादेश यह संकेत देता है कि मराठी मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग अब भी उद्धव ठाकरे के नेतृत्व को प्राथमिकता दे रहा है।

Great Place To Work. Certified DEC 2025-DEC 2026 INDIA

LARSEN & TOUBRO



# IF BUILDING NATIONS INSPIRES YOU, L&T HAS JUST THE RIGHT OPPORTUNITIES FOR YOU.

As the country's foremost technology, engineering, construction & services conglomerate, Larsen & Toubro has a multi-decade-long legacy of building nations. We are now seeking dynamic, accomplished professionals who dream big to join us to design landmarks of the future that are the tallest, largest, deepest, smartest, and most complex of infrastructure projects.

Exciting opportunities beckon you across projects in: Data Centres | High-Rise Building | Airports | Solar PV | BESS | Wind Onshore | Hydel | Metros | Highways | Railways | Signalling & Telecom | Transmission Lines & Substations | Tunnels | Oil & Gas EPC (Onshore/Offshore) | Marine | Nuclear | Metallurgical

## EXECUTION / MANUFACTURING / PLANNING / CONTRACTS

**TFL Head / Project Director / Project Manager / Deputy Project Manager / Construction Manager** – Solar PV, BESS, Wind (onshore), Substation, MEP, Transmission Line, Oil & Gas, Marine

**Project Control Manager / Planning Engineer / Contracts**

**Hydraulic Engineer, Engine Specialist, Heavy Lift, Welding, Blade Shop, Boiler Erection, Turbine & Generator Specialist**

**Construction Equipment** – Sales & Service

**Business Development** – Spares & Service

## DESIGN

**Design Lead / Manager / Engineer** – Geotechnical, Bridges, Structures, PSI, OHE, DC, AC, Precast, BESS, Piping, Substation, Hydraulics, Powertrain, Marine, Railways

**Architect, Interior Design**

## QUALITY / ENVIRONMENT, HEALTH & SAFETY

**Manager / Engineer** – Quality Control & Assurance

**Manager / Engineer** – Environment, Health & Safety

## TUNNELLING

**Construction Manager / Superintendent** – Road / Rail / Hydro

**Manager / Engineer / Supervisor / Surveyor / Operator / PLC** – TBM

## TECHNOLOGY

**Solution Architect** – AI, Managed services

**AI & Cloud Sales**

**Enterprise Architect**

**Principal Data Scientist**

**Platform & UI Developers**

**Back-end and Front-end Developers**

**Test Engineers & Programme Managers**

## EDUCATIONAL QUALIFICATIONS

(Full-time only, from reputed institutions, with strong academics and no history of backlogs / arrears)

**Design Roles:** Postgraduate / Graduate in Engineering (Civil / Mechanical / Electrical / Computer Science / Geotechnical / Architecture) with 5+ years of relevant experience

**All Other Roles:** Graduate in Engineering (Civil / Mechanical / Electrical / Computer Science / IT-Data Science, Artificial Intelligence / Electronics & Communication) with 5+ years of relevant experience

**Diploma Engineers:** 10+ years of relevant experience

**EHS:** Engineering Degree / Diploma + Diploma in Industrial Safety (NEBOSH IGC certification preferred)

**Planning / Contracts:** Certifications in MS Primavera, PMP, or FIDIC preferred

Interested candidates can apply by uploading their CV via the link **(https://tinyurl.com/3jjahu25)** or by scanning the **QR code.**

***Join L&T. Engineer the Future. Build a Legacy.***

**Note:** L&T does not ask for money from candidates at any stage of the recruitment process. Freshers and those who have applied / interviewed earlier (in the last 6 months) need not apply.

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMTEN User: cci Time: 01-18-2026 22:45 Color:




आधुनिक खेलों की पहचान उनकी संगठित व्यवस्था, नियमों और संस्थागत नियंत्रण से होती है। - *एलन गुटमैन, खेल समाजशास्त्री*

# प्रशासनिक नाकामी

इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट आखिरकार खत्म हुआ। खिलाड़ियों के प्रदर्शन से ज्यादा यह याद रह जाएगा बदइंतजामी की शिकायतों के लिए। जो टूर्नामेंट एक विश्वस्तरीय आयोजन का उत्सव बन सकता था, आखिर में प्रशासनिक नाकामी का उदाहरण बनकर रह गया।

**गंदगी की शिकायत ।** यह टूर्नामेंट शुरू से ही खेल से इतर वजहों से चर्चा में रहा। दुनिया के नंबर 3 रैंक खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एंटोनसेन ने दिल्ली के वायु प्रदूषण के चलते अपना नाम वापस ले लिया। इसके बाद कभी चिड़िया की बीट कोर्ट पर गिरी, कभी बंदर घुस आया। डेनमार्क की शटलर मिया ब्लिचफेल्ड ने साफ-सफाई की कमी का मुद्दा उठाया। अफसोस कि पिछले साल भी उन्होंने ऐसी ही शिकायत की थी। यानी साल बीता, पर उससे सबक नहीं लिया गया।


टूर्नामेंट में अव्यवस्था

**खराब हवा ।** इस टूर्नामेंट की खामियां दो चीजों की ओर ध्यान खींचती हैं - व्यवस्था और मौसम। दिल्ली की खराब हवा का प्रत्यक्ष असर दूसरी गतिविधियों पर दिख रहा है। टूर्नामेंट से हटने के कारण एंडर्स एंटोनसेन को बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन की पेनल्टी भुगतनी पड़ेगी। सोचने वाली बात है कि एक खिलाड़ी सजा भुगतने को तैयार है, पर खेलना नहीं चाहता।

**लगातार लापरवाही ।** समस्या यह है कि पहले जो कमियां पकड़ में आ चुकी हैं, उन पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा। पिछले साल दिल्ली में ही, जवाहर लाल नेहरू स्टेडियम में वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप हुई थी, जहां आवारा कुत्ते ने दो विदेशी कोच को काट लिया था। तब भी बेहद शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी।

**रखरखाव में कमी ।** टूर्नामेंट जिस इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम में खेला गया, वह भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के पास है। इसके रखरखाव और देखभाल की जिम्मेदारी साई की है। टूर्नामेंट के पहले संबंधित संघों को स्टेडियम किराये पर उपलब्ध कराया जाता है। इस टूर्नामेंट ने रखरखाव की पोल खोल दी है।

**क्षमता पर सवाल ।** पिछले दिनों जो कुछ हुआ, वह केवल इसी टूर्नामेंट तक रहने वाली बात नहीं है। इस साल इसी वेन्यू पर भारत को बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप की मेजबानी करनी है। साथ ही देश अब विश्वस्तरीय खेल आयोजन कराना चाहता है। 2030 में अहमदाबाद में कॉमनवेल्थ गेम्स होंगे, जबकि 2036 के ओलिंपिक्स की दावेदारी की तैयारी है। लेकिन, इंडिया ओपन की वजह से यह सवाल उठता है कि क्या देश वाकई तैयार है। इन कमियों को छोटी घटनाएं कहकर खारिज नहीं किया जा सकता, क्योंकि इनका असर खेल के आगे पूरे देश की छवि पर पड़ता है।

## नश्तर

# पार्क और ट्रंप


सौरभ श्रीवास्तव

कॉलोनी की कल्याण समिति के महामंत्री ने एक रोज घोषणा की, 'मैं पार्क को अपने घर में मिला लूंगा। वैसे भी एक सड़क ही तो है और पार्क की बाउंड्री भी बहुत ऊंची नहीं।' मुझे बात का सिर-पैर ही नहीं समझ आया तो पूछा, 'आप कहां से प्रेरणा ले रहे हैं?' बोले, 'दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति से।' मैंने दिव्य पुरुष का दि... ही बोला था कि उन्होंने भारी-सी आवाज में कहा 'डॉनल्ड ट्रंप' और मेरे अरमान ठंडे हो गए। मैं अचरज से सिर खुजलाने लगा तो उन्होंने साफ किया, 'देखिए, अमेरिका की सुरक्षा को खतरा है तो वह ग्रीनलैंड ले रहा है कि नहीं, वैसे ही मुझे खतरा है तो मैं सामने वाला पार्क अपने घर में मिला लूंगा।' 'कैसा खतरा?' 'पार्क में बच्चे खेलते हैं तो पीछे खतरा होते हैं। प्रेमी जोड़े बैठते हैं। अश्लीलता फैलाते हैं।' 'पर बच्चों को तो प्रेमी जोड़ों से कोई दिक्कत नहीं?' महामंत्री बोले, 'वे तो बच्चे हैं, वे क्या जानें।' 'प्रेमियों को देखकर दिक्कत अगर बड़े होने पर होती है, तो काश ये बच्चे ही रहें।' मैंने अपने लहजे को पूरी भावुकता से तरजीह किया। महामंत्री का चेहरा सख्त हो गया। त्योरी तानते हुए बोले, 'क्या चाहते हो तुम, पार्क में जो हो रहा है होता रहे?' 'मेरे चाहने से क्या होता है? मैंने तो कई बार प्रयास किया कि प्रेमियों को देखकर बच्चे भड़क जाएं, पर वे खेलने से फुर्सत ही तब ना!' महामंत्री और भड़क उठे, 'क्या कहना चाहते हो, मेरे पास कोई काम नहीं?' 'मेरा ऐसा कोई इरादा था। मेरे कहे का निहितार्थ आपने ही निकाला।' मैंने खुद का बचाव किया। बात 'देख लूंगा' तक पहुंचे इससे पहले मैंने रवानगी डालना बेहतर समझा। कुछ दिनों बाद पार्क में एक बोर्ड लगाया गया - पार्क में कोई बैठेगा, खेलना मना है। थोड़ी ही देर में किसी बच्चे ने चॉक से बोर्ड पर लिखा - इस पार्क को अपने घर में रख लें। मन किया कि इस बच्चे को ढूंढकर नोबेल

## एकदा

संकलन : दीनदयाल मुरारका

# ठंड में दंड बैठक

तब देश गुलामी की जंजीर में जकड़ा हुआ था। एक बार की बात है। कड़ाके की ठंड पड़ रही थी। एक अंग्रेज पुलिस अफसर एक निर्दोष भारतीय के साथ सरेआम अभद्र व्यवहार कर रहा था। पास ही सात-आठ वर्ष का एक बालक यह दृश्य देख रहा था। उससे यह सहा नहीं गया। गुस्से में आकर उसने एक पत्थर उठाया और उस अंग्रेज अफसर पर दे मारा। पत्थर लगने से अफसर घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। काफी खोजबीन के बाद वह बालक पकड़ लिया गया। अंग्रेज अफसर ने उसे बुरी तरह डांटा और सबक सिखाने के लिए कठोर सजा दी, कड़ाके की ठंड में खुले मैदान में पूरी रात नंगे बदन रहने को कहा। पहरे के लिए दो चौकीदार तैनात कर दिए गए। कुछ समय बाद ठंड से बचने के लिए चौकीदार कंबल ओढ़कर सो गए। आधी रात को जब उनकी नींद खुली, तो वे यह देखकर दंग रह गए कि वह बालक भयानक ठंड से बेपरवाह लगातार दंड-बैठक कर रहा था और उसके शरीर से पसीना बह रहा था। न ठंड का डर, न सजा का भय, उसके चेहरे पर ऐसा उत्साह था। यह साहसी और निडर बालक आगे चलकर चंद्रशेखर आजाद के नाम से मशहूर हुआ।

Subrata Dhar


## भारत-EU के बीच बढ़ा सहयोग, जर्मन चांसलर के दौरे से मज़बूत हुए रिश्ते

# भविष्य में और गहरी होगी दोस्ती


हर्ष वी. पंत

**इस महीने** की शुरुआत में जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज की भारत यात्रा ने दोनों देशों के रिश्तों को नई दिशा दी। यह मौका दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के 25 साल और राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का भी था। इस दौरे की बड़ी बात यह रही कि आपसी रिश्ता अब सिर्फ व्यापार और निवेश तक सीमित न होकर, मजबूत रणनीतिक साझेदारी में बदल रहा है। इस दौरान 19 अहम समझौतों पर सहमति बनी। इससे यूरोप की आधुनिक टेक्नॉलजी और भारत की उत्पादन क्षमता के बीच गैप कम होगा।

**रक्षा सहयोग ।** डिफेंस इंडस्ट्रियल कोऑपरेशन को लेकर साझा घोषणा को इस दौरे की सबसे महत्वपूर्ण बात कह सकते हैं। इससे भारत और जर्मनी का रिश्ता महज विक्रेता और ग्राहक से आगे बढ़ेगा। दोनों देश मिलकर हथियारों का विकास और निर्माण करेंगे। उम्मीद है कि इससे निर्यात आसान होगा और जर्मनी की अहम रक्षा तकनीक भारत पहुंचेगी। चांसलर मर्ज के साथ बड़ी पनडुब्बी कंपनियों के प्रतिनिधि भी थे। इससे संकेत मिलता है कि 6 आधुनिक पनडुब्बियों की अरबों डॉलर की परियोजना आगे बढ़ी है।

**अहम समझौते ।** दुनिया में बढ़ते संरक्षणवाद के बीच दोनों नेताओं ने सप्लाई चेन को विविध बनाने की जरूरत पर बात की। एक नया CEO फोरम बनाया गया, ताकि सरकारी निवेश पर फैसला लेने वाली समितियों में बिजनेस लीडर्स की सीधी भागीदारी हो सके। सेमीकंडक्टर, क्रिटिकल मिनरल्स और टेलीकम्युनिकेशन में समझौते किए गए। जर्मन चांसलर ने उम्मीद जताई कि इस महीने के आखिर तक भारत-EU के बीच FTA भी फाइनल हो सकता है।

**मदद का वादा ।** जर्मनी ने 'ग्रीन एंड सस्टेनेबल डिवेलपमेंट पार्टनरशिप' के लिए 1.24 अरब यूरो की अतिरिक्त मदद का वादा किया है। इन पैसों का इस्तेमाल ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक वाहनों और जलवायु परिवर्तन का सामना कर सकने वाले अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास में किया जाएगा। भारत की AM Green और जर्मनी की Uniper के बीच ग्रीन अमोनिया पर समझौता महत्वपूर्ण रहा।

**आपसी संपर्क ।** इस दौरे में दो महत्वपूर्ण घोषणाएं हुईं। एक है वीजा फ्री ट्रांजिट। अब भारतीय पासपोर्ट धारक जर्मनी के एयरपोर्ट से बिना वीजा के ट्रांजिट कर सकेंगे। दूसरी घोषणा शिक्षा के क्षेत्र में आई। जर्मनी के विश्वविद्यालय भारत में भी कैंपस खोलेंगे। जर्मनी में भारतीय हेल्थकेयर और आईटी प्रफेशनल्स को मौके मिलेंगे।


**संबंधों को नई दिशा**
- व्यापार में विविधता चाहते हैं भारत और यूरोप
- अमेरिका व चीन से दोनों को मिल रही चुनौती
- रणनीतिक साझेदारी, टेक ट्रांसफर पर फोकस

**मैक्रो की यात्रा ।** अगले महीने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों 'इंडिया-AI इम्पैक्ट समिट' में हिस्सा लेने के लिए नई दिल्ली आने वाले हैं। पहली बार ग्लोबल साउथ में वैश्विक AI सम्मेलन होने जा रहा है। मैक्रों ने भारत की इस बात का समर्थन किया है कि तकनीक का फायदा विकासशील देशों के साथ भी बांटा जाना चाहिए।

**EU नेताओं का दौरा ।** पीएम मोदी के निमंत्रण पर यूरोपीय काउंसिल के अध्यक्ष एंटोनियो लुइस सांतोस दा कोस्टा और यूरोपीय कमिशन की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन 25 से 27 जनवरी तक भारत का राजकीय दौरा करेंगे। दोनों नेता 77वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और 27 जनवरी को 16वें भारत-EU शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता करेंगे।

**वैश्विक बदलाव ।** भारत-EU संबंधों पर भू-राजनीतिक बदलाव का असर पड़ा है। ट्रंप की नीतियों, विश्व व्यवस्था में अस्थिरता, चीन की हठी और नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की जरूरत ने भारत-EU को पास लाया है, खासकर हिंद प्रशांत क्षेत्र में।

**चीन पर नजर ।** दोनों के बीच अब भी आर्थिक संबंध सबसे अहम हैं। फ्री ट्रेड एग्रीमेंट, निवेश की सुरक्षा और मजबूत सप्लाई चेन में दोनों पक्षों की दिलचस्पी है। यह दिखाता है कि भारत और यूरोप व्यापार में विविधता लाना चाहते हैं, ताकि चीन पर अति निर्भरता न रहे। EU की नजर में भारत तेजी से बढ़ता बाजार है। डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, सेमीकंडक्टर, ग्रीन हाइड्रोजन और क्लाइमेट एक्शन पर सहयोग बढ़ा है। हालांकि EU की कार्बन बॉर्डर जैसी नीति की वजह से थोड़ा टकराव भी है।

**नई व्यवस्था ।** भारत और EU ऐसी बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था चाहते हैं, जहां उन्हें महाशक्तियों के बीच अपनी रणनीतिक स्वतंत्रता बनाए रखने का मौका मिले। इसी वजह से दोनों स्वाभाविक साझेदार बनकर उभरे हैं। आने वाले समय में यह रिश्ता और मजबूत होने की उम्मीद है।

*(लेखक लंदन के किंग्स कॉलेज में प्रफेसर हैं)*

# मूंगफली के साथ कर सकते हैं समय की सैर

AI Image

**जीवन आनंद**
शैलेंद्र पांडेय

**टाइम ट्रैवल** की चर्चा धर्म में भी है और विज्ञान में भी। इस यात्रा पर कोई गया भले न हो, पर विज्ञान कहता है कि यह बिल्कुल असंभव भी नहीं। अल्बर्ट आइंस्टाइन ने बताया कि समय नियत नहीं है, यह हर किसी के लिए एक-सा नहीं बहता। कोई चीज जितनी तेज चलती है, उसके लिए उतना ही धीमा हो जाता है समय। विज्ञान के इस गूढ़ रहस्य को समझने का शायद सबसे सरल उपाय है मूंगफली। इसके साथ भी वक्त की लय एक जैसी नहीं रहती। जब मूंगफली पास होती है, तो वक्त तब तक खत्म नहीं होता, जब तक मूंगफली खुद खत्म नहीं हो जाती। भले आइंस्टाइन की थिअरी के मुताबिक हम अभी तक ऐसा वीकल ईजाद नहीं कर पाए, जो प्रकाश की गति से भी तेज चल सके, पर मूंगफली के रूप में ऐसी चीज जरूर पा ली है, जो वक्त पर लगाम लगा दे।

समय की तरह ही स्वाद में भी शब्दों से परे है मूंगफली। यह शाही पकवान नहीं, आम लोगों की 'चिनिया बादाम' है, फिर भी अपनेपन से भर देती है सभी को। हल्की-सी गर्माहट लिए इसके छिलके जैसे ही खड़खड़ाहट के साथ टूटते हैं, एक सोंधी महक हवा में फैल जाती है। भूरे कवच में बंद गुलाबी दाने हथेलियों पर आकर और खिल उठते हैं।

फिर हर एक दाना दांतों से लड़ते हुए जो कुरकुराहट देता है, उसकी आवाज खुद के ही कानों को भली लगती है बहुत। कहा जाता है कि इंसान एक ही काम करते हुए ऊब जाता है और इसका असर पड़ता है क्वॉलिटी पर, इसलिए जरूरत पड़ी मशीनों की, लेकिन मूंगफली उन कुछ कामों में से एक है, जिसे लेकर कभी ऊब नहीं होती। एक ही प्रक्रिया बार-बार चलती रहती है और कमाल है कि हर बार, मूंगफली का हर दाना उतना ही अनोखा लगता है, जितना पहला लगा था। और रही बात एफिशिएंसी और क्वॉलिटी की, तो मजाल है कि उसमें कोई कमी आए। इसे खाने की रफ्तार एक-सी चलती रहती है।

स्क्रीन ने सबका वक्त चुरा लिया, पर मूंगफली अब भी बची है। मूंगफली को खाते समय ध्यान रहता है सिर्फ इस पर। न एक भी दाना इधर से उधर होता है और न आखिर में एक भी फली साबुत बचती है। मूंगफली का असली मजा इसकी लय में है - पहले दाने, फिर मसालेदार नमक और आखिर में हरी चटनी... रिपीट।

समय को यूं थामने वाली मूंगफली खुद भी समय से लड़ते हुए पहुंची है यहां तक। 7,500 साल पहले दक्षिण अमेरिका के लोगों ने खोज कर ली थी इसकी। उनके लिए यह केवल भोजन ही नहीं, धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतीक भी थी। बाद में स्पेनिश और पुर्तगाली व्यापारियों के साथ यह अफ्रीका पहुंची और वहां से एशिया। आज यह हिंदुस्तान में फसल ही नहीं, लोक-संस्कृति का हिस्सा है - सर्दियों की शाम और चार लोगों की जुटान की पहचान। उन यादों से जुड़ी, जहां कोई भी मेला इसकी खरीदारी बिना पूरा नहीं होता था। सफर की साथी, जिसके साथ समय का पता नहीं चलता।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in


# काम शुरू करने से पहले अपने मन से तो पूछ लीजिए

ब्रह्मा कुमारी शुक्ला

**जिस प्रकार** हमारे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए भोजन की आवश्यकता होती है, उसी प्रकार मन को भी सही खुराक चाहिए। यदि हमारे भीतर अशुभ सोच, चिंता, भय या तनाव भरा रहता है, तो ये मन को कमजोर बना देते हैं। इसके विपरीत शुद्ध संकल्प और शुभ भावनाएं मन को शक्ति प्रदान करती हैं। जैसे सात्विक और संतुलित आहार शरीर को स्वस्थ और दीर्घायु बनाता है, वैसे ही सात्विक सोच मन को स्वस्थ रखती है, जबकि अपवित्र, उत्तेजक और नकारात्मक विचार मन को रोगी और दुर्बल बना देते हैं।

यह देखना आवश्यक है कि हमारे संकल्प किस प्रकार के हैं और उनका प्रभाव स्वयं व दूसरों पर क्या पड़ेगा।

सामान्य रूप से मन में चार प्रकार के संकल्प चलते रहते हैं- व्यर्थ, आवश्यक, नकारात्मक और सकारात्मक। इनमें व्यर्थ और नकारात्मक संकल्प सबसे अधिक हानिकारक होते हैं। ये मन, बुद्धि और कर्मेंद्रियों पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं, जिससे मनोबल कमजोर हो जाता है। मनोबल के कमजोर होने पर व्यक्ति बाहरी परिस्थितियों और जीवन की चुनौतियों का सामना ठीक से नहीं कर पाता। नकारात्मक संकल्पों के कारण हम स्वयं भी दुखी रहते हैं और अनजाने में दूसरों के लिए भी तनाव का कारण बन जाते हैं।

AI Image


इसके बावजूद हमारे भीतर सकारात्मक सोच की कुछ शक्ति सदैव बनी रहती है, जिसके कारण हम स्वयं को और दूसरों को सुख और शांति का अनुभव करा पाते हैं। इस शक्ति को बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि हम अपनी आंतरिक शांति, स्नेह और खुशी जैसे आत्मिक गुणों का नियमित चिंतन करें। यही सात्विक सोच कहलाती है। सात्विक चिंतन से परमात्मा के सत्य स्वरूप, उनके सकारात्मक गुणों और दिव्य शक्तियों का अनुभव सहज होने लगता है, और आत्मा पुनः स्वस्थ, स्वच्छ, शक्तिशाली और प्रसन्न बनती है।

इन बातों को जीवन में उतारने के लिए हमें प्रतिदिन कुछ समय स्व-अध्ययन और मनन-चिंतन के लिए अवश्य निकालना चाहिए। मन को शांत और स्थिर रखें, वाणी और संकल्पों को मधुर व संयमित बनाएं।

## कांटे की बात




मोहन भागवत, RSS प्रमुख

## डेटा Window

*दिल्ली में 10 से 18 जनवरी तक चले विश्व पुस्तक मेला में युवाओं की खासी दिलचस्पी देखने को मिली। वहीं, हमेशा सुर्खियां बटोरने वाले जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का आज आखिरी दिन है। इंटरनेट की बढ़ती पहुंच के बावजूद देश में किताबें मजबूती से टिकी हुई हैं।*

# कैसी है किताबों की दुनिया



₹2454 करोड़ की किताबें 2023-24 में भारत ने निर्यात कीं

**बुक पब्लिशिंग में भारत दुनिया में 10वें नंबर पर**

| | |
|---|---|
| अमेरिका | 2.75 लाख |
| चीन | 2.10 लाख |
| ब्रिटेन | 1.8 लाख |
| जापान | 1.3 लाख |
| भारत | 90 हजार |

(हर साल पब्लिश बुक टाइटल)

**हिंदी का जलवा नॉन फिक्शन में**
- 26% हिंदी में पब्लिश किताबें
- 24% के साथ अंग्रेजी सेकंड
- 9% तमिल भाषा में किताबें
- 7% बंगाली और
- 7% मराठी

- 70% लगभग बिकती हैं शैक्षणिक किताबें
- 30% हिस्सेदारी है फिक्शन और नॉन-फिक्शन की
- 9000 से ज्यादा पब्लिशर, कई एक्टिव नहीं

10.4 अरब डॉलर था बुक मार्केट भारत का साल 2024 में | 14.6 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है साल 2030 तक | 6% की दर से ग्रोथ दर्ज कर रहा है देश का बुक मार्केट

**जनता जंक्शन** — इरफान



# तकनीक तो ठीक है, पर किताबें भी पढ़नी होंगी


दिनेश प्रसाद सकलानी


यह अभूतपूर्व संभावनाओं का दौर है। ज्ञान, सूचना और तकनीक ने जीवन आसान बनाया है। डिजिटल माध्यम ने सीखने के द्वार खोले हैं। सूचनाएं तुरंत आ जाती हैं। मगर, इससे ध्यान-क्षमता कम होने वाली संस्कृति भी शुरू हो गई है। खासकर यह स्टूडेंट्स और किशोरों के लिए बड़ी चुनौती है। इसमें सतही सूचनाएं तो रहती हैं, लेकिन विषय की गहराई से समझ की कमी है।

## गहन चिंतन जरूरी

आज बच्चों का ज्यादातर समय मोबाइल, टैबलेट, लैपटॉप के सामने बीतता है। मां-बाप के लिए स्क्रीन टाइम सबसे बड़ी चिंता है। रील्स, शॉर्ट विडियो के जमाने में दिमाग भी तुरंत संतुष्टि चाहता है। नतीजतन, आज के अधिकतर स्टूडेंट्स के लिए लंबे समय तक कोई चैप्टर पढ़ना, किसी विषय पर सोचना कठिन हो गया है। सोशल मीडिया पर ज्यादा समय बिताने से दिमाग की डीप अटेंशन क्षमता प्रभावित होती है। यही कारण है कि आज के बच्चे किताबों को पूरी तरह पढ़ने के बजाय समरी, नोट्स और विडियो के भरोसे रहते हैं। इससे न केवल परीक्षा के परिणाम पर असर पड़ता है, बल्कि यह सोचने-समझने की क्षमता भी प्रभावित करती है।

यही कारण है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में शिक्षा को सिर्फ सूचना आधारित नहीं, बल्कि समझ आधारित बनाने पर जोर है। नीति का मानना है कि शिक्षा का उद्देश्य रटंत विद्या नहीं, बल्कि क्रिटिकल थिंकिंग, क्रिएटिविटी और समग्र विकास होना चाहिए। इसमें बचपन से ही पढ़ने की आदत विकसित करने पर जोर है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का परीक्षा पर चर्चा जैसा कार्यक्रम केवल परीक्षा के तनाव को कम करने का माध्यम नहीं है। इससे संदेश दिया जाता है कि शिक्षा का उद्देश्य नंबर नहीं, बल्कि समझ और आत्मविश्वास है।

AI Image


लेकिन, प्रधानमंत्री भी समय-समय पर डिजिटल उपवास पर जोर देते हैं। उनका मानना है कि आधुनिक तकनीक के साथ-साथ खेल, पुस्तक, संवाद और प्रकृति से जुड़ाव भी जरूरी है।

हालांकि, इसका समाधान सिर्फ सरकार या नीति से नहीं होगा। मां-बाप और स्कूलों को भी आगे आना होगा। घर से पढ़ाई की शुरुआत होनी चाहिए। अगर घर में किताबें नहीं होंगी, बच्चे अपने मां-बाप को पढ़ते नहीं देखेंगे, तो वे कैसे पढ़ेंगे। हम यह भी नहीं कह सकते कि तकनीक से पूरी तरह दूरी बना ली जाए। डिजिटल माध्यम ने ज्ञान को सर्वसुलभ बनाया है। प्रश्न तकनीक के होने या न होने का नहीं है, बल्कि उसके उपयोग का है। अगर स्क्रीन गहन पठन, शोध और संवाद का जरिये बने, तो अवसर है।

## सोचने के लिए पढ़िए

स्क्रीन टाइम और ध्यान-क्षमता का प्रश्न केवल आज का मुद्दा नहीं है। यह उस पीढ़ी के भविष्य से जुड़ा है, जो कल समाज, अर्थव्यवस्था और लोकतंत्र का नेतृत्व करेगी। यदि वह पीढ़ी पढ़ना नहीं सीखेगी, तो वह सोच भी नहीं पाएगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और प्रधानमंत्री का संदेश इसी का संकेत है। अंततः सवाल यह नहीं है कि स्टूडेंट्स कितनी जल्दी पढ़ते हैं, बल्कि यह है कि वे कितनी गहराई से समझते हैं। इसलिए नीति कहती है कि –

*शनैः पन्थाः शनैः कन्था शनैः पर्वतलङ्घनम्। शनैर्विद्या शनैर्वित्तं पञ्चैतानि शनैः शनैः ॥*

*(लेखक NCERT के निदेशक हैं)*

## रीडर्स मेल
www.edit.nbt.in

### BMC की चुनौतियां

**बीएमसी चुनाव** में मतदाताओं ने बीजेपी (महायुति) में अपना विश्वास जताया है। अब महायुति का नैतिक दायित्व बनता है कि यह जनता के विश्वास पर खरा उतरे। बीएमसी के पास चुनौतियों का अंबार लगा है। मुंबई के लिए सबसे पहले तो यह जरूरी है कि यहां की जनता को सांस लेने के लिए शुद्ध हवा मिल सके। इसके अलावा ट्रैफिक जाम, अतिक्रमण, स्वच्छता जैसे कई प्राथमिक मुद्दों पर बीएमसी को फोकस करना होगा। बीएमसी को जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना होगा, तभी चुनाव सार्थक होंगे। ज्ञात हो कि मतगणना के बाद शहर के अलग-अलग वार्डों में नतीजों ने यह साफ कर दिया कि मतदाताओं का मिजाज एकरूप नहीं रहा। **-प्रकाश कीर्तनिया**, ईमेल से

**readersmail.nbt@gmail.com** पर अपनी राय नाम-पते के साथ मेल करें।

# NBT GOOD न्यूज़

## विचार

आपकी असली उन्नति बाधाओं से बचने में नहीं, बल्कि उन्हें पार करने की क्षमता में है। चुनौतियों को जीतना ही वास्तविक सफलता है।

– सरदार वल्लभभाई पटेल

## कविता

### विश्वास विश्व की आस

AI Image



पर इसमें विष का वास भी
करना है यह विष निष्प्रभाव
हम सब को यह समझाते है
कैसे होना और क्या है यह
यह युक्ति तुम्हें बताते हैं।
लोकमत को बाधित कर
कुप्रथाओं का उपचार करें
जन का परिपेक्ष उपेक्षित कर
अपशब्दों को अलंकार करें
करके धारण इस विष को
आओ सब शिव बन जाते हैं
दाब इसे कर नीलमणि
सब नीलकंठ हो जाते हैं।
मन में एक दृढ़ विश्वास लिए
विपदाओं का श्रृंगार करें
सांसारिक बंधन विस्मृत कर
त्रुटियों को अंगीकार करें।
विष को अमृत कर पी जाएं
हम सब मीत कहलाते हैं
दृढ़ संकल्प से इसे हरा
आओ मिसाल बन जाते हैं।

–मृदुला, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

## उम्मीद का फैक्ट

### साइंस पढ़ने में भारत की लड़कियां बड़े देशों में सबसे आगे



*STEM (साइंस, टेक्नॉलजी, इंजीनियरिंग, गणित) की पढ़ाई में भारतीय महिलाओं ने अमेरिका, ब्रिटेन जैसे विकसित देशों को भी पीछे छोड़ दिया है।*

- भारत में STEM विषयों (विज्ञान, तकनीक, इंजीनियरिंग और गणित) से ग्रैजुएट करने वालों में 43% महिलाएं हैं। यह दुनिया में सबसे ऊंचे आंकड़ों में से एक है।
- STEM ग्रैजुएशन में महिलाओं की भागीदारी अमेरिका में 34%, ब्रिटेन में 38%, और जर्मनी में मात्र 27% है।
- IITs में छात्राओं की संख्या जो कभी सिंगल डिजिट में हुआ करती थी, 2025-26 में करीब 20% पहुंच गई। विज्ञान विषयों में PhD करने वालों में महिलाओं की संख्या में सालाना 12% की ग्रोथ।

स्रोत: AISHE रिपोर्ट, शिक्षा मंत्रालय

# तस्करों से छुड़वाया, अपनों से मिलाया... अब तक 1500+ बच्चों को बचाया

Sandeep.Rai@timesofindia.com

■ रेलवे स्टेशनों पर हर हफ्ते कई बच्चे लापता हो जाते हैं। कोई काम के झांसे में आ जाता है, कोई घर से भागकर ट्रेन पर चढ़ जाता है। इन्हीं बच्चों को बचाने का काम पिछले तीन साल से RPF इंस्पेक्टर चंदन सिन्हा कर रही हैं। उन्होंने यूपी के रेलवे नेटवर्क पर अब तक 1,500 से ज्यादा बच्चों को सुरक्षित बचाया है। इसी काम के लिए भारतीय रेलवे ने उन्हें अपना सबसे बड़ा सम्मान 'अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार' दिया है। 41 साल की चंदन सिन्हा, बिहार के बिलासपुर में पली-बढ़ीं। उन्होंने 2010 में RPF जॉइन किया। उन्हें 1980 के दशक के टीवी सीरियल 'उड़ान' से प्रेरणा मिली थी, जो IPS अफसर कल्याणी सिंह पर आधारित था। चंदन कहती हैं, वर्दी में किसी महिला को पहली बार वहीं देखा था, और तभी तय किया था कि क्या करना है। साल 2024 में उनकी टीम ने 494 बच्चों को ट्रेनों और स्टेशनों से रेस्क्यू किया। इनमें 41 बाल मजदूरी के लिए तस्करी का शिकार हो चुके थे। इन 494 में से 152 बच्चों को चंदन सिन्हा ने खुद मौके पर जाकर रेस्क्यू किया।




**लखनऊ के रेल स्टेशन से संभालती हैं सारा ऑपरेशन:** चंदन सिन्हा इस वक्त लखनऊ के चारबाग स्टेशन से ये सारा ऑपरेशन संभाल रही हैं। जब उन्होंने काम शुरू किया, तब कोई तय रेस्क्यू मॉडल नहीं था। धीरे-धीरे छोटे-छोटे तरीके एक सिस्टम में बदल गए। इसके तहत प्लेटफॉर्म पर नजर रखना, संदिग्ध हालात पहचानना, मुखबिरों का नेटवर्क बनाना, NGOs से जुड़ना और ऐसा प्रोटोकॉल तैयार करना जो बिना हंगामे के तेजी से काम करे। उनका अनुभव 2022 में और गहरा हुआ, जब वे नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर तैनात थीं। वहां उन्होंने दो घंटे तक भीड़ में एक महिला और उसके तीन साल के बेटे को खोजा, जो खो गए थे। आखिरकार दोनों एक बेंच पर सुरक्षित मिल गए। चंदन कहती हैं, उस घटना ने बच्चों को देखने का उनका नजरिया बदल दिया।


रेलवे के सर्वोच्च सम्मान से महक रही है 'सुपर कॉप' चंदन की मेहनत

### जब मिला ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते का जिम्मा

जून 2024 में उन्हें ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते की जिम्मेदारी मिली। ये रेलवे की चाइल्ड रेस्क्यू पहल थी। उनकी टीम बिहार से पंजाब और हरियाणा जाने वाले तस्करी रूट्स पर खास नजर रखती है। चंदन बताती हैं, रेस्क्यू अक्सर किसी सूचना से नहीं, बल्कि खामोशी से शुरू होता है- कोई बच्चा अकेला बैठा है, कोई बहुत डरा हुआ है, या बच्चे और उसके साथ मौजूद व्यक्ति के बीच कुछ संदिग्ध लगता है। कई बार बच्चे से बात करने में घंटों लग जाते हैं। कई बार बच्चे चुप रहते हैं, तो कई बार रटी-रटाई कहानी सुनाते हैं।

### पिछले साल हजार से ज़्यादा बच्चों को बचाया

2025 में उनकी टीम ने 1,032 बच्चों को बचाया है, जिनमें 39 तस्करी के शिकार बच्चे थे। इनमें एक छह साल की बच्ची भी शामिल थी। कई मामलों में माता-पिता केस दर्ज न कराने की गुहार लगाते हैं, क्योंकि उन्हें 'इज्जत' की चिंता होती है। चंदन कहती हैं, ऐसे परिवारों को समझाना भी उतना ही जरूरी है। सीनियर अधिकारी कहते हैं कि चंदन की पहल निगरानी रखना नहीं, बल्कि मौजूद रहने से जुड़ी है। इसके लिए भरोसे पर आधारित टीम बनाई है। यह काम चंदन के पारंपरिक RPF के दायरे से बाहर था, लेकिन उन्होंने इसे तवज्जो दिया।

दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम होगा 'युगे युगीन भारत', इस साल खुलेगी पहली गैलरी

# जहां रची गई देश की किस्मत, अब वहां धड़केगा इतिहास


Ambika.Pandit@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : दिल्ली का वो इलाका, जिसे हम 'पावर कॉरिडोर' कहते हैं, जहां से कभी देश की किस्मत के बड़े फैसले लिए जाते थे, अब वहां से हमारी सभ्यता और संस्कृति की खुशबू आएगी। दिल्ली के नॉर्थ और साउथ ब्लॉक, जहां बड़े-बड़े मंत्रियों और अधिकारियों की गाड़ियों का तांता लगा रहता है, अब वह दुनिया के सबसे बड़े म्यूजियम 'युगे युगीन भारत' (Yuge Yugeen Bharat Museum) का पता होगा। यह सिर्फ एक म्यूजियम नहीं, बल्कि एक टाइम मशीन जैसा होगा। यहां आपको सिंधु घाटी सभ्यता से लेकर आज के आधुनिक भारत तक की झलक देखने को मिलेगी।

**1 लाख अनमोल धरोहरें:** इस म्यूजियम का स्केल इतना बड़ा है कि इसे दुनिया का सबसे बड़ा म्यूजियम कहा जा रहा है। करीब 1.55 लाख स्क्वायर मीटर में फैला यह म्यूजियम अगले तीन साल में पूरी तरह बनकर तैयार होगा। कल्चर सेक्रेटरी विवेक अग्रवाल ने बताया कि देश भर के अलग-अलग म्यूजियम्स से करीब 20 लाख चीजों की मैपिंग की गई है, जिनमें से चुनकर लगभग 80,000 से 1 लाख अनमोल चीजें यहां रखी जाएंगी। साल के अंत तक नॉर्थ ब्लॉक में इसकी पहली गैलरी खुल जाएगी, जो हमें हमारे इतिहास की एक इमोशनल और खूबसूरत झलक दिखाएगी।

**नॉर्थ और साउथ ब्लॉक के बीच होगा 'अंडरग्राउंड' कनेक्शन:** म्यूजियम का अनुभव ऐसा होगा जैसा आपने पहले कभी नहीं किया होगा। सरकार एक खास प्रोजेक्ट पर काम कर रही है, जिसमें नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को जमीन के नीचे एक सुरंग (टनल) के जरिए जोड़ा जाएगा। यह सुरंग सिर्फ रास्ता नहीं, बल्कि एक 'कल्चरल हब' होगी, ताकि बाहर की सिक्योरिटी और ट्रैफिक को डिस्टर्ब किए बिना लोग आराम से एक ब्लॉक से दूसरे ब्लॉक तक जा सकें।

**Louvre और Met जैसा होगा अहसास:** इसे डिजाइन करने के लिए दुनिया के बेहतरीन दिमागों को जोड़ा गया है। ARCOP कंसोर्टियम की टीम और मशहूर आर्किटेक्ट कुलपत कासरास इस पर काम कर रहे हैं। कुलपत वही नाम हैं जिन्होंने पेरिस के 'लूव्र' (Louvre) और न्यूयॉर्क के 'मेट' (Met) जैसे वर्ल्ड-फेमस म्यूजियम्स की गैलरीज डिजाइन की हैं। उनके साथ मिलकर टीम यहां कैफे, बुक शॉप और रीडिंग एरिया भी बना रही है।


कमरों, गलियारों और आंगनों को भी प्रदर्शनी में शामिल करने का प्रस्ताव





### जहां कभी फाइलें चलती थीं, अब वहां इतिहास बहेगा!

#### म्यूजियम का विशाल आकार

- नॉर्थ और साउथ ब्लॉक को मिलाकर करीब 1.55 लाख वर्ग मीटर में फैला होगा।
- करीब 80,000 वर्ग मीटर में शानदार गैलरीज बनाई जाएंगी। ■ हर साल करीब 1 करोड़ लोगों के आने की उम्मीद है।

#### अभी यहां क्या-क्या है?

- **नॉर्थ ब्लॉक:** 75,777 वर्ग मीटर एरिया, बेसमेंट समेत 3 मंजिलें, 650 ऑफिस और 5 गेट।
- **साउथ ब्लॉक:** 78,777 वर्ग मीटर एरिया, बेसमेंट समेत 3 मंजिलें, 475 ऑफिस और 4 गेट।
- हर ब्लॉक में 7 आंगन और 1 बड़ा गुंबद वाला हॉल है। ■ ऑफिसों के लिए बाद में बनाए गए छोटे केबिन और दीवारों को हटाकर कमरों को फिर से पुराने और असली आकार में लाया जा रहा है।


नॉर्थ ब्लॉक का गुंबदकार रोटंडा अब बनेगा प्रदर्शनी क्षेत्र

### क्या-क्या देखने को मिलेगा?

- प्राचीन पांडुलिपियां (Manuscripts), मूर्तियां, पुराने सिक्के और शिलालेख।
- पारंपरिक कपड़े, पेंटिंग्स, भित्ति चित्र (Murals) और सजावटी कला।
- पुरातात्विक खोजें, पुरानी तस्वीरें और विडियो (Audio-Visual) जानकारी।
- पुरानी इमारतें और वास्तुकला के ऐतिहासिक हिस्से।

### दुनिया से तुलना (बड़े म्यूजियम और गैलरी साइज)

- लूव्र (Louvre), पेरिस 72,735 वर्ग मीटर
- स्टेट हर्मिटेज, रूस 66,842 वर्ग मीटर
- मेट म्यूजियम, न्यूयॉर्क 58,820 वर्ग मीटर



### भारत के प्रमुख म्यूजियम (डिस्प्ले एरिया)

- सालारजंग म्यूजियम: **21,526** वर्ग मीटर
- साइंस सिटी, कोलकाता: **19,109** वर्ग मीटर
- नैशनल म्यूजियम: **12,496** वर्ग मीटर

*युगे युगीन भारत म्यूजियम इन सबमें सबसे बड़ा होने जा रहा है।*

'युवा फेस्टिवल' में छाए 6 आइडियाज़

# रोबोटिक्स से साइबर सुरक्षा, पानी में घुलेगा सैनिटरी पैड



Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : राजधानी में स्टार्टअप कल्चर तेजी से उभर रहा है। एक ओर आईआईटी दिल्ली से यूनिकॉर्न फाउंडर्स समेत कई बड़े लेवल के स्टार्टअप फाउंडर्स निकल रहे हैं, तो दूसरी ओर दिल्ली की बाकी यूनिवर्सिटी भी स्टार्टअप के लिए सीड मनी, मेंटॉरशिप, इन्क्यूबेशन से लेकर कई सुविधाएं स्टूडेंट्स को देकर उन्हें बिजनेस खड़ा करने के लिए बढ़ावा दे रही हैं। दिल्ली में स्टार्टअप कल्चर को बूम देने वाला हार्डवेयर, इन्वेस्टर्स, मैन्युफैक्चर्स का ईकोसिस्टम भी है, ऐसे में स्टूडेंट्स के आइडियाज को जरूरत है मेंटॉरशिप और निवेश की। दिल्ली सरकार का 'स्टार्टअप युवा फेस्टिवल' के पहले एडिशन से इसी सोच के साथ कदम बढ़ाया। फेस्ट में 14 जनवरी को 100 स्टार्टअप्स को 1 लाख रुपये और टॉप 6 स्टार्टअप्स को 10-10 लाख रुपये की इक्विटी-फ्री ग्रांट भी दी गई है।

### इन टॉप 6 स्टार्टअप्स ने मारी बाजी

**1. HeliousAI (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस)**
यह स्टार्टअप AI और डेटा एनालिटिक्स के जरिए इंडस्ट्री और लॉजिस्टिक्स की कार्यक्षमता बढ़ाने पर काम कर रहा है। फाउंडर कृतिका के अनुसार, यह मॉडल पेटेंट के लिए तैयार है।

**2. AllSecureX (साइबर सुरक्षा)**
DTU के छात्र हिमांशु बोहरा का यह स्टार्टअप साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में क्रांति ला रहा है। इन्होंने दुनिया की महंगी 'क्वांटम सिक्योरिटी' को 100 गुना सस्ता कर दिया है।

**3. बायोकेयर - FlushSHE (हेल्थ एवं पर्यावरण)**
आस्था डलूजा का ग्रीन स्टार्टअप महिलाओं की सेहत और पर्यावरण दोनों की सुरक्षा कर रहा है। भारत का पहला पूरी तरह से 'फ्लश होने वाला' बायोडिग्रेडेबल सैनिटरी पैड है। पौधों से निर्मित पैड पूरी तरह केमिकल-मुक्त है और टॉयलेट में बहाने के 8-10 घंटे के भीतर पानी में घुल जाता है।

**4. Arista Vault (स्मार्ट ट्रैवल प्रोडक्ट्स)**
अतुल गुप्ता ने मेट्रो में अपना वॉलेट चोरी होने के बाद इस स्टार्टअप की नींव रखी। यह भारत का पहला स्टार्टअप है जो AI और IoT तकनीक से लैस स्मार्ट वॉलेट, बैग और ट्रैवल एक्सेसरीज बनाता है।

**5. Heuronics (डीप टेक और रोबोटिक्स)**
DTU के पूर्व छात्र ध्रुव उप्रेती ने इस डीप टेक स्टार्टअप की शुरुआत की। इनके रोबोट्स रक्षा, समुद्री सुरक्षा और गहरे पानी में मॉनिटरिंग के लिए मिशन-रेडी समाधान देते हैं।

**6. Logify360 (डिजिटल मॉनिटरिंग)**
शुभांगी गुप्ता द्वारा स्थापित यह AI प्लेटफॉर्म कंपनियों के डिजिटल इकोसिस्टम (सर्वर, क्लाउड, ऐप्स) की जटिल समस्याओं को साधारण भाषा में समझाता है। यह इंजीनियरिंग टीमों के लिए मैनवर्क खत्म कर तुरंत समाधान की दिशा में काम करता है।

## देश

### पत्नी ने कहा- वांगचुक एकांत कोठरी में, मगर उम्मीदों से भरे

■ भाषा, नई दिल्ली

**जलवायु कार्यकर्ता** सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने जोधपुर की जेल में बंद अपने पति की रूटीन शेयर करते हुए बताया कि वे दुनिया से कटे एकांत कोठरी में कैद हैं, लेकिन आत्मविश्वास और उम्मीदों से भरे हुए हैं। सोनम वांगचुक को 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत गिरफ्तार किया गया था। गीतांजलि अंगमो ने बताया कि वांगचुक जेल में फर्श पर कंबल बिछाकर सोते हैं। उनके पास न बिस्तर है और न ही कोई फर्नीचर। कोठरी छोटी है, इसलिए चलने-फिरने की जगह भी बहुत कम है।

FILE



उन्होंने कहा, वांगचुक का बाहरी दुनिया से संपर्क सिर्फ परिवार और वकीलों तक सीमित है। उनके पास न मोबाइल है, न टीवी। जो अखबार उन्हें मिलते हैं, उनमें से उनसे या लद्दाख से जुड़ी खबरें काट दी जाती हैं। उन्होंने बताया, वांगचुक जेल में बिताए अनुभवों पर एक किताब लिख रहे हैं।

### ET NOW पर दावोस डायरीज और बजट यात्रा

**NBT रिपोर्ट :** देश का जाना-माना बिजनेस न्यूज चैनल ET NOW सोमवार से दुनिया के सबसे बड़े आर्थिक मंच, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की सालाना बैठक की हर छोटी-बड़ी खबर दिखाएगा। इसके विशेष प्रोग्राम दावोस डायरीज (Davos Diaries) के जरिए आपको स्विट्जरलैंड के दावोस से सीधी जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही ET NOW और ET NOW Swadesh पर 'बजट यात्रा 2026' भी जारी रहेगी। 5 से 25 जनवरी तक चलने वाली इस यात्रा में बड़े शहरों से दूर, देश के आम लोगों और छोटे कारोबारियों की बजट से जुड़ी उम्मीदों को दिखाया जा रहा है। बताया गया है कि दावोस डायरीज प्रोग्राम को ET NOW और ET NOW Swadesh पर KIA Seltos और Motorola के सहयोग से पेश किया जा रहा है।



CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMEDIT User: cci Time: 01-18-2026 22:55 Color:



मैंने मुंबई में क्रिकेट खेलना शुरू किया था और फिर इस खेल को छोड़कर अमेरिका चला गया। क्रिकेट ने मुझे फिर से मुंबई में खेलने का मौका दिया है। टी20 वर्ल्ड कप में यहां पहुंचने के बाद मेरी कई पुरानी यादें ताजा हो जाएंगी। -सौरभ नेत्रवलकर, पेसर, अमेरिका



**3113**

रन बनाए हैं सचिन तेंडुलकर ने श्रीलंका के खिलाफ वनडे इंटरनैशनल में। यह किसी एक टीम के खिलाफ वनडे में सर्वाधिक रन बनाने का रेकॉर्ड है। दूसरे स्थान पर भी सचिन तेंडुलकर ही हैं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 3077 वनडे रन बनाए हैं

## स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. किसी एक देश के खिलाफ सर्वाधिक वनडे इंटरनैशनल रन बनाने का रेकॉर्ड किस प्लेयर के नाम है?
A) विराट कोहली B) सचिन तेंडुलकर C) ब्रायन लारा D) रिकी पॉन्टिंग
2. अलेक्जेंडर ज्वेरेव किस देश के टेनिस प्लेयर है?
A) जर्मनी B) इंग्लैंड C) स्पेन D) इटली

**कल के जवाब**
1. D) केएल राहुल 2. B) ऑस्ट्रेलिया

**लकी WINNER**



1. संगीता पांडे, बेगमपुर, दिल्ली
2. नीलिमा सिंघल, गाजियाबाद, यूपी
3. भूमि, फरीदाबाद, हरियाणा

आप अपने जवाब हमें **9319282367** पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

## फटाफट खबरें

### मनु, सम्राट भी उतरेंगे

■ नई दिल्ली: भारतीय घरेलू शूटिंग सीजन सोमवार से शुरू होगा। दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 19 से 25 जनवरी तक नैशनल सिलेक्शन ट्रायल्स होंगे। इसमें देश के टॉप राइफल और पिस्टल शूटर शामिल होंगे। इनमें अनीश भानवाला, सम्राट राणा, मनु भाकर, स्वप्निल कुसाले, सरबजोत सिंह, ईशा सिंह शामिल हैं।

### चैलेंजर्स-जायंट्स मैच

■ वडोदरा: अब तक अपने चारों मैच जीत कर उत्साह से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम गुजरात जायंट्स के खिलाफ सोमवार को विमिंस प्रीमियर लीग के मुकाबले में अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए मैदान पर उतरेगी।

### न्यूजीलैंड ने इतिहास में पहली बार भारतीय धरती पर जीती वनडे इंटरनैशनल सीरीज़

# टेस्ट के बाद अब तोड़ा वनडे का भी गुरूर

**भारत Vs न्यूजीलैंड**
वनडे सीरीज, तीसरा मैच

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** न्यूजीलैंड की टीम पिछली बार साल 2024 में जब भारत दौरे पर आई थी तब उसने घरेलू धरती पर टेस्ट फॉर्मेट में भारत के बरसों से चले आ रहे दबदबे को खत्म किया था। अब वनडे फॉर्मेट में घरेलू मैदान पर टीम इंडिया के गुरूर को तोड़ने का काम भी कीवी टीम ने ही किया। इंदौर में खेले गए सीरीज के तीसरे और निर्णायक मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टीम इंडिया को 41 रन से हराकर सीरीज 2-1 से अपने नाम कर ली। साल 1989 से द्विपक्षीय वनडे इंटरनैशनल सीरीज के लिए भारत का दौरा कर रही कीवी टीम के लिए यहां पहली वनडे सीरीज जीत है। मार्च 2019 के बाद से भारत ने भी अपने घरेलू मैदान पर कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज नहीं गंवाई थी, लेकिन यह अजेय क्रम रविवार को उस मैदान पर थमा, जहां भारत ने कभी कोई वनडे मुकाबला नहीं गंवाया था।



**खूब लड़े विराट:** न्यूजीलैंड ने डेरिल मिचेल (137 रन, 131 बॉल, 15 फोर, 3 सिक्स) के लगातार दूसरे शतक और ग्लेन फिलिप्स (106 रन) के तूफानी सैकड़े की बदौलत आठ विकेट पर 337 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया था। भारत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ इससे पहले वनडे में कभी 320 प्लस का टारगेट हासिल नहीं किया था। पिछले रेकॉर्ड के लिहाज से भारत के लिए यह रन चेज आसान नहीं होने वाला था और जब उसने 13 ओवर्स में ही सिर्फ 71 रन पर चार बड़े विकेट गंवा दिए, तो लड़ाई एकतरफा लगने लगी। हालांकि, विराट कोहली (124 रन, 108 बॉल, 10 फोर, 3 सिक्स) ने एक छोर को संभाले रखा। बीच में नितीश रेड्डी (53 रन, 57 बॉल) ने विराट के साथ 88 रन की साझेदारी करके भारतीय फैंस की उम्मीदों को बनाए रखा। नितीश के आउट होने के बाद हर्षित राणा ने भी विराट का साथ निभाया। हर्षित ने 43 बॉल पर 52 रन बनाए (4 फोर, 4 सिक्स) और सातवें विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की। इस बीच विराट ने 91 बॉल पर अपने वनडे इंटरनैशनल करियर का 54वां शतक पूरा किया। आठ विकेट गिरने के बाद उन्होंने ताबड़तोड़ शॉट्स खेलने की कोशिश में विकेट गंवा दिया और भारतीय टीम का अभियान थम गया।

**मिचेल, फिलिप्स ने बदला रुख:** इससे पहले, भारतीय बोलर्स ने अच्छी शुरुआत की थी। पारी के पहले ही ओवर में अर्शदीप सिंह ने विकेट निकाल लिया था। न्यूजीलैंड ने पहले दो ओवर्स में पांच रन पर दो विकेट गंवा दिए थे। भारत एक समय पूरी तरह हावी था और उसने मेहमान टीम के 58 रन पर तीन विकेट झटक लिए थे। शुरुआती झटकों के बाद मिचेल और फिलिप्स ने चौथे विकेट के लिए 188 गेंद में 219 रन की साझेदारी करके पारी की पूरी तस्वीर बदल दी। पूरी सीरीज में भारतीय बोलर्स की खबर लेने वाले मिचेल ने संयम और नियंत्रण के साथ पारी को संभाला जबकि फिलिप्स ने आक्रामक अंदाज में रन गति बढ़ाई। इससे सतर्क शुरुआत के बाद न्यूजीलैंड की पारी का रुख ही बदल गया।



प्लेयर ऑफ द मैच और सीरीज रहे डेरिल मिचेल

**स्कोरकार्ड**

**न्यूजीलैंड:** डेवोन कॉन्वे कॉ रोहित बो राणा 5, हेनरी निकोल्स बो अर्शदीप 0, विल यंग कॉ जाडेजा बो राणा 30, डेरिल मिचेल कॉ कुलदीप बो सिराज 137, ग्लेन फिलिप्स कॉ राहुल बो अर्शदीप 106, माइकल ब्रेसवेल नॉट आउट 28, मिचेल हे एलबीडब्ल्यू बो कुलदीप 2, जैक फॉक्स कॉ कुलदीप बो अर्शदीप 10, क्रिस्टियन क्लार्क बो राणा 11, काइल जेमीसन नॉट आउट 0 **एक्स्ट्रा:** 8 **टोटल:** 50 ओवर्स में आठ विकेट पर 337 रन **विकेट:** 1-5, 2-5, 3-58, 4-277, 5-283, 6-286, 7-304, 8-327 **बोलिंग:** अर्शदीप 10-1-63-3, हर्षित राणा 10-0-84-3, मोहम्मद सिराज 10-0-43-1, नितीश रेड्डी 8-0-53-0, कुलदीप यादव 6-0-48-1, रविंद्र जाडेजा 6-0-41-0

**भारत:** रोहित शर्मा कॉ क्लार्क बो फॉक्स 11, शुभमन गिल बो जेमीसन 23, विराट कोहली कॉ मिचेल बो क्लार्क 124, श्रेयस अय्यर कॉ फॉक्स बो क्लार्क 3, केएल राहुल कॉ फिलिप्स बो लेनॉक्स 1, नितीश रेड्डी कॉ यंग बो क्लार्क 53, रविंद्र जाडेजा कॉ यंग बो लेनॉक्स 12, हर्षित राणा कॉ निकोल्स बो फॉक्स 52, मोहम्मद सिराज कॉ हे बो फॉक्स 0, कुलदीप यादव रन आउट 5, अर्शदीप सिंह नॉट आउट 4 **एक्स्ट्रा:** 8 **टोटल:** 46 ओवर्स में 296 रन **विकेट:** 1-28, 2-45, 3-68, 4-71, 5-159, 6-178, 7-277, 8-277, 9-292, 10-296 **बोलिंग:** काइल जेमीसन 9-0-58-1, जैक फॉक्स 9-0-77-3, क्रिस्टियन क्लार्क 9-0-54-3, जेडन लेनॉक्स 10-0-42-2, डेरिल मिचेल 1-0-10-0, ग्लेन फिलिप्स 8-0-54-0

**NBT Lens** खबरों के अंदर की बात

### 'बी' टीम ने दे दी शिकस्त

न्यूजीलैंड की यह जीत बेहद खास कही जाएगी क्योंकि यह एक तरह से उनकी 'बी' टीम थी, जिसमें कई स्टार प्लेयर शामिल नहीं थे। नियमित कप्तान मिचेल सैंटनर ग्रोइन इंजरी के कारण सीरीज से बाहर थे, जबकि टॉम लैथम अपने पहले बच्चे के जन्म के लिए स्वदेश लौट गए थे। पूर्व कप्तान केन विलियमसन साउथ SA20 लीग में अपनी टी20 प्रतिबद्धताओं को निभा रहे थे। ओपनर रचिन रविंद्र और पेसर जैकब डफी को आराम दिया गया था। पिंडली की चोट से वापसी कर रहे मैट हेनरी टी20 वर्ल्ड कप को ध्यान में रखते हुए टी20 सीरीज पर ध्यान दे रहे हैं। मौजूदा टीम के आठ खिलाड़ी पहली बार भारत आए थे।

## सौराष्ट्र को हराकर विदर्भ पहली बार बना चैंपियन



अथर्व तायडे ने जड़ी लिस्ट-ए की तीसरी सेंचुरी

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** विदर्भ ने सौराष्ट्र को खिताबी मुकाबले में 38 रन से हराकर पहली बार विजय हजारे ट्रॉफी जीत ली है। विदर्भ की जीत में उसके ओपनर अथर्व तायडे (128 रन, 118 बॉल, 15 फोर, 3 सिक्स) की सेंचुरी का खास योगदान रहा। यश राठौड़ (54 रन) ने भी फिफ्टी बनाई और अथर्व के साथ दूसरे विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी निभाई। विदर्भ को अथर्व और सीजन के हाईएस्ट स्कोरर अमन मोखाड़े ने शानदार शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 80 रन की साझेदारी की। रविकुमार समर्थ (25 रन) और हर्ष दुबे (17 रन) ने टीम को 50 ओवर्स में 8 विकेट पर 317 रन तक पहुंचाया। जवाब में सौराष्ट्र की टीम प्रेरक मांकड़ (88 रन) और चिराग जानी (64 रन) की फिफ्टी के बावजूद 48.5 ओवर्स में 279 रन पर सिमट गई। विदर्भ के पेसर यश ठाकुर ने 50 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट झटके।

विजय हजारे ट्रॉफी 2025-26

**ब्रीफ स्कोर**
**विदर्भ:** 50 ओवर्स में 317/8 (अथर्व तायडे 128, यश राठौड़ 54, अंकुर पवार 4/65)
**सौराष्ट्र:** 48.5 ओवर्स में 279 (प्रेरक मांकड 88, चिराग जानी 64, यश ठाकुर 4/50)

## सबालेंका का उम्दा आगाज़, रेकॉर्ड बनाकर वीनस बाहर

■ **एपी, मेलबर्न:** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज और आरिना सबालेंका ने ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, लेकिन सबसे उम्रदराज खिलाड़ी का रेकॉर्ड बनाने वाली वीनस विलियम्स को जीत के करीब पहुंचने के बावजूद पहले राउंड में ही हार का सामना करना पड़ा। अल्काराज ने ऑस्ट्रेलिया के एडम वॉल्टन को 6-3, 7-6, 6-2 से हराकर मैच अपने नाम किया। सबालेंका ने पहले तीन गेम गंवा दिए। इसके बाद उन्होंने लय हासिल करके तियांतसोआ रकोटोमांगा राजाओनाह को 6-4, 6-1 से हरा दिया। दिग्गज खिलाड़ी रॉड लेवर और रोजर फेडरर भी इस मैच को देखने के लिए दर्शकों के बीच उपस्थित थे।

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

**बढ़त बनाने के बाद हारीं:** तीसरे सेट में 4-0 से आगे होने के बावजूद वीनस को तीन सेट तक चले मैच में ओल्गा दैनिलोविच से 7-6, 3-6, 4-6 से पराजय झेलनी पड़ी। वीनस ने सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बनने के रेकॉर्ड के मामले में जापान की किमिको दाते (44 साल) को पीछे छोड़ा। वहीं, जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कनाडा के 24 वर्षीय खिलाड़ी गैब्रियल डियालो को 6-7, 6-1, 6-4, 6-2 से मात दी।



ब्रिटेन की एमा राडुकानू ने पहले राउंड में आसान जीत दर्ज की

**45** वर्ष की वीनस विलियम्स ग्रैंडस्लैम टेनिस में विमिंस सिंगल्स का मैच खेलने वाली सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गई हैं

**अंडर आर्म सर्विस!**

कोरेंटिन माउटेट ने टूर्नामेंट के पहले दिन मैच पॉइंट पर अंडरआर्म सर्विस करके लोगों का ध्यान अपनी तरफ खींचा। दर्शकों ने उनकी हूटिंग भी की, लेकिन 32वीं वरीयता प्राप्त माउटेट विचलित नहीं हुए। फ्रांस के इस खिलाड़ी ने बाद में कहा कि उन्होंने ट्रिस्टन स्कूलकेट पर 6-4, 7-6, 6-3 की जीत हासिल करने के लिए जो करना था, वह किया।

## अर्जुन ने प्रग्नानंदा को दी मात, गुकेश का मैच ड्रॉ

**टाटा स्टील मास्टर्स चेस**

■ **एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स):** चौथे वरीयता प्राप्त अर्जुन एरिगैसी ने हमवतन आर प्रग्नानंदा को हराकर टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की, जबकि वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने पहले राउंड में उज्बेकिस्तान के वर्ल्ड कप विजेता जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। प्रग्नानंदा ने शुरू में ही एक गलती कर दी, जिससे उनका किंग बीच में फंस गया। अर्जुन ने फायदा उठाते हुए बाजी 32 चाल में जीत ली।



ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी

## तीन मिनट में तीन गोल, टाइगर्स जीते

■ **एजेंसियां, भुवनेश्वर:** श्राची बंगाल टाइगर्स ने मेंस हॉकी इंडिया लीग के पूल स्टेज के अपने आखिरी मैच में दो गोल से पिछड़ने के बाद जबर्दस्त वापसी करते हुए एसजी पाइपर्स को 3-2 से हराया। इस रोमांचक मैच में पाइपर्स के लिए दिलराज सिंह और थॉमस डोमेन ने गोल किए। इसके बाद मैच के 45वें मिनट में जुगराज सिंह और अभिषेक ने गोल किए और 48वें मिनट पर अक्सल सुरुक ने विनर्स गोल दागा। वहीं, वेदांता कलिंगा लांसर्स ने अपना मैच शूटआउट में जीता।

हॉकी इंडिया लीग (HIL)

## आन और लिन को खिताब

■ **एजेंसियां, नई दिल्ली:** चीनी ताइपे के लिन चुन यी और साउथ कोरिया की आन से यंग ने रविवार को इंडिया ओपन बैडमिंटन सुपर-750 टूर्नामेंट में क्रमशः मेंस और विमिंस सिंगल्स का खिताब अपने नाम किया। मेंस सिंगल्स में लिन ने फाइनल में जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से मात दी। विमिंस सिंगल्स में मौजूदा चैंपियन यंग ने चीन की वांग झियी को 21-13, 21-11 से पराजित कर सीजन का अपना दूसरा खिताब जीता।

शटल कॉर्नर



साउथ कोरिया की आन से यंग

**टाइम क्लॉक पर राय बंटी:** वर्ल्ड बैडमिंटन फेडरेशन इंडोनेशिया मास्टर्स में 25 सेकंड 'टाइम क्लॉक' का ट्रायल जारी रखेगा। कुछ प्लेयर्स इसे सकारात्मक मान रहे हैं, जबकि मानते हैं कि रेस्ट के लिए यह समय कम है।

## पाकिस्तानी मूल के प्लेयर्स को मिला वीजा

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारत में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तानी मूल के खिलाड़ियों और अधिकारियों की वीजा प्रक्रिया आसान करने के कदम उठाए हैं। टूर्नामेंट में भाग ले रही टीमों से जुड़े कुल 42 खिलाड़ियों और अधिकारियों को इसका लाभ मिलेगा। इंग्लैंड के आदिल रशिद, रेहान अहमद और साकिब महमूद के वीजा पहले ही मंजूर हो चुके हैं। नीदरलैंड्स टीम और कनाडा सपोर्ट स्टाफ के शाह सलीम जफर को भी वीजा मिल गया है। अन्य टीमों के लिए प्रक्रिया जारी है।

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

## पहली कोशिश में ही चैंपियन बन गए संजीवनी, कार्तिक

Bhavin.Pandya@timesofindia.com

■ **मुंबई:** मुंबई का मौसम संडे को भले ही रनिंग के अनुकूल रहा हो, लेकिन कोस्टल रोड, बांद्रा-वर्ली सी लिंक और पेडर रोड फ्लाईओवर के चढ़ाव-ढलान ने धावकों की कड़ी परीक्षा ली। इनक्लाइन से भरे इन हिस्सों ने रेस को तकनीकी रूप से बेहद चुनौतीपूर्ण बना दिया। पिछले साल की तुलना में रूट और मुश्किल होने के कारण इस बार कोई भी धावक कोर्स रेकॉर्ड नहीं बना सका। एक रोचक बात यह जरूर रही कि एलीट भारतीय रनर्स कैटिगरी में पुरुषों के चैंपियन डॉक्टर कार्तिक करकेरा और महिलाओं वर्ग की चैंपियन संजीवनी जाधव ने करियर में पहली बार 42 किलोमीटर की फुल मैराथन दौड़ी। कार्तिक ने पिछले साल मुंबई मैराथन की 21 किलोमीटर रेस में तीसरा स्थान हासिल किया था। संजीवनी ने निरमा बेन ठाकोर को 11 सेकंड के अंतर से पीछे छोड़ा, जो 2024 और 2025 में मुंबई मैराथन की एलीट इंडियन रनर्स कैटिगरी में चैंपियन रही थीं।

मुंबई मैराथन



डॉक्टर कार्तिक करकेरा



संजीवनी जाधव

Photos: Kaushik Naik

**तादु, येशी जीते:** पुरुषों में ओवरऑल विनर इथियोपिया के तादु अबाते (2:09:55) रहे, जबकि महिलाओं में ओवरऑल विनर इथियोपिया की येशी चेकोले (2:25:13) रहीं। येशी ने पहली बार किसी बड़ी मैराथन रेस में जीत हासिल की।

**मुंबई मैराथन के विनर्स**
एलीट फुल मैराथन (मेंस) तादु अबाते 2:09:55
एलीट फुल मैराथन (इंडियन मेंस) कार्तिक करकेरा 2:19:55
एलीट फुल मैराथन (विमिंस) येशी चेकोले 2:25:13
एलीट फुल मैराथन (इंडियन विमिंस) संजीवनी जाधव 2:49:02
हाफ मैराथन (मेंस) गौरव माथुर 1:07:18
हाफ मैराथन (विमिंस) रीनू 1:18:02

## 12 राशियां और आपका दिन

**ARIES** 21 Mar - 19 Apr
आज का दिन आप कोई विशेष व्यवस्था करने में बिताएंगे। आपको धन लाभ के अवसर भी दिखाई प्राप्त होंगे। बिजनेस के मामले में आज के दिन कुछ बदलाव किए जा सकते हैं। सावधानी के साथ आज के दिन आप वही काम करने की चेष्टा करें, जिससे आपका आत्मसम्मान बढ़े।

**TAURUS** 20 Apr - 19 May
आपकी राशि का स्वामी शुक्र मकर राशि में संचार कर रहा है। शुक्र सम्पूर्ण शुभ दृष्टि से कर्क राशि को देख रहा है। आज के दिन राज्य-मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी तथा संतान पक्ष से भी शुभ समाचार मिलेगा। आज के दिन किसी भी संपत्ति को खरीदने से पहले उसके सभी पहलुओं पर अच्छे से विचार कर लें।

**GEMINI** 21 May - 21 Jun
आपकी राशि का स्वामी बुध अष्टम शत्रु स्थित स्थान केतु, आयु भाव में सूर्य से दग्ध एवं विकल है। इसके फलस्वरूप आज का आपका दिन भागदौड़ और विशेष चिंता में व्यतीत होगा। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें। आज के दिन कोई पुराना मित्र अतिथि बनकर आ सकता है।

**CANCER** 22 Jun - 22 July
कर्क राशि चंद्रमा की राशि है। आज राशि से सप्तम चंद्रमा उत्तम संपत्ति की प्राप्ति की ओर संकेत कर रहा है, जिसमें कुछ खर्च भी संभव है। संतान पक्ष से हर्षवर्धक समाचार व परिवार में आमोद-प्रमोद का वातावरण रहेगा। आज का दिन शुभ है, हो सके तो घर-परिवार में सुख-शांति का आनंद उठाएं।

**LEO** 23 July - 22 Aug
राशि का स्वामी सूर्य मकर राशि का होकर षष्ठम प्रभुत्व शत्रु भाव में भाग्य वृद्धि में सहायक सिद्ध हो रहा है। बुध का साथ होने से कार्यस्थल में स्थान परिवर्तन आपके लिए अच्छा मोड़ सिद्ध होगा। व्यापार में अपने सहयोगी के प्रति सच्ची निष्ठा और मधुर वाणी रखने से आप लोगों का दिल जीत सकते हैं।

**VIRGO** 23 Aug - 22 Sep
आज आपके पास अनेक प्रकार के लोग आश्रय लेने आएंगे। आपको अपनी क्षमतानुसार सभी की मदद करनी है। हो सकता है यही लोग आगे चलकर आपके काम आएं। नौकरी व व्यवसाय के क्षेत्र में चुप रहना ही आज लाभकारक होगा। किसी भी व्यक्ति से आज बकवासबाजी में बिल्कुल न उलझें।

**LIBRA** 23 Sep - 22 Oct
आज का आपका दिन आनंद में बीतेगा। किसी करीबी के लिए पैसे जुगाड़ने पड़ सकते हैं। आपको दूसरों की सहायता कर संतोष प्राप्त होता है, इसलिए आज भी आपका मन प्रसन्न रहेगा। निवेश के मामले में हो सके तो आज थोड़ा सावधान रहें और जोखिम बिल्कुल भी न उठाएं। किसी निकट मित्र की सलाह व सहयोग से आप अपने बिगड़े काम ठीक से कर सकते हैं, समय का लाभ उठाएं।

**SCORPIO** 23 Oct - 21 Nov
राशि का स्वामी मंगल तृतीय पराक्रम भाव में व चंद्रमा तृतीय घर में विजय दिलाने वाला है। आज का दिन बिगड़े काम को सुलझाने में विशेष योगदान दे रहा है। किसी विशेषज्ञ की सलाह आज आपके लिए भविष्य में अति फलदायक उपयोगी सिद्ध होगी। आपकी मौज-मस्ती के दिन आने वाले हैं।

**SAGITTARIUS** 22 Nov - 21 Dec
आर्थिक दृष्टि से देखें तो आज का आपका दिन शुभ है। आपको दिन भर धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। संपत्ति की प्राप्ति की अभिलाषा आज पूरी होगी। आप अपने बलबूते पर ही अपनी समस्याओं का सुलझाने का प्रयास करेंगे, तभी कोई स्थायी समाधान मिलेगा। माता-पिता का भी ध्यान रखें।



**CAPRICORN** 22 Dec - 19 Jan
आज दिन के पहले हिस्से में आप अधिक व्यस्त रहेंगे। बेहतर होगा कि आप जरूरी कामों को पहले निपटा लें। दोपहर बाद भी कई काम एक साथ हाथ में आने से व्यस्तता बढ़ेगी। सायंकाल के समय कहीं बाहर घूमने का मन बनाया जा सकता है। आज के दिन की गई यात्रा सफल होगी।

**AQUARIUS** 20 Jan - 18 Feb
आज आपकी राशि का स्वामी शनि द्वितीय भाव में आपके भाग्य की वृद्धि करेगा। संतान पक्ष से भी हर्षवर्धक समाचार मिलेगा, जिससे समाज में आपके सम्मान की वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की से विरोधियों का मनोबल गिरेगा। भविष्य के किसी प्रोजेक्ट पर अभी से काम किया जा सकता है।

**PISCES** 19 Feb - 20 Mar
आपकी राशि का स्वामी बृहस्पति कर्क राशि का होकर पंचम संतान भाव में चल रहा है। आज के दिन आपको विशेष सफलता मिलेगी। धर्म स्तर पर भी मांगलिक कार्यों का आयोजन हो सकता है। आज विशेष कार्यों में फैसले लेते समय आपकी राय भी ली जाएगी। धार्मिक कार्यों में रुचि व निकट की यात्रा संभव है। रात्रि का कुछ समय आज अपने परिवार के साथ बिताएं तो अच्छा रहेगा।

**जन्मदिन की शुभकामनाएं**

इस वर्ष मंगल वर्ष का स्वामी है। चंद्रमा सप्तम भाव में होने से आपके विशेष परिश्रम को उजागर करेगा। बौद्धिक प्रयासों में भी आशातीत सफलता का हर्ष होगा। कुछ जातकों को जनवरी-फरवरी में अनिश्चित तरीके से धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। मार्च-अप्रैल में मंगल ग्रह आपके कर्म क्षेत्र में हावी रहेगा। यह समय मई से 1 जून तक रहेगा। जुलाई से अगस्त तक का समय नए व्यापारिक कार्य करने के लिए श्रेष्ठ है। सितंबर के उपरांत अधिकांश जातकों का भाग्योदय अपने पुरुषार्थ एवं बुद्धिबल से होगा। अक्टूबर से नवंबर अंत तक बड़ी मात्रा में धन प्राप्ति के योग हैं। विद्यार्थियों के लिए वर्ष उत्साहजनक होगा। महिलाओं के लिए वर्ष का उत्तरार्द्ध दांपत्य जीवन सुखी व समृद्धिकारक विशेष रूप से रहेगा। दिसंबर में हनुमान जी पर प्रत्येक शनिवार को चमेली के तेल में सिंदूर मिलाकर चढ़ाना शुभ रहेगा। -आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

**कल का पंचांग (मंगलवार, 20 जनवरी 2026)**

राष्ट्रीय मिति पौष 30, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, द्वितीया, मंगलवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 7, रजब 30, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 20 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहुकाल दोपहर 3 बजे से 4 बजकर 30 मिनट तक। द्वितीया तिथि अर्धरात्रोत्तर 4 बजकर 4 मिनट तक। श्रवण नक्षत्र मध्याह्न 1 बजकर 3 मिनट तक। चंद्रमा अर्धरात्रोत्तर 1 बजकर 35 मिनट तक मकर उपरांत कुंभ राशि पर संचार करेगा। आज के व्रत त्योहार श्री वल्लभ जयंती, गुप्त नवरात्रारंभ।

**सुडोकू**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | | | 8 | | | 2 | 5 |
| 1 | | 5 | 9 | | | 8 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| | | | 7 | | 3 | | 4 | |
| 2 | | | | 6 | | | | 7 |
| | 9 | | 4 | | 1 | | | |
| | 1 | | | | | | 3 | |
| | | 9 | | | 8 | 7 | | 6 |
| 3 | 6 | | | 4 | | | | 1 |

**TELEVISION**



big magic

09:00 बबलू डबलू
10:00 बड्डा बड्डा
11:00 रुद्र के रक्षक
11:30 अलादीन
12:00 चमत्कारी अंगूठा
कृष्णा
13:30 भ से भड़े
14:30 हम पांच
15:00 अकबर बीरबल की रोचक कहानी
16:30 प्यार मोहब्बत हैप्पी लकी
19:30 रुद्र के रक्षक
21:00 चीड़


**देश**

## बेल्ट, चप्पलों से पीटा... दून मेडिकल कॉलेज में रैगिंग, जांच कमिटी बनाई

■ **NBT रिपोर्ट, देहरादून**

**देहरादून के** राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में रैगिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। कॉलेज के एक जूनियर स्टूडेंट ने आरोप लगाया है कि सीनियर स्टूडेंट्स ने उसे बेल्ट और चप्पलों से पीटा। चीफ वॉर्डन ने दो स्टूडेंट्स को हॉस्टल से निकाल दिया है। मामले में स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने जांच के आदेश दिए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा, शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की घटनाएं अनुशासन और व्यवस्था पर सवाल खड़ा करती हैं।

पीड़ित छात्र ने यह शिकायत कॉलेज प्रशासन और चीफ वार्डन को लिखित रूप में दी है। शिकायत में छात्र ने बताया कि 2023 बैच के मोहम्मद शाकिब और 2024 के प्रशांत पंवार ने पहले हॉस्टल में पीटा और फिर कैंपस के बाहर भी हमला करने की कोशिश की। पीड़ित ने आरोप लगाया कि सीनियर्स ने बाल काटने की भी कोशिश की। इस घटना से वह मानसिक रूप से टूट चुका है। दून मेडिकल कॉलेज की प्रिंसिपल, डॉ. गीता जैन, ने बताया है कि इस घटना की जांच के लिए एंटी-रैगिंग कमिटी बनाई गई है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



> मुझे कुछ सीनियर स्टूडेंट्स ने हॉस्टल में बेल्ट और चप्पलों से पीटा। कैंपस के बाहर भी हमला करने की कोशिश की। बाल काटने की भी कोशिश की- पीड़ित स्टूडेंट

## A R रहमान की सफाई- भारत मेरा घर, किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था

### इंटरव्यू में कहा था, सांप्रदायिक वजहों से पिछले 8 साल से काम नहीं

■ **भाषा, नई दिल्ली**

**एआर रहमान** ने हालिया समय में दिए अपने एक बयान को लेकर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि भारत उनका घर है। उनका इरादा किसी को दुख पहुंचाने का नहीं था। ऑस्कर जीतने वाले म्यूजिक कंपोजर रहमान ने BBC को दिए एक इंटरव्यू में कहा था कि उनके पास पिछले 8 साल से बॉलिवुड में काम नहीं है और इसकी वजह सांप्रदायिक कारण हो सकते हैं।

बयान को लेकर सोशल मीडिया पर उनकी आलोचना हुई। रहमान ने एक विडियो पोस्ट कर कहा, 'प्यारे दोस्तों, म्यूजिक हमेशा से मेरे लिए जरिया रहा है किसी कल्चर से जुड़ने, उसका जश्न मनाने और सम्मान करने के लिए। भारत मेरी प्रेरणा है, मेरा टीचर है और मेरा घर है। मेरा इरादा किसी को भी चोट पहुंचाने का नहीं था।



एक इंटरव्यू में दिए बयान के बाद कई लोगों ने आलोचना की थी।

**नकारने से सचाई नहीं बदलती: मुफ्ती**

मुफ्ती ने X पर लिखा, बॉलिवुड हमेशा से 'मिनी इंडिया' रहा है, सामाजिक हकीकत और विविधता को प्रतिबिंबित करता है। ऐसे अनुभवों को नजरअंदाज करने से आज के भारत की सचाई नहीं बदल जाती।' मामले पर जावेद अख्तर की टिप्पणी पर मुफ्ती ने कहा, वे रहमान की चिंताओं को खारिज करके मुसलमानों की वास्तविकताओं का खंडन कर रहे हैं।

CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 19-01-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMKHEL User: cci Time: 01-18-2026 21:57 Color:



## फटाफट खबरें

### 'लग्जरी' कारों पर शुल्क तर्कसंगत हो'

■ भाषा, नई दिल्ली: मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ संतोष अय्यर ने कहा कि आयातित 'लग्जरी' कारों पर सीमा शुल्क को तर्कसंगत बनाने से प्रीमियम खंड में मांग बढ़ेगी, जिससे सरकार का कुल कर राजस्व बढ़ेगा। अपेक्षाओं के बारे में पूछने पर अय्यर ने बताया कि इसके अलावा एक अधिक स्थिर व्यापक आर्थिक नीति और रुपये में गिरावट रोकने के लिए बेहतर राजकोषीय प्रबंधन से मदद मिलेगी।

### PPFAS ने लार्ज कैप फंड लॉन्च किया

■ एनबीटी, मुंबई: PPFAS म्यूचुअल फंड का नया फंड ऑफर (NFO) पराग पारिख लार्ज कैप फंड 19 जनवरी 2026 को खुलेगा और 30 जनवरी 2026 को बंद होगा। यह स्कीम 6 फरवरी 2026 को फिर से खुलेगी। यह स्कीम फंड हाउस की शुरुआत के बाद से सातवीं ऑफरिंग होगी। फंड ने बताया कि यह यह लार्ज-कैप स्टॉक्स में कॉस्ट-इफेक्टिव इन्वेस्टमेंट ऑफर करती है।

### एमवे इंडिया का घाटा बढ़कर 74.25 करोड़

■ एनबीटी, मुंबई: एमवे इंडिया के दस्तावेजों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में उसका कुल घाटा बढ़कर 74.25 करोड़ रुपये हो गया और परिचालन राजस्व 10.56 प्रतिशत घटकर 1,148.16 करोड़ रह गया। कारोबार संबंधी खुफिया जानकारी देने वाले मंच 'टॉफ्लर' से मिले वित्तीय आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 9.2 प्रतिशत घटकर 1,174.85 करोड़ रही।

### ग्लोबल शीर्ष 10 सूची में अदाणी सोलर

■ भाषा, नई दिल्ली: वुड मैकेंजी की 2025 की पहली छमाही की 'वैश्विक सौर मॉड्यूल विनिर्माण सूची' में अदाणी सोलर शामिल है। अदाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) की सौर फोटोवोल्टिक विनिर्माण इकाई अदाणी सोलर को वैश्विक ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन परामर्शदाता ने 'श्रेणी ए' वर्गीकरण दिया गया है। वुड मैकेंजी की इस सूची में कंपनी को 8वां स्थान मिला।

# थम नहीं रहा FPIs की बिकवाली का सिलसिला!

## करेंसी की अस्थिरता व टैरिफ के चलते जनवरी में निकाले 22,530 करोड़

AI Image




■ NBT रिपोर्ट: मुंबई: अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी और डॉलर की मजबूती के बीच विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,530 करोड़ रुपये से अधिक निकाले हैं। यह निकासी 2025 में दर्ज की गई 1.66 लाख करोड़ रुपये की बिकवाली के बाद हुई। ऐसा करेंसी की अस्थिरता, वैश्विक व्यापार तनाव और अमेरिकी शुल्क में बढ़ोतरी की आशंका तथा बाजार के ऊंचे मूल्यांकन के कारण हुआ।

FPIs के लगातार बिकवाली के दबाव ने 2025 के दौरान डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में लगभग पांच प्रतिशत की गिरावट लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार एफपीआई ने एक से 16 जनवरी के बीच भारतीय इक्विटी से 22,530 करोड़ रुपये निकाले। बाजार विशेषज्ञों ने इस निकासी के लिए वैश्विक और घरेलू कारकों को जिम्मेदार ठहराया है।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता भी निवेशकों के मनोबल पर असर डाल रही है। वहीं, घरेलू स्तर पर कुछ सेक्टरों में ऊंची वैल्यूएशन और मिश्रित अर्निंग रिपोर्ट ने विदेशी निवेशकों को लाभ निकालने और पोर्टफोलियो संतुलित करने के लिए प्रेरित किया।

रुपये का लगातार कमजोर होना भी FPIs की बिकवाली को बढ़ावा दे रहा है। 2025 में रुपये लगभग 5% कमजोर हुआ और हाल ही में यह डॉलर के मुकाबले करीब 90.44 पर पहुंच गया। रुपया कमजोर होने से डॉलर में रिटर्न घट रहा है, जिससे निवेशकों का दबाव और बढ़ गया है।

विजयकुमार का कहना है कि जब तक बाजार में सकारात्मक संकेत नहीं मिलते, FPIs की बिकवाली जारी रह सकती है। सेंट्रिसिटी वेल्थटेक के इक्विटी प्रमुख और संस्थापक पार्टनर सचिन जसुजा ने कहा, 'बढ़ते अमेरिकी बॉन्ड यील्ड और मजबूत डॉलर ने विकसित बाजारों में जोखिम समायोजित प्रतिफल में सुधार किया है। ऐसे में उभरते बाजारों से पूंजी निकलकर दूसरे बाजारों की ओर जा रही है।'

### 'कंपनियों के नतीजे तय करेंगे बाजार की चाल'

मुंबई: इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल काफी हद तक कंपनियों के तिमाही नतीजे, वैश्विक रुझानों और विदेशी कोषों की आवाजाही पर निर्भर करेगी। विशेषज्ञों ने कहा कि इसके अलावा निवेशक भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और व्यापार वार्ताओं से जुड़ी किसी भी खबर पर कड़ी नजर रखेंगे। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के अजीत मिश्रा ने कहा, 'सीमित शुरुआत में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक जैसी दिग्गजों के नतीजों पर प्रतिक्रिया देगी। इसके बाद ध्यान विभिन्न क्षेत्रों की कई बड़ी और मझोली कंपनियों के तीसरी तिमाही के नतीजों पर टिक जाएगा।' उन्होंने आगे कहा, 'वैश्विक मोर्चे पर जीडीपी वृद्धि दर, बेरोजगारी के दावों और पीएमआई आंकड़ों सहित अमेरिकी व्यापक आर्थिक आंकड़े जोखिम की भावना और मुद्रा की चाल को प्रभावित करेंगे।

# 'आपने कब खरीदा?' से ज्यादा मायने रखता है 'आपने क्या खरीदा है?'



**विजय पथ**
NBTwealth@timesofindia.com
**विजय केडिया**

■ मुंबई: साल 2025 भारतीय शेयर बाजार के लिए सिर्फ मुनाफे का साल नहीं था, यह समझ और परिपक्वता का साल भी रहा। यह वह साल था जब बाजार ने आम निवेशक से बिना लाग-लपेट के कह दिया कि 'रफ्तार कम रखो और नजर दूर रखो।' साल 2025 की शुरुआत निःसंदेह उम्मीदों से भरी लग रही थी। अर्थव्यवस्था मजबूत दिख रही थी, सरकारी खर्च बढ़ रहा था, इंफ्रास्ट्रक्चर और मैन्युफैक्चरिंग पर जोर था और घरेलू निवेशकों की भागीदारी हर महीने नए रेकॉर्ड बना रही थी। इसी भरोसे में बाजार नई ऊंचाइयों तक पहुंचा और ऐसा लगा कि तेजी का यह दौर लंबा चलेगा। लेकिन जैसे-जैसे साल आगे बढ़ा, बाजार ने अपना असली स्वभाव दिखाया। कहीं तेज गिरावट आई, कहीं अचानक उछाल दिखा और कई बार निवेशक यह समझ ही नहीं पाए कि अगला कदम क्या होना चाहिए। 2025 ने यह साफ कर दिया कि बाजार अब एक-सा रिटर्न देने वाला नहीं रहा। यह वह दौर नहीं है जब 'कुछ भी खरीदो और पैसा बन जाएगा।' यही 2026 के लिए 2025 की सबसे बड़ी सीख रही। जिन निवेशकों ने सिर्फ सुनी-सुनाई बातों, सोशल मीडिया की चर्चाओं या भीड़ के पीछे चलकर निवेश किया, उन्हें अक्सर निराशा हाथ लगी। वहीं, जिन लोगों ने बिजनेस को समझा, बैलेंस शीट देखी, मैनेजमेंट पर भरोसा किया और उतार-चढ़ाव में धैर्य बनाए रखा, बाजार ने अंततः उन्हें सम्मान दिया।

### हर शेयर सस्ता नहीं

अब नजर डालते हैं 2026 पर। 2026 को लेकर उम्मीद जरूर है, लेकिन आंख बंद करके नहीं। भारत की लंबी अवधि की कहानी आज भी मजबूत है। घरेलू खपत बढ़ रही है, इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश जारी है, मैन्युफैक्चरिंग को नई दिशा मिल रही है और देश की युवा आबादी इस विकास की सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। लेकिन इसके साथ एक सच्चाई भी है कि हर शेयर सस्ता नहीं है और हर तेजी टिकाऊ नहीं होती। 2026 में बाजार शायद निवेशकों से एक ही सवाल बार-बार पूछेगा कि 'आपने क्या खरीदा है?', न कि 'आपने कब खरीदा है?' अब सही समय पकड़ने से ज्यादा जरूरी है सही बिजनेस चुनना। अच्छी कंपनी अगर सही कीमत पर खरीदी जाए और उसे समय दिया जाए, तो बाजार की अस्थिरता खुद-ब-खुद छोटी लगने लगती है।

**समय के साथ असली फायदा**

आने वाले साल में आम निवेशक के लिए सबसे जरूरी होगा- कम लेन-देन और ज्यादा धैर्य। कम शोर और ज्यादा समझ। इसी के साथ त्वरित मुनाफे की जगह सही आदतों पर भरोसा। असली फायदा समय के साथ मिलता है, न कि जल्दबाजी में। हर हालात में टिके रहना ही सबसे बड़ी रणनीति है। यही समय का नियम है। ऑटो चलाने वाला जब मुख्यमंत्री बन सकता है, चाय बेचने वाला प्रधानमंत्री बन सकता है, तो बाजार में भी खेल अभी जारी है। कस लो कमर, उठा लो बीड़ा, तैयारी अब तुम्हें ही करनी है।

*(लेखक अग्रणी निवेशक और फाइनेंशियल कोच हैं)*

# केवल 9 महीने में 200% से अधिक चढ़ गई चांदी की कीमत

■ एनबीटी: सोने चांदी का भाव लगातार नए रिकॉर्ड बनाते जा रहे हैं। सोना चांदी जैसे मेटल्स के पक्ष में कई संयोजन बनते जा रहे हैं जिनके कारण कीमतों को मजबूती मिल रही है। पिछले केवल 9 महीने में ही चांदी की कीमतों में लगभग 200% का रिटर्न दिया है। बात करें साल 2025 में अप्रैल महीने में चांदी के भाव की तो महीने के अंत में कीमत 95,917 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई थी। इसके बाद से अब तक यह तेजी जारी है।

क्या जल्द ही 3 लाख रुपये का छुएगा आंकड़ा?

**200% का रिटर्न:** एमसीएक्स पर चांदी की कीमतों में पिछले 9 महीने में लगभग 200% की तेजी देखने को मिली है। पिछले कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन यानी शुक्रवार को चांदी की कीमत MCX पर 2,87,701 रुपये प्रति किलो हो गई। पिछले सप्ताह चांदी की कीमत ने 2,92,900 रुपये से ऊपर पहुंचकर नया हाई रिकॉर्ड बनाया था। तुम्हें यह वृद्धि दर्शाती है कि चांदी की कीमत की डिमांड कहीं ज्यादा बढ़ रही है।

**पूर्वानुमानों को संशोधित कर रहे विश्लेषक**

चांदी की कीमतों में आई यह तेजी देखकर मार्केट के जानकार भी अब अपने पूर्वानुमानों को संशोधित कर रहे हैं। कीमतों में यह तेजी इंडस्ट्रियल डिमांड के बढ़ने और आपूर्ति में कमी के कारण हो रही है। इसके अलावा दुनिया भर के केंद्रीय बैंकों के द्वारा भी सोना चांदी भारी मात्रा में खरीदा जा रहा है जिसके कारण इन मेटल्स को और मजबूती मिल रही है। घरेलू ब्रोकरेज फर्म मोतीलाल ओसवाल ने चांदी की कीमतों को लेकर लगभग 1 साल पहले अनुमान लगाया था की कीमत 110000 रुपये के पार पहुंच जाएगी। लेकिन उनके इस अनुमान से कीमतें लगभग दो गुनी हो गई हैं। अब उन्होंने अपने अनुमान को 300000 रुपये तक बढ़ा दिया है। चांदी की कीमतें लगभग 300000 रुपये के करीब भी आ चुकी है।



**डिमांड नहीं हो पा रही पूरी**

चांदी की कीमतों में वृद्धि के पीछे उद्योगों में हो रहा है इसका व्यापक उपयोग है। पिछले कुछ सालों से विनिर्माण निवेश उद्योगों में चांदी के खपत तो बढ़ी है लेकिन उस स्तर पर सप्लाई नहीं बढ़ पा रही है। मौजूदा सतह भंडार तो खाली हो रहे हैं लेकिन फिर भी मांग ऊंची बनी हुई है। दुनिया भर में बढ़ रहे भू राजनीतिक तनाव भी चांदी की कीमतों में वृद्धि को मजबूती दे रहे हैं।

### बजट में इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए प्रोत्साहन की मांग

■ भाषा, नई दिल्ली: टाटा मोटर्स ने आगामी आम बजट में शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए विशेष प्रोत्साहन और 'पीएम ई-ड्राइव' योजना के तहत वाणिज्यिक परिचालन वाली इलेक्ट्रिक कारों को सहायता देने की मांग की है। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ शैलेश चंद्र ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ बातचीत में कहा कि जीएसटी सुधारों, रेपो दर में कटौती और कर व्यवस्था में बदलाव जैसे सरकारी हस्तक्षेपों ने यात्री वाहन उद्योग में मांग को फिर से बढ़ा दिया है, लेकिन शुरुआती स्तर के इलेक्ट्रिक वाहन अब भी बिक्री के मोर्चे पर चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'मैं यात्री वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन उद्योग को फिर से गति देने के लिए सरकार की सराहना करता हूं। बजट में दो चीजों पर गौर किया जा सकता है। पहला, इलेक्ट्रिक वाहनों के शुरुआती खंड पर काफी दबाव है और दूसरा कि क्या सरकार इस पर कुछ प्रोत्साहन देने पर विचार कर सकती है।'

# मल्टि एसेट फंड बने पर्सनल फाइनेंस प्रफेशनल्स के चहेते!

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: जैसे-जैसे सोना और चांदी रेकॉर्ड तोड़ रहे हैं, न सिर्फ निवेशक मल्टी-एसेट एलोकेशन फंड्स की ओर भाग रहे हैं, बल्कि पर्सनल फाइनेंस प्रफेशनल्स भी अपने क्लाइंट्स को इन्हीं में निवेश की सलाह दे रहे। इतना ही नहीं निवेशकों को बनाए रखने के लिए 60:40 का क्लासिक पोर्टफोलियो मिक्स नहीं, बल्कि 30:30:30:10 वाले मल्टि एसेट मिक्स की सलाह भी दे रहे। इसमें इक्विटी, डेट, कमोडिटी से लेकर अल्टरनेटिव इन्वेस्टमेंट के प्रोडक्ट भी शामिल हैं।

पर्सनल फाइनेंस प्रफेशनल्स पर शुक्रवार को नेटवर्क एफपी द्वारा आयोजित फिनाना समिट में देश भर से आए तकरीबन 82 पर्सेंट पर्सनल फाइनेंस प्रफेशनल्स ने कहा कि जब भी उन्हें क्लाइंट द्वारा 100 पर्सेंट इक्विटी पोर्टफोलियो के लिए कहा जाता है, तो वे मल्टि एसेट के रिटर्न व प्रोटेक्शन को देखते हुए निवेशकों को मल्टि एसेट इन्वेस्टमेंट की सलाह दे रहे।

Centricity के प्रमुख मनु अवस्थी का मानना है कि न तो अच्छा रिटर्न, न ही मल्टि एसेट किसी निवेशक के लिए मुफीद बन सकता है, जब तक कि उस निवेशक की रिस्क प्रोफाइलिंग सही तरीके न की गई हो। निवेशकों को जानकारी ही नहीं दी जाती है कि डेट AIF में भी 12-13 पर्सेंट तक रिटर्न मिल सकता है। इसी तरह इक्विटी AIF, SIF, पीएमएस, डेट, प्राइवेट इक्विटी, प्राइवेट क्रेडिट और सिन्डिकेटेड जैसे कई इन्वेस्टमेंट ऑप्शन्स हैं, जहां निवेशक अपने लक्ष्य पूरे करने के लिए निवेश कर सकते हैं।'

मनु अवस्थी ने बताया कि अनलिस्टेड शेयरों का भी बहुत बड़ा मार्केट है, लेकिन निवेशक को जानकारी फाइनेंस प्रफेशनल्स से नहीं मिल पाती। समय है कि कि निवेशकों को स्ट्रक्चर्ड डेट से लेकर परफॉर्मिंग क्रेडिट जैसे प्रोडक्ट्स बताए जाएं।' वहीं Truvanta वेल्थ के प्रमुख कौशल शाह कहते हैं, 'मल्टि एसेट फ्यूचर है'

### वाहन निर्यात 24% बढ़ा: सियाम

■ एनबीटी, मुंबई: वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के ताजा आंकड़ों के अनुसार विदेशी बाजारों में कारों, दुपहिया वाहनों और वाणिज्यिक वाहनों की मजबूत मांग के कारण 2025 में भारत से वाहन निर्यात 24 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल भारत से कुल निर्यात 24.1 प्रतिशत बढ़कर 63,25,211 इकाई हो गया, जबकि 2024 में यह 50,98,474 इकाई था। इस दौरान यात्री वाहनों का निर्यात 16 प्रतिशत बढ़कर 8,63,233 इकाई रहा, जो 2024 में 7,43,979 इकाई था। उपयोगिता वाहनों का निर्यात पिछले साल सालाना आधार पर 32 प्रतिशत बढ़कर 4,27,219 इकाई रहा। इस दौरान यात्री कारों का निर्यात तीन प्रतिशत बढ़कर 4,25,396 इकाई हो गया।


सियाम ने कहा कि पश्चिम एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका सहित अधिकांश बाजारों में मांग स्थिर रही है। मारुति सुजुकी 2025 में 3.95 लाख इकाइयों का निर्यात करके इस क्षेत्र में सबसे आगे रही। दुपहिया वाहनों का निर्यात 24 प्रतिशत बढ़कर 49,39,706 इकाई रहा, जो 2024 में 39,77,162 इकाई था।

नवभारत टाइम्स

## Enterटेनमेंट masalamix

# 'मेरे काम को लेकर क्रिटिकल है बेटा अयान'

**किसिंग किंग के तौर पर लेबल हुए इमरान हाशमी ने बाद में अपनी विविधतापूर्ण किरदारों से छवि तोड़ दी और खुद को वर्सटाइल एक्टर के रूप में स्थापित कर दिया। इन दिनों वह अपनी सीरीज तस्करी: द स्मगलर्स वेब से चर्चा में हैं। पेश है खास बातचीत:**



इमरान हाशमी

Upma.Singh@timesofindia.com

**Q करियर के शुरुआती दौर में आप किसिंग किंग की तौर पर टाइपकास्ट कर दिए गए थे। मगर आपने उस इमेज को तोड़ा और अपनी वर्सेटिलिटी साबित की। अब बतौर कलाकार आप कितने संतुष्ट हैं?**

मैं बहुत संतुष्ट हूं। पिछले 10-12 सालों में मेरा रास्ता बदल चुका है। इसमें ओटीटी का भी हाथ रहा क्योंकि उसके आने के बाद इंडस्ट्री में एक पूरा 180 डिग्री का शिफ्ट आया है। ऑडियंस का टेस्ट, स्टोरी टेलिंग सब बदली है, जो हम ऐक्टर्स को ये ताकत देती है कि हम अपनी वर्सेटिलिटी दिखा सकें। हालांकि, कुछ स्टार्स सालों तक उसी मोल्ड में वही करैक्टर्स करते रहते हैं लेकिन ये उनकी चॉइस है। मैं हमेशा से अलग-अलग चीजें करना चाहता था। उस शुरुआती दस सालों में, उस टाइपकास्ट के जोन में भी मैंने अलग-अलग वैरिएशन लाने की कोशिश की लेकिन बेसिक करैक्टर वही था तो संतुष्टि नहीं होती है। फिल्में भले चलती हैं लेकिन आपको खुद लगता है कि आप एक ही किरदार बार-बार कर रहे हैं। मतलब नींद में भी कर लें तो फिर मैंने ठान लिया कि वो नहीं करना है। अच्छी बात ये रही कि फिल्ममेकर्स ने भी मुझ पर भरोसा जताया।

आज मेरा फिल्म चुनने का बेंचमार्क यही होता है कि स्क्रिप्ट पढ़ते हुए अगर मुझे थोड़ा डर लगे कि मैं ये कर पाऊंगा या नहीं तो वो एक ग्रीन सिग्नल है कि ये निश्चित तौर पर करना चाहिए। जैसे, पिछली फिल्म हक में बहुत ही जटिल किरदार था। नेगेटिव शेड था पर वह असल में नेगेटिव नहीं है। उसकी परवरिश, उसकी कंडीशनिंग वैसी है। उसे निभाते हुए मुझे बहुत मजा आया क्योंकि वह बहुत कॉम्प्लेक्स किरदार था और मेरे व्यक्तित्व से बिल्कुल उल्टा था और किरदार आपसे जितना अलग होता है, उसके करीब पहुंचने में उतनी मेहनत लगती है। उतना ही मजा आता है।

**Q उस दौर में आपको ये भी मलाल रहता था कि आप बेटे अयान को अपनी फिल्में नहीं दिखा पाते थे। अब वे टीनेजर हैं, अब उनकी आपके सिनेमा को लेकर क्या राय रहती है?**

वह बहुत क्रिटिकल है और मैं इस चीज की हमेशा से कद्र करता हूं कि आपके करीबी, दोस्त आपकी परफॉर्मेंस पर खुलकर राय दे सकें। उन्होंने बैड्स ऑफ बॉलिवुड देखी, चूंकि सेम जो वाला कॉन्टेंट था तो उनको बहुत पसंद आई। उन्होंने हक भी देखी।

**Q बैड्स ऑफ बॉलिवुड में आपका कैमियो खूब वायरल हुआ। आपको लगा था कि वो पसंद किया जाएगा? आपकी क्या प्रतिक्रिया रही?**

मुझे नहीं लगता कि किसी को भी अंदाजा था कि ऐसा होगा। हां, सीन बढ़िया था। वैसे, यह सीन पहले अलग होने वाला था। पहले सीन ये था कि मैं एक प्रीमियर पर हूं और राघव मेरा बड़ा फैन होगा। फिर दो महीने पहले आर्यन और बिलाल ने इसे इंटीमेसी कोच वाला स्पिन दिया। उन्होंने मुझे आइडिया सुनाया जो मुझे बहुत पसंद आया। उन्होंने शाहरुख (खान) सर को भी सुनाया। उन्हें भी अच्छा लगा तो मेरे हिसाब से वो इंटीमेसी कोच वाला एक मास्टर स्ट्रोक था लेकिन वायरल वाली चीज तो बस हो गई। मुझे भी बहुत हैरानी हुई। वैसे मैं इन चीजों से थोड़ा डिटैच रहता हूं। हालांकि, ऐसा नहीं है कि मुझे अच्छा नहीं लगता। मुझे भी खुशी होती है पर मैं सोशल मीडिया पर इतना ऐक्टिव नहीं हूं। मुझे तो प्लैटफॉर्म वालों ने फोन करके बताया कि वो सीन इतना वायरल हो गया है।

हालांकि वह एक मच्योर लव स्टोरी है पर उन्हें वो भी पसंद आई मगर वो मेरे काम को लेकर क्रिटिकल हैं। वो एक नई पीढ़ी से हैं और आज की पीढ़ी के बच्चे बहुत ओपिनियनेटेड हैं। उनकी अपनी राय है। पहले वाली फिल्मों की तो वो बहुत आलोचना करते हैं, क्योंकि वो आज की उस पीढ़ी से हैं, जहां चार साल की उम्र से उनके हाथ में आईपैड था, इंटरनेट था। आज चैट जीपीटी है, जिस पर हर चीज का हल मिल जाता है तो ये बहुत ही ज्यादा स्मार्ट हैं।

**Q आपको भी उन पर गर्व होगा कि उन्होंने फिल्मी लिगेसी के आसान रास्ते के बजाय चेस को चुना है?**

हां, अभी तो वो नॉन फिल्मी हैं। उसने कभी कहा नहीं कि इंडस्ट्री में आना है या फिल्में करनी हैं। वह अपने चेस कॉम्पिटिशन में व्यस्त है। पढ़ाई में ध्यान दे रहा है। वैसे अभी तो सिर्फ 15 साल का है। अभी कॉलेज जाएगा तो अभी क्लैरिटी नहीं है कि आगे क्या करेगा।

**Q अपनी नई सीरीज तस्करी में आप कस्टम ऑफिसर के रूप में खासे नैचरल लगे हैं। इस रोल के लिए किस तरह रिसर्च की?**

सच कहूं तो नीरज पांडे और राघव जयरथ (निर्देशक) की टीम ने कस्टम को लेकर काफी रिसर्च की थी कि किस तरह तस्करी होती है। सारा मटीरियल स्क्रिप्ट में था जो मुझे बड़ा रोचक लगा था। फिर भी मैंने कुछ कस्टम ऑफिसर से बात की। बाकी, मैं सालों से ट्रैवल कर रहा हूं तो दिमाग में बातें चली जाती हैं कि एयरपोर्ट मशीन पर लोग कैसे चेक करते हैं? कन्वेयर बेल्ट पर कैसे ध्यान देते हैं तो इस सबसे भी मदद मिली।

# हमने मुश्किल दौर देखा पर अब तो बहुत सुविधाएं हैं: फरीदा जलाल

सीनियर ऐक्ट्रेस फरीदा जलाल इन दिनों सुर्खियों में हैं। अब यहीं की शिफ्ट को लेकर चल रही बहस ने उन्हें भी प्रतिक्रिया देने पर मजबूर कर दिया। अब एक हालिया साक्षात्कार में उन्होंने अपने दौर की कठिनाइयों और आज की इंडस्ट्री के बदले हुए परिवेश पर बात की। उन्होंने कहा, 'हमारे वक्त में लंबे और थकाने वाले घंटों में काम करना कोई बड़ी बात नहीं होती थी। आउटडोर शूट के दौरान न वैनिटी वैन होती थी, न बुनियादी सुविधाएं। महिला कलाकार होने के नाते मुझे अपनी मां के साथ कई मुश्किल हालातों का सामना करना पड़ता था।' फरीदा जलाल ने कहा, 'आज के कलाकारों को मिलने वाली सुविधाएं पहले की तुलना में बहुत अधिक हैं। उन्हें सुविधाओं का इतना अभ्यस्त बना दिया गया है कि मेहनत की असली परिभाषा कहीं पीछे छूट रही है। पहले ऐक्टिंग का पेशा चुनने से पहले दस बार सोचना पड़ता था क्योंकि कठिनाइयां बहुत कहीं ज्यादा थीं। बावजूद इसके, मुझे ऐक्टिंग बेहद प्रिय थी। अपने जुनून की वजह से मैंने इस पेशे में कदम रखा और टिकी रही।'



**पहले ऐक्टिंग का पेशा चुनने से पहले दस बार सोचना पड़ता था क्योंकि कठिनाइयां बहुत ज्यादा थीं।**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड
दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई-400020
निविदा अधिसूचना सं.: एमआरवीसी/ई/पीई/03/2026
दिनांक 16.01.2026
मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा IDA E1 स्केल में "परियोजना अभियंता (सिविल / इलेक्ट्रिकल)" को संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। मेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10.02.2026 है। अधिक जानकारी वेबसाइट https://mrvc.indianrailways.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।

बृहन्मुंबई महानगरपालिका
बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक - २०२५-२०२६
जाहीर सूचना
माननीय राज्य निवडणूक आयोग, महाराष्ट्र राज्य यांचेकडून बृहन्मुंबई महानगरपालिका सार्वत्रिक निवडणूक - २०२५-२६ करिता दिनांक १५ डिसेंबर, २०२५ रोजी जाहिर करण्यात आलेल्या निवडणुकीच्या कालबध्द कार्यक्रमानुसार, दिनांक १५ जानेवारी, २०२६ रोजी बृहन्मुंबई महानगरपालिकेच्या सर्व १ ते २२७ निवडणूक प्रभागांकरीता मतदानाची प्रक्रिया पार पडलेले असून दिनांक १६ जानेवारी, २०२६ रोजी सर्व निवडणूक प्रभागांकरीता मतमोजणीअंती मतमोजणीचा निकाल जाहिर केलेला आहे. त्यानुसार बृहन्मुंबई महानगरपालिकेच्या सर्व १ ते २२७ निवडणूक प्रभागांकरिता निवडून आलेल्या उमेदवारांची नावे, त्यांचा पक्ष आणि त्यांनी मिळवलेली वैध मते याची अधिसूचना दिनांक १९ जानेवारी, २०२६ रोजी शासन राजपत्र प्रसिध्द करण्यात येत आहे.
सही/-
दिनांक - १६ जानेवारी, २०२६
भूषण गगराणी
PRO/2675/ADV/2025-26
आयुक्त, बृहन्मुंबई महानगरपालिका

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in